* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 124

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अधिवेशन से पहले इडी के छापे, कोयला घोटाले में आठ नेताओं पर कार्रवाई

संघर्ष : पंचायत सचिवालय सेवक कर्मी मांगों को लेकर सड़क पर

कर्मियों और पुलिस के बीच झड़प, लाठी चार्ज, कई घायल

- राजभवन के सामने मांगों को लेकर सुबह से धरना पर थे बैठे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजभवन के समक्ष प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के कर्मियों और पुलिस के बीच सोमवार शाम झड़प हो गयी। इस झड़प के दौरान पुलिस ने कर्मियों पर लाठीचार्ज किया। इसमें लगभग आधा दर्जन से अधिक कर्मी घायल हो गये। प्रदर्शन कर रही कई महिलाओं पर भी पुलिस का डंडा चला है। कई महिलाएं भी चोटिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। लाठीचार्ज के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी।

ये हैं मांगें

- प्रोत्साहन राशि को हटा कर मानदेय दिया जाये।
- पंचायत स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जाये।
- नियुक्ति को 60 साल तक के लिए किया जाये।

सुबह से घरने पर बैठे थे कर्मी : प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यभर के पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के कर्मी सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए जा रहे थे। उन्होंने मोरहाबादी मैदान से पदयात्रा शुरू की। पुलिस ने इन्हें राजभवन के पास रास्ते में ही रोक दिया। इसके बाद ये सभी वहीं घरना पर बैठ गये। प्रदर्शनकारी शाम के बाद भी धरना-प्रदर्शन जारी रखना चाह रहे थे। पुलिस उन्हें वापस जाने को कह रही थी। इसी बात को लेकर कर्मी और पुलिस के बीच तकरार बढ़ी। जिसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया।

सरकार पर बरसे कर्मी : इससे पहले प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि हमारी मांग को सरकार नहीं सुन रही है। पंचायत में काम करने वाले सभी स्थानीय हैं। मांगों को पूरा करने के लिए लिखित रूप से आवेदन दिये। सरकार केवल हमलोगों को ठगने का काम कर रही है। जब से सरकार बनी है, तब से हमारी मांग को नजर अंदाज कर रही है।

सीएम के निर्देश पर 16 लोगों को मिला वनपट्टा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर वनाधिकार कानून 2006 के तहत 16 अनुसूचित जनजाति के दावेदारों को 6.43 एकड़ वन पट्टा निर्गत करने की अनुशंसा की गयी। मुख्यमंत्री के बीते साल दिसंबर में गोड्डा प्रवास के दौरान लोगों ने वनपट्टा देने संबंधित आग्रह पत्र सौंपा था। मुख्यमंत्री ने इस आग्रह पत्र पर अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद वन पट्टा देने की अनुसंशा की गयी है।

क्या है मामला : जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री गोड्डा प्रवास में थे। इस क्रम में बोआरीजोर प्रखंड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर ग्राम की वनाधिकार समिति द्वारा उक्त ग्राम के अनुसूचित जनजाति समुदाय के आवेदकों के लंबित वनाधिकार दावों का त्वरित निष्पादन कर वन पट्टा निर्गत करने संबंधी ज्ञापन बोआरीजोर प्रखण्ड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर ग्राम निवासी बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को सौंपा था। वनाधिकार समिति के माध्यम से आवेदकों द्वारा बताया गया कि वे लोग प्रसंगाधीन वनभूमि पर साफ सफाई कर वर्षों से जोत आबाद करते आ रहे हैं। अतः अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वनाधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के तहत उन्हें वन पट्टा निर्गत किया जाय।

मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का दिया था आदेश : इस ज्ञापन के आलोक में मुख्यमंत्री द्वारा उपायुक्त, गोड्डा को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवेदकों को वन पट्टा निर्गत किये जाने का निर्देश दिया गया था। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वनाधिकार कानून 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत जिला अनुमंडल एवं ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति से संबद्ध पदाधिकारियों को अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। तदनुसार तुलसीपुर ग्राम डुमरिया पंचायत, बोआरीजोर प्रखंड के कुल 16 आवेदकों के द्वारा अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वनाधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के तहत वनभूमि के अधिकारों के लिये विहित प्रपत्र में किये गये। उनके दावों की जांच के बाद वन पट्टा देने का निर्देश दिया गया।

जस्टिस संजय मिश्र बने झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल ने दिलायी शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को राजभवन के बिरसा मंडप में झारखंड के नवनियुक्त चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके साथ ही वे झारखंड के 14वें चीफ जस्टिस बन गये। इससे पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस की नियुक्ति संबंधी वारंट को हिंदी और अंग्रेजी में पढ़कर सुनाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, झारखंड हाइकोर्ट के सभी जज, महाधिवक्ता राजीव रंजन, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, महुआ माजी समेत कई अधिवक्ता और राज्य सरकार के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

जस्टिस संजय मिश्रा के पिता का नाम मारकंडा मिश्रा और माता का नाम ज्योतिर्मयी मिश्रा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा टिकरा अपर प्राइमरी स्कूल में की है। वर्ष 1977 में पृथ्वीराज हाई स्कूल, बोलांगीर से हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण की। 1982 में बोलनगीर के राजेंद्र कॉलेज से बीकॉम (ऑनर्स), एमकॉम 1984 में दिल्ली विश्वविद्यालय और एलएलबी की पढ़ाई 1987 में विधि संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की।

सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को झारखंड हाइकोर्ट का नया चीफ जस्टिस बनाये जाने की अधिसूचना बीते शुक्रवार को जारी की गयी थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर 2022 को जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए केंद्र सरकार से की थी। झारखंड हाइकोर्ट में 20 दिसंबर से चीफ जस्टिस का पद रिक्त था।

गरीबों-पिछड़ों को न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता : चीफ जस्टिस

रांची। पद और गोपनीयता की शपथ लेने के के बाद चीफ जस्टिस संजय मिश्र मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि पुराने मामलों का निष्पादन और त्वरित सुनवाई पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। उनकी प्राथमिकता गरीबों और पिछड़ों को न्याय दिलाना होगा। शपथ लेने के बाद उन्होंने झारखंड को अपनी मातृभूमि बताते हुए कहा कि पारदर्शी न्याय के लिए न्यायपालिका कठिन परिश्रम कर रही है।

एनपीएस का पैसा राज्यों को नहीं मिलेगा: निर्मला सीतारमण

- राजस्थान के साथ झारखंड को भी झटका

आजाद सिपाही संवाददाता

जयपुर/रांची। राजस्थान सरकार को न्यू पेंशन स्कीम्स का केंद्र के ट्रस्ट में जमा 45 हजार करोड़ रुपये नहीं मिलेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस का पैसा राज्य सरकारों को देने से साफ इनकार कर दिया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि कोई राज्य अगर किसी कारण से यह डिसीजन लेता है कि एनपीएस का फंड है वो इकट्ठा दे देना चाहिए तो वह नहीं मिलेगा। सीतारमण के इस बयान से राजस्थान सरकार की ओल्ड पेंशन स्कीम को धक्का लगा है। झारखंड को भी इस बयान के बाद सोचना होगा, क्योंकि झारखंड में भी हेमंत सरकार ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किया है।

सीतारमण ने कहा कि वह कर्मचारी का पैसा है। ब्याज कमा रहा है। वह पैसा रिटायरमेंट के समय कर्मचारी के हाथ में आएगा। इकट्ठा पैसा राज्य सरकार के हाथ नहीं आएगा, यह असंभव है। जब सही समय आएगा, तभी यह पैसा कर्मचारी को दिया जाएगा। निर्मला सीतारमण सोमवार को जयपुर के एक होटल में बजट चर्चा के बाद मीडिया से बातचीत कर रहीं थीं।

सीतारमण ने कहा कि जब सरकार की वित्तीय हालात ठीक हो तो ऐसी स्कीम चलाएं, उनका पैसा आपके पास हो तभी लाएं। आप बजट में उनके लिए प्रावधान करें। अगर आपके राज्य के वित्तीय हालात ठीक नहीं है, आप बजट में भी प्रावधान नहीं कर रहे हो, उसके लिए कर्ज ले रहे हो, यह ठीक नहीं है। फिर उसका पैसा कौन देगा? वित्त सचिव ने कि राज्य कर्ज के पैसे से फ्री की स्कीम्स नहीं चलाएं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,900 रु./10 ग्राम
चांदी 70,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in

राहुल को 2024 के लिए बनाना होगा 'मास्टर प्लान'

■ सबसे पहले तो 'भारत जोड़ो यात्रा' की खुमारी से बाहर निकलना होगा

■ पार्टी के रायपुर महाधिवेशन के बाद दूसरी चुनौतियां भी होंगी सामने

आजाद सिपाही विशेष

'भारत जोड़ो यात्रा' की 'कपोल-कल्पित सफलता' की खुमारी में डूब-उतरा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजनीतिक कौशल के इम्तिहान की घड़ी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वह खुद को रहस्यमय ढंग से एकाकी रूप में ढालते जा रहे हैं। 'भारत जोड़ो यात्रा' की खुमारी उन पर ऐसी छायी है कि वह यह भूल गये हैं कि यह कांग्रेस का पतझड़ काल चल रहा है। राहुल की इस सोच से कांग्रेस का 2024 के लोकसभा चुनाव जीतना मुश्किल ही नहीं, असंभव लग रहा है। राहुल को अब समझना होगा कि यदि उनकी पार्टी आम चुनावों में सबसे बड़े दल के रूप में भी उभरना चाहती है, तो भी उन्हें पहाड़-सी चुनौतियों से पार पाना होगा। 2024 के आम चुनाव से पहले इस साल होनेवाले पांच राज्यों के चुनाव उनके लिए सबसे कठिन इम्तिहान लेंगे। राजस्थान में पार्टी की अंदरूनी हालत और छत्तीसगढ़ में इसी सप्ताह आयोजित होनेवाले पार्टी महाधिवेशन के दो परस्पर विरोधी ध्रुवों में कांग्रेस के युवराज संतुलन कैसे स्थापित कर पाते हैं, यह देखनेवाली बात हो सकती है। पार्टी के गांधी-नेहरू परिवार से बाहर का अध्यक्ष देकर कांग्रेस ने आंतरिक लोकतंत्र के प्रति जो 'आभासी प्रतिबद्धता' दिखायी है, मल्लिकार्जुन खड़गे की अब तक की पारी ने उस पर धूल ही चढ़ायी है। राहुल के लिए इस धूल को साफ करना भी जरूरी होगा। इसके अलावा उनके सामने कांग्रेस की भ्रष्टाचार, वंशवाद, हिंदू-विरोधी नकारात्मक छवि को बदलने की चुनौती भी है। हालांकि राहुल के नेतृत्व में भद्रता, विनम्रता और संवेदना तो झलकती है, लेकिन नजरिये की व्यापकता नहीं। ऐसे में राहुल गांधी कांग्रेस को कौन सी दिशा देंगे, यह गंभीर सवाल है। उन्हें अब जरूरत ऐसा 'मास्टर प्लान' बनाने की है, जो उन्हें और कांग्रेस के लिए 2024 का लांच पैड साबित हो सके। इसके लिए जरूरी है कि राहुल 'भारत जोड़ो यात्रा' की खुमारी से बाहर निकलें। राहुल गांधी के सामने इन चुनौतियों की सूची पेश कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

'मुझे नफरत फैलाना नहीं आता, मैं प्यार बांटता हूं। इस देश को प्यार की जरूरत है, एक-दूसरे के साथ की जरूरत है। धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों से बचने की जरूरत है।' ये सभी बातें पिछले कुछ महीनों में एक नेता ने पैदल यात्रा कर बार-बार कहीं। देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर कहीं। लेकिन इससे कितना फायदा हुआ, क्या किसी के जीवन में इन बातों का असर पड़ा भी? या फिर बस ये एक छवि चमकाने वाला बड़ा इवेंट था, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साढ़े तीन हजार किलोमीटर का पैदल सफर तय किया। 'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल गांधी ने खुद का और कांग्रेस पार्टी का कितना भला किया और आगे भी इसी तरह की यात्रा उन्हें करनी चाहिए या नहीं, इस सवाल का जवाब तलाश करना बहुत जरूरी है। इसका एक ही जवाब हो सकता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी को अब 'भारत जोड़ो यात्रा' को भूल जाना चाहिए और चुनाव के लिए एक मास्टर प्लान बनाना चाहिए।

क्यों भूल जाना चाहिए 'भारत जोड़ो यात्रा'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साढ़े तीन हजार किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' पूरी कर ली है और अब वह एक बार फिर से मुख्यधारा की राजनीति में वापसी कर चुके हैं। लोकसभा में उन्होंने अडाणी के मुद्दे पर मोदी सरकार पर खूब शब्दों के बाण चलाये। काफी हद तक सरकार को घेरा भी। उनके भाषण में बार-बार 'भारत जोड़ो यात्रा' की खुमारी झलकी। लेकिन जब संसद में पीएम मोदी बोलने आये, तो एक बार में ही सारा हिसाब बराबर कर गये। राहुल गांधी को अब समझना होगा कि पीएम मोदी से सीधी टक्कर लेनी है तो प्यार, नफरत या पीएम मोदी पर सीधे हमले, ये बातें छोड़कर ठोस मुद्दों की बात करनी होगी। राहुल गांधी का राजनीतिक करियर करीब 20 साल का हो गया है, लेकिन इस 20 साल के पूरे कार्यकाल को देखें, तो एक भी ठोस बात नजर नहीं आती। कोई ऐसा मुद्दा नजर नहीं आता, जिसमें वाकई राहुल गांधी ने सरकार को बैकफुट पर ला खड़ा कर दिया हो। इसकी बड़ी वजह है राहुल का मुद्दों से हट जाना और बार-बार सिर्फ और सिर्फ मोदी, मोदी कहना।

2024 के लिए मोदी-मोदी नहीं, मुद्दों पर करनी होगी बात

ऐसा नहीं है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल गांधी को कुछ हासिल नहीं हुआ। हासिल हुआ है, जरूर हुआ है और वह यह है कि राहुल गांधी की छवि एक गंभीर और हृष्ट-पुष्ट नेता के रूप में उभरी है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश भी फूंका गया है। लेकिन पीएम मोदी और भाजपा के खिलाफ जंग लड़ने के लिए इतने से काम नहीं चलेगा। राहुल गांधी को उन मुद्दों पर फोकस करना होगा, जो सीधा आम आदमी को प्रभावित करते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद तीन मुद्दे ऐसे थे, जिन पर जनता का सबसे ज्यादा ध्यान था और उसने सबसे ज्यादा वोट उसी पर किया भी है। कई सर्वे में भी यह बात दिखायी गयी है कि लोगों के लिए क्या अहम है, चुनाव में किसे लेकर वोट करते हैं। सर्वे में सामने आया है कि 11.3 प्रतिशत लोगों ने बेरोजगारी और नौकरियां न होने के मुद्दे पर वोट किया। चार प्रतिशत लोगों ने महंगाई पर वोट किया, तो 14.3 प्रतिशत लोगों ने विकास को चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा माना। 2024 का चुनाव अगर राहुल गांधी, मोदी-मोदी किये बिना आम आदमी के मुद्दों पर लड़ते हैं, तो जरूर उन्हें इसका बड़ा फायदा मिल सकता है। साथ ही साथ पार्टी को भी उन्हें संदेश देना होगा कि मोदी पर फोकस मत करो, जनता के मुद्दों पर फोकस करो।

विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा बने रहने के लिए भी लड़नी है लड़ाई

राहुल गांधी के लिए अब सिर्फ मोदी या भाजपा से लड़ना ही एकमात्र चैलेंज नहीं रह गया है। उन्हें अब विपक्ष का सबसे बड़ा नेता बने रहने के लिए भी संघर्ष करना होगा। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने तो इस बाबत खुले मंच से अपनी बात रख दी है। विपक्षी एकता के रास्ते में रोड़ा बने बाकी नेताओं से बात करने की जिम्मेदारी अब राहुल गांधी को ही उठानी होगी। अगस्त, 2022 के मूड ऑफ द नेशन सर्वे में 53 प्रतिशत देशवासियों ने कहा था कि वे पीएम मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं, जबकि नौ प्रतिशत लोगों ने राहुल गांधी का साथ दिया था और सात प्रतिशत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का। लेकिन कुछ समय बाद ही राहुल गांधी का ग्राफ नीचे चला गया और केजरीवाल विपक्ष के सबसे काबिल नेता के रूप में सामने आते दिखे। मूड ऑफ द नेशन के मुताबिक जनवरी 2021 में 11 प्रतिशत लोगों का मानना था कि विपक्ष का नेतृत्व राहुल गांधी को करना चाहिए, जबकि 16 प्रतिशत लोगों का साथ केजरीवाल को मिला था और 17 प्रतिशत ममता बनर्जी को। 2022 के अगस्त में राहुल को 13 प्रतिशत, ममता बनर्जी को 20 प्रतिशत केजरीवाल को 27 प्रतिशत लोगों ने विपक्ष का सबसे बड़ा नेता बताया। ऐसे ही जनवरी 2023 में विपक्ष को लीड करने के लिए सिर्फ 13 प्रतिशत ने राहुल गांधी का हाथ थामा, तो 24 प्रतिशत ने केजरीवाल और 20 प्रतिशत ने ममता बनर्जी का। ये आंकड़े साफ दिखाते हैं कि राहुल गांधी को अब नये प्लान के बारे में सोचना होगा। कांग्रेस के लिए मास्टर प्लान बनाना होगा और वह भी सिर्फ और सिर्फ मुद्दों पर आधारित।

बालू लदे ट्रैक्टर को छोड़ने का मामला

माइनिंग अफसर और डीएफओ को सशरीर उपस्थित होने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बालू लदे ट्रैक्टर को छोड़ने के एक मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने 28 फरवरी को सुबह 10:30 बजे डीएफओ, हजारीबाग एवं माइनिंग ऑफिसर, हजारीबाग को हाइकोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट में हुई। इस संदर्भ में मोहम्मद हाशिम अंसारी ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

दरअसल, वर्ष 2017 में हजारीबाग में हाशिम अंसारी समेत 4 लोगों के बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया था। जिसे लेकर एक केस भी रजिस्टर हुआ था। इसी को लेकर मोहम्मद रोउफ एवं प्रार्थी मोहम्मद हाशिम अंसारी दोनों ने अलग-अलग रिवीजन याचिका हाइकोर्ट में दाखिल की थी। जिस पर मोहम्मद रोउफ के मामले में हाइकोर्ट ने सुनवाई करते हुए डीएफओ, हजारीबाग को कहा था कि अगर प्रार्थी के ट्रैक्टर जब्ती मामले में प्रोसीडिंग शुरू नहीं हुआ है तो इस पर आर्डर पास किया जाये। इसके बाद के

मोहम्मद रोउफ के ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया था। दूसरी ओर हाशिम अंसारी के मामले में कहा गया कि इनके ट्रैक्टर की जब्ती प्रोसीडिंग 2018 में चालू हो गयी थी और इनके ट्रैक्टर को नहीं छोड़ा गया।

प्रार्थी हाशिम अंसारी की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने पैरवी करते हुए कहा कि एक आदमी के जब्त ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया और वहीं दूसरे व्यक्ति के ट्रैक्टर को क्यों नहीं छोड़ा गया। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए डीएफओ, हजारीबाग और माइनिंग ऑफिसर, हजारीबाग से पूछा है कि 5 साल से ज्यादा समय तक इस मैटर को लेकर वे बैठे हुए हैं, एक्शन क्यों नहीं लिया गया। एक आदमी के ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया और दूसरे आदमी के ट्रैक्टर को नहीं छोड़ा गया, इसे स्पष्ट करें।

यौन शोषण मामला: पीड़ित महिला को हाइकोर्ट में जवाब दाखिल करने का निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट में सोमवार को महिला के साथ यौन शोषण मामले में आरोपित पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिव्यू की सुनवाई हुई। कोर्ट ने सूचक (पीड़िता) को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा दो अप्रैल 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किये जाने को हाइकोर्ट में चुनौती दी है। पीड़िता ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज करायी थी। इस मामले में 28 सितंबर 2019 को प्रदीप यादव को झारखंड हाइकोर्ट से बेल मिली है।

सिमडेगा में नाबालिग लड़की से तीन लड़कों ने किया गैंगरेप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक दर्दनाक खबर झारखंड के सिमडेगा जिले ये आ रही है। यहां एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि नाबालिग के साथ तीन दरिंदों ने जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया।

लड़की द्वारा विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट भी की गयी। आरोपियों ने नाबालिग को जान से मारने की कोशिश भी की। इस घटना को अंजाम देकर तीनों आरोपी फरार हो गये। फिलहाल पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा आरोपियों की तलाश जारी है। बतातें चलें कि ये मामला ठेठईटांगर प्रखंड के रेंगाडीह थाना क्षेत्र का है। यहां की रहने वाली नाबालिग लड़की शुक्रवार की शाम शौच करने के लिए घर से दूर नदी के तरफ गयी

पीड़िता की हालत गंभीर, पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं दरिंदे

थी। तभी पहले से घात लगाकर बैठे तीन दरिंदे पहुंचे और जबरन किशोरी को घसीटकर जंगल की ओर ले गये। इसके बाद तीनों युवकों ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता संघर्ष करती रही, इतना ही नहीं नाबालिग के विरोध पर उसके साथ जमकर मारपीट भी की।

घटना को अंजाम देने के बाद नाबालिग को गंभीर अवस्था में छोड़कर फरार हो गये। इसके बाद काफी देर तक जब नाबालिग घर नहीं लौटी तो उसके परिजन उसकी खोजबीन में निकले। इसी दौरान नाबालिग ने अपनी बड़ी बहन को फोन कर अपने साथ हुए आपबीती की जानकारी दी। इसके बाद परिजन पीड़िता को गंभीर हालत में घर लेकर पहुंचे और घर पहुंचते ही वह बेहोश हो गयी। इसके बाद गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने पर पीड़िता ने अपने परिजनों को बताया कि तीनों दरिंदों के चेहरे रुमाल और अन्य कपड़ों से ढके हुए थे।

तीनों आरोपियों ने दुष्कर्म के बाद उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसके गले को दबाकर उसकी हत्या करने के प्रयास भी किया था। वहीं इस घटना की जानकारी परिजनों ने ही महिला थाना और रेंगाडीह थाना की पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीनों आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार संभावित जगहों पर छापेमारी की। फिलहाल, पुलिस की गिरफ्त से तीनों दरिंदे बाहर हैं।

सरकारी स्कूलों का परीक्षा कैलेंडर जारी

रांची। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की निदेशक ने राज्य के सरकारी स्कूरलों की परीक्षा का कैलेंडर जारी कर दिया है। उन्होंने सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने आदेश में लिखा है कि राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सभी कोटि के विद्यालयों सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित), प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं मॉडल स्कूल सहित में कक्षा एक से सात की वार्षिक परीक्षा -2023/ योगात्मक मूल्यांकन-2 के लिए परीक्षा कैलेंडर निर्धारित किया गया है। इसमें 80 उत्कृष्ट विद्यालय शामिल नहीं हैं। निदेशक ने लिखा है कि कैलेंडर के अनुसार वार्षिक परीक्षा-2023 के सफल संचालन के निमित्त पाठ्यक्रम के पूर्णता और पुनरावृति करते हुए निर्धारित समय पर बिना किसी व्यवधान के परीक्षा संचालन सुनिश्चित की जाये।

रिम्स में फिर इंटरनेट सेवा ठप, रजिस्ट्रेशन बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स में अव्यवस्था कोई नयी बात नहीं है। लाख कोशिशों के बाद भी व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पा रही है। कुछ ऐसा ही इंटरनेट सर्विस के साथ भी है। आये दिन लगातार रिम्स में इंटरनेट की सेवा ठप हो जा रही है। सोमवार को भी दिन में 12:30 बजे से इंटरनेट ठप हो गया। उसके बाद मरीजों के रजिस्ट्रेशन से लेकर जांच पर्ची काटने का काम बंद हो गया। इसके बाद मरीजों के परिजनों ने कैश काउंटर के बाहर काफी हंगामा किया। बताते चलें कि 4 दिन पहले भी रिम्स में सुबह इंटरनेट सेवा ठप हो गयी थी, जिससे कि मरीजों का रजिस्ट्रेशन तक नहीं हो पाया था। हॉस्पिटल में इलाज के लिए हर दिन 2,000 से अधिक मरीज ओपीडी में आते हैं। वहीं इंडोर में भी हर वक्त 15 सौ से अधिक मरीज एडमिट रहते हैं। इमरजेंसी में भी 400 से अधिक मरीज इलाज के लिये आते हैं। यह देखते हुए इमरजेंसी के रजिस्ट्रेशन काउंटर को स्टाफ ने चालू रखा। अपने मोबाइल के इंटरनेट से कनेक्ट कर मरीजों का रजिस्ट्रेशन जारी रखा ताकि मरीजों को इलाज के लिए इंतजार ना करना पड़े।

जुल्म की शिकार : सिमडेगा की आदिवासी बेटियां बचायी गयीं

मानव तस्करी की शिकार पांच बच्चियां दिल्ली से रेस्क्यू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सिमडेगा से मानव तस्करों के द्वारा बहला फुसलाकर दिल्ली में बेची गयी जिले की पांच नाबालिग आदिवासी बच्चियों को सिमडेगा पुलिस ने रेस्क्यू कर रविवार को सिमडेगा लाये। यहां उन्होंने अपने ऊपर हुई जुल्म की एक-एक कहानी बतायी। सभी बच्चियों को जिला प्रशासन ने संरक्षण दिया है। बता दें विगत 9 फरवरी को सिमडेगा की एक बेटी का गुरुग्राम में एक दंपति द्वारा प्रताड़ना का मामला प्रकाश में आया था। उस वक्त ये मामला सोशल मीडिया के माध्यम से झारखंड की सीएम हेमंत सोरेन तक पंहुचा था। सीएम को जानकारी मिली थी कि सिमडेगा की एक नाबालिग बच्ची को मानव तस्कर ले जाकर घरेलू काम के लिए गुरुग्राम में एक दंपति को सौंप दिये थे। जहां उसके साथ मनीष और कमलजीत कौर नामक दंपति द्वारा जानवरों जैसा सलूक किया

गया था। वहां उस दंपति ने सिमडेगा की इस बच्ची की लाठी डंडे और गर्म चिमटे से पिटाई की थी। जिससे बच्ची की हालत बहुत बदतर हो गयी थी। सीएम हेमंत सोरेन ने इस मामले में तुरंत एक्शन लिया और पुलिस को आदेश दिया कि झारखंड की बेटी के साथ अमानवीय व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। वहीं सीएम ने डीसी सिमडेगा और झारखंड पुलिस को मामले में एफआइआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने के साथ-साथ बच्ची को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने व बच्ची को सकुशल घर वापस लाने और उसे शिक्षा तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए सूचित करने का भी आदेश दिया था। सीएम के आदेश के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर एचटीयू पुलिस सिमडेगा दिल्ली जाकर उस बच्ची को सिमडेगा वापस लाने की कवायद करने लगी थी। दिल्ली में मानव तस्करी के खिलाफ काम करने वाली संस्था शक्ति वाहिनी की मदद से सिमडेगा पुलिस ने ना केवल गुरुग्राम में प्रताड़ित बच्ची बल्कि सिमडेगा की चार और नाबालिग बच्ची जो मानव तस्करी की शिकार होकर दिल्ली की अंधेरी गलियों में जुल्म सह रही थीं उन्हें भी रेस्क्यू किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.2 °c	15.6 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.47 बजे
सूर्योदय (कल) :		06.19 बजे

जेएसएसपीएस के एकलव्य हॉस्टल में अधिकारियों संग हुई अभिभावक और कैडेट्स की मीटिंग

नहीं निकला कोई नतीजा, उच्च स्तरीय जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेएसएसपीएस के कैडेट अंजलि उरांव मौत का मामला तूल पकड़ चुका है। मामले को लेकर जेएसएसपीएस के एकलव्य छात्रावास में बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ जेएसएसपीएस के अधिकारियों की एक बैठक हुई, मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया।

इस दौरान खिलाड़ियों ने अपने साथी खिलाड़ी अंजलि के फोटो पर फूल माला अर्पित किया। जेएसएसपीएस की कैडेट अंजलि उरांव के निधन से जेएसएसपीएस के तमाम प्रशिक्षु खिलाड़ी काफी मर्माहत हैं। इससे आक्रोशित जेएसएसपीएस के बालक और बालिका कैडेट देर रात तक सड़कों पर डटे रहे। ताकि अंजलि को न्याय मिल सके, दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

मामले को लेकर सोमवार को जेएसएसपीएस के एकलव्य हॉस्टल में सीइओ जीएस राठौर और अन्य अधिकारियों के साथ तमाम बालक-बालिका केडेट्स और कई खिलाड़ियों के पेरेंट्स की मौजूदगी में एक मीटिंग के दौरान भी खिलाड़ी काफी आक्रोशित दिखे, खिलाड़ी लगातार आवासीय सेंटर में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हो, उन्हें

बेहतर शिक्षा मिले और अन्य सुविधाएं बहाल हो, इन तमाम मांगों को लेकर अडिग दिखे। अंजली की मौत मामले की उच्चस्तरीय जांच हो इसकी मांग रखी गयी है। गौरतलब है कि अधिकारियों के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा हो रही थी कि एक सप्ताह के लिए फिलहाल हॉस्टल में अवकाश घोषित किया जाये। हालांकि इस पर कोई ठोस सहमति नहीं बन पायी है।

5 सदस्यीय जांच कमेटी गठित

इधर खेल निदेशालय ने 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। ताकि पूरे मामले की त्वरित जांच हो। जेएसएसपीएस हॉस्टल पहुंचे अभिभावकों की मानें तो इन खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा की जरूरत है, तब जाकर यह देश के लिए मेडल जीत सकते हैं। अब इस घटना के बाद मन में डर समा गया है, यहां उनके बच्चों को सुरक्षित रखा जा रहा है कि नहीं इसे लेकर भी मन सशंकित है। इसी दौरान अंजली की बड़ी बहन किरण उरांव ने उनके भाई को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। उनकी मानें तो अंजलि पर पूरा परिवार को भरोसा था कि वह एक दिन परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर करेगी और राज्य के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन करेगी। लेकिन असमय अंजलि की मौत हो गयी। परिवार के लिए यह समय सबसे कठिन है फिलहाल मौत के कारणों का पता चलना ज्यादा जरूरी है।

रामगढ़ उपचुनाव : कुजू में भाजपा नगर परिषद का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

सीएम दिखा रहे मुंगेरीलाल का सपना, जनता करेगी एनडीए को वोट : दीपक प्रकाश

अमरजीत कुमार

कुजू (आजाद सिपाही)। रांचीरोड स्थित ओम पैलेस में भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी की अगुवाई में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद उपाध्यक्ष संजय शाह ने की। आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, नगर परिषद चुनाव प्रभारी सह कांके विधायक समरी लाल, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता सीमा सुरक्षा बल के तौर पर सीमा की सुरक्षा में डटे रहें। घुसपैठियों को भगाने के लिए हमेशा तैयार रहने की जरूरत है। रामगढ़ हमारा है। निश्चित ही एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि पार्टी का बूथ स्तर कार्यकर्ता ही पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष होता है। राज्य में विकास विरोधी सरकार

जनता जनविरोधी सरकार से ऊब चुकी है : आदित्य प्रसाद साहू

सम्मेलन के दौरान राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार जन विरोधी सरकार है। ऐसे जनवरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। हेमंत सरकार के नेतृत्व में पूरे सूबे में लूट मची है। वहीं, आये दिन रामगढ़ में हो रहे आपराधिक घटनाओं से रामगढ़ की जनता काफी परेशान है। निश्चित ही एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत भारी मतों से होगी।

रामगढ में जमीनी लड़ाई से होगी जीत, कार्यकर्ता असली सैनिक : समरीलाल

रामगढ़ चुनाव नप प्रभारी सह कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि जमीनी लड़ाई से ही जीत संभव है। कार्यकर्ता ही असली सैनिक हैं। हर कार्यकर्ता को धर्म और कर्म के साथ अपना दायित्व निभाने की जरूरत है। बस थोड़ी सी ताकत व प्रयास के साथ एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत सुनिश्चित है।

है। जहां इन तीन सालों में राज्य में अन्याय, लूटपाट, हत्या बलात्कार जैसे कई घटनाओं से झारखंड के वासी परेशान हैं। हेमंत सोरेन और उनके परिवार ही सबसे बड़ा झारखंड का भ्रष्टाचारी है। जो अपने नाम से रोजगार के नाम पर खनिज संपदा का लीज लेने का कार्य किया है। पत्नी के नाम पर सरकारी जमीन लेकर झारखंड वासियों को ठगने का कार्य जारी है। साथ ही कहा कि काली कमाई की बदौलत राज्य की सरकार रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को जीतना चाहती है। लेकिन सरकार की लोक लुभावन बातें जनता के बीच एक भी चलने वाली नहीं है।

हेमंत की सरकार में दुखी है जनता : जेपी पटेल

मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में झारखंड की जनता खुश थी। जबकि हेमंत सरकार के कार्यकाल में जनता काफी परेशान है। जहां रघुवर सरकार में युवाओं को रोजगार देने का कार्य किया गया। जबकि झारखंड के वर्तमान सरकार द्वारा केवल युवाओं को रोजगार व बेरोजगारी भत्ता के नाम पर ठगा जा रहा है। ऐसे सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

ये रहे शामिल

सम्मेलन में रंजीत सिन्हा, टुनू गोप, कुंटू बाबू, रंजीत पांडेय, राजेंद्र कुशवाहा, उमेश साव, मनोज गिरी, संजय शाह, दिलीप सिंह, हरि नारायण कुशवाहा, कमलेश बेदिया, संतराज पासवान, छठी लाल प्रसाद, प्रवीण सोनू, अर्जुन महतो, विनोद प्रसाद, राजदीप साहू, गणेश प्रसाद, विजय गिरी, रंजीत साहू, भीमसेन चौहान, सुभद्रा अग्रवाल, मंजू यादव समेत बड़ी संख्या में नगर परिषद क्षेत्र के 40 बूथ के कार्यकर्ता शामिल रहे।

एथलीट की मौत पर सामने आया सरकार का अमानवीय चेहरा : आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि जेएसएसपीएस की एथलीट अंजलि उरांव की मौत से एक बार फिर झारखंड सरकार का अमानवीय चेहरा सामने आया है। अंजलि तीन दिनों से बीमार थी और हॉस्टल की वार्डन बलमदीना तिग्गा पैरासिटामोल टैबलेट देकर उसका इलाज करती रहीं। जब एथलीट खिलाड़ी की तबीयत बिगड़ी तो उसे आनन-फानन में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। विरोध में हॉस्टल के छात्र-छात्राओं ने सड़क जाम किया तो राज्य सरकार

ने पुलिस बल का प्रयोग कर उनपर लाठी चार्ज करा दिया। ये बातें डॉ आशा लकड़ा ने कहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद को आदिवासियों का हमदर्द कहते हैं। उनके राज्य में आदिवासियों का शोषण हो रहा है। शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने वालों का मुंह बंद कर दिया जा रहा है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष दिन अनुकूल है, आप उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर होंगे, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।

वृष मित्रों का उदय होगा एवं शत्रुओं का नाश होगा, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।

मिथुन आज का दिन सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ानेवाली साबित होगी, रुके हुए काम पूरे होंगे।

कर्क नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलने की संभावना।

सिंह बनता हुआ काम बिगड़ सकता है,आप अकारण किसी मुसीबत में उलझ सकते हैं।

कन्या आपके व्यक्तित्व का विकास होगा, विपरीत परिस्थितियां अनुकूल होगा।

तुला व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, दूसरों के झगड़े में दखल न दें, समय गति सामान्य है।

वृश्चिक आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, स्वयं के प्रयास,उत्साह व संघर्ष से सभी कार्य पूरे होंगे।

धनु विद्याधन संबंधी शुभ समाचार मिलेंगे, मेहमानों का आगमन होगा, निराशा दूर होगी।

मकर किसी पुराने परिचित से मुलाकात होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

कुंभ इस समय किसी को उधार न दें अन्यथा वापस निकलना मुश्किल होगा।

मीन सरकारी क्षेत्र में सफलता, व्यापार-व्यवसाय में सफलता मिलने की संभावना।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

झारखंड के 61 कांग्रेस नेता बने एआइसीसी मेंबर

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के 61 कांग्रेस नेताओं को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) का सदस्य नियुक्त किया है। इसमें 43 इलेक्टेड और 18 को-आप्टेड सदस्यों की नियुक्ति हुई है। इलेक्टेड सदस्यों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, सांसद धीरज साहू, गीता कोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना, गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडे सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, प्रदीप बलमुचू, गुंजन सिंह, रमा खलखो, पूर्णिमा नीरज सिंह सहित अन्य के नाम शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर को-आप्टेड सदस्यों में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद ददई दुबे, फुरकान अंसारी, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मंजू कुमारी, श्वेता सिंह, अनादि ब्रह्म, बजेंद्र प्रसाद सिंह राकेश सिन्हा सहित अन्य नेता शामिल हैं।

पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन मार्च तक बढ़ी

रांची (आजाद सिपाही)। अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की पेशी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इडी कोर्ट में हुई। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि तीन मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। इस मामले में पंकज मिश्रा एवं बच्चू यादव के खिलाफ आरोप गठित हो चुका है। अवैध खनन के माध्यम से मनी लांड्रिंग मामले में इडी ने साहेबगंज में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को सीज किया था। इडी की टीम ने 36 करोड़ से अधिक रुपये को इस मामले में सीज किया था। वहीं, इडी की टीम ने पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को चार अगस्त को गिरफ्तार किया था। इडी की टीम ने पहले ही साहेबगंज में उसके जहाज को जब्त कर लिया था। वहीं दूसरी ओर प्रेम प्रकाश की ओर से अधिवक्ता विक्रांत कुमार ने इडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल किया है। इस पर मंगलवार को सुनवाई होगी।

तीन दिवसीय दौरा : जदयू प्रभारी अशोक चौधरी पहुंचे रांची, कहा

भाजपा को रोकने के लिए विपक्षी दलों की एकजुटता जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अपने तीन दिवसीय दौरे पर जदयू के झारखंड प्रभारी डॉ अशोक चौधरी रांची पहुंचे। पार्टी नेताओं ने एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ अशोक ने जदयू नेता उपेंद्र कुशवाहा के पार्टी छोड़ने पर कहा कि वह उनकी इच्छा थी। अपनी इच्छा से पार्टी में आये और अपनी इच्छा से पार्टी से चले भी गये। पार्टी ने उन्हें सम्मान देने का काम किया था। हमारी पार्टी में नेताओं की कमी नहीं है। तीन बार उपेंद्र कुशवाहा पार्टी में आये। हर बार पार्टी ने उन्हें सम्मान देने का काम किया, लेकिन वो अति महत्वकांक्षी हो गये थे। गौरतलब है कि 16 जनवरी को भी डॉ अशोक चौधरी झारखंड में संगठन

की मजबूती को लेकर नेताओं के साथ बैठक कर चुके हैं।

भाजपा को रोकने के लिए विपक्षी दलों की गोलबंदी जरूरी

डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि भाजपा को पूरे देश में रोकने के लिए विपक्षी दलों की गोलबंदी जरूरी है। क्योंकि वोटों के बिखराव की वजह से फायदा भाजपा उठा लेते हैं, और सत्ता की कुर्सी को हासिल कर लेते हैं। अभी भी इस देश में गंगा जमुनी संस्कृति को एक रखने वाले लोगों की संख्या भाजपा से ज्यादा है। हमारे नेता नीतीश कुमार ने तो सार्वजनिक मंच से एलान कर दिया है कि वे पीएम कैंडिडेट नहीं हैं। कांग्रेस अगर पहल करे और एकजुटता बनती है तो उनके नेतृत्व में लोकसभा का चुनाव लड़ा जायेगा।

झारखण्ड सरकार,
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

अपील

जोहार !

झारखण्ड राज्य में 11वीं कृषि गणना का कार्य माह सितम्बर 2022 से प्रारंभ हो गया है। जिस प्रकार जनगणना से देश के निवासियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आँकड़े जुटाए जाते हैं, उसी प्रकार कृषि गणना अंतर्गत किसानों के द्वारा उपयोग की जाने वाली भूमि, उपजायी जाने वाली फसल, सिंचाई सुविधा, खाद, उन्नत बीज, कीटनाशक दवा एवं कृषि उपकरण से संबंधित ऑकड़े संकलित किये जाते हैं। इन आंकड़ों का उपयोग किसानों की उपज बढ़ाने के साथ-साथ उनकी आर्थिक दशा सुधारने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजना बनाने में किया जाता है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कृषि गणना के लिए निर्धारित मार्गदर्शिका के आलोक में गणना कार्य निर्धारित अवधि में संपन्न कराया जाना है। यह गणना पांच वर्षो के अंतराल पर 1970-71 से की जा रही है।

प्रधान सचिव-सह-राज्य कृषि गणना, आयुक्त, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में गठित कृषि गणना कोषांग के साथ सभी उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षकों /राजस्व उप निरीक्षकों को कृषि गणना की जिम्मेवारी दी गई है।

अतः राज्य के सभी माननीय सांसदों/विधायकों/जन प्रतिनिधियों, किसान बन्धुओं एवं आमजनों का इस पुनीत कार्य में सहयोग अपेक्षित है।

हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 290776 (Revenue, Registration & Land Reform) 22-23

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in

दिल्ली से देवघर आने वाली फ्लाइट में बम की अफवाह

लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बम की अफवाह के बाद इंडिगो के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। दिल्ली से देवघर आने वाली फ्लाइट में सोमवार को बम की अफवाह के बाद लखनऊ में उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। इंडिगो के अनुसार दिल्ली से देवघर आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6इ 6191 को बम की धमकी मिलने के बाद उसे लखनऊ डायवर्ट किया गया। सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया और विमान को टेकऑफ के लिए मंजूरी दे दी गयी।

जांच में सुरक्षा एजेंसियों के नियमों का पालन किया गया। दरअसल इंडिगो की फ्लाइट 6 इ दिल्ली से देवघर जा रही थी। तब तक यह सूचना आ गयी कि फ्लाइट में बम है। इंडिगो ने बताया है कि इस सूचना के बाद फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट किया गया। अधिकारियों के अनुसार, सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। विमान को टेकऑफ के लिए मंजूरी दी गयी इस मामले पर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने कहा कि फ्लाइट दोपहर 12:20 बजे सुरक्षित उतरी और उसे आइसोलेशन में में से जाया गया। जांच के बाद पता चला कि यह केवल एक अफवाह थी। फ्लाइट को आगे की जर्नी के लिए रवाना कर दिया गया है। यह पहली बार नहीं है ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है जब किसी ने प्लेन में बम होने की झूठी सूचना फैलाई हो। इससे पहले भी गुजरात के जामनगर एयरपोर्ट पर गोवा जा रही फ्लाइट की 10 जनवरी को इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। बम होने की खबर के बाद ये इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी थी। ये फ्लाइट मॉस्को से गोवा जा रही थी। फ्लाइट में कुल 236 यात्री थे।

रांची में जी-20 की बैठक दो मार्च को

पहली बैठक सीसीएल के दरभंगा हाउस में होगी

होटल रेडिशन ब्लू में ठहरेंगे मेहमान और घूमेंगे पतरातू लेक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में जी-20 (दुनिया के विकासशील और विकसित देशों का संगठन) की बैठक दो मार्च को होने वाली है। इस बैठक को लेकर लंबे समय से तैयारी की जा रही है। जी-20 के 60 डेलीगेट इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक को लेकर शहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क के किनारे लगने वाले ठेलों को भी बंद कर दिया गया है।

रेडिशन ब्लू में ठहरेंगे और सीसीएल के दरभंगा हाउस में होगी पहली बैठक

जी-20 की पहली बैठक सीसीएल के दरभंगा हाउस में होनी है। डेलीगेट्स के रहने की व्यवस्था होटल रेडिशन ब्लू और होटल बीएनआर चाणक्या में की गयी है इसके अलावा प्रशासन ने जेएससीए प्रबंधन को किसी तरह की बुकिंग नहीं लेने का आदेश दिया है ताकि जरूरत पड़ने पर डेलीगेट के लिए प्रशासन इन कमरों का उपयोग कर सके।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सभी डेलीगेट एक मार्च को रांची पहुंचेंगे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उन्हें हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, कडरू और पंजाबी हिंदू बिरादरी भवन होते हुए होटल रेडिशन ब्लू और होटल बीएनआर चाणक्या ले जाया जायेगा। इस बैठक के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। अहम रास्तों पर मेहमानों के लिए ट्रैफिक रोका जा सकता है। डेलीगेट की सुरक्षा के मद्देनजर इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। सड़क के किनारे, ऊंचे भवनों पर शस्त्रधारी पुलिस बलों की तैनाती की जानी है। सभी डेलीगेट को हाई सिक्योरिटी में एयरपोर्ट से होटल तक पहुंचाया जायेगा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय के स्तर से रांची पुलिस को एसपी, डीएसपी, इंस्पेक्टर और एसआइ के अलावा बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किये जायेंगे।

पतरातू लेक देखेंगे मेहमान

जी 20 के मेहमानों के लिए एक से चार मार्च तक 100 कमरों की बुकिंग की गयी है। होटल रेडिशन ब्लू और बीएनआर में किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक हो सकती है। बाहरी मेहमानों के लिए पारंपरिक झारखंडी व्यंजन तैयार किया जायेगा। 3 मार्च को पतरातू लेक के भ्रमण की योजना है। पतरातू लेक में 22 फरवरी से आमलोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

लाठी-डंडे से मारकर छात्र की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सदर थाना क्षेत्र के कोकर में रविवार की देर रात एक छात्र की लाठी- डंडे से मार कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृत छात्र की पहचान सावंत कश्यप के रूप में हुई है। वह तिरिल बस्ती का रहने वाला है। सावंत कश्यप इंटर का छात्र बताया जा रहा है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सावंत का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद उसकी लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स में भेज दिया है ।

एथलेटिक्स खिलाड़ी की मौत की उच्च स्तरीय जांच हो : अजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हॉस्टल में मेडिकल सुविधा की जांच होनी चाहिए

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय सचिव अजय सिंह ने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि खेलगांव स्थित झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) के अंतर्गत प्रशिक्षु एथलेटिक्स के खिलाड़ी अंजलि उरांव की मौत की उच्च स्तरीय जांच हो। उन्होंने कहा कि अंजलि की बीमारी को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति है। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद अंजलि की मौत किस कारण से हुई वह तो स्पष्ट हो जायेगा, लेकिन हॉस्टल में जो व्यवस्था है और हॉस्टल में जो सुविधा मिलनी चाहिए क्या वह थी या नहीं इसकी सरकार जांच कराये। दोषियों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जहां 200 से अधिक खिलाड़ी रह रहे वहां मेडिकल की क्या व्यवस्था है इसकी जांच जरूरी है।

आदिवासी रेजिमेंट की मांग को लेकर बंधु तिर्की ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को भी भेजी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने आदिवासी रेजिमेंट गठन की मांग को लेकर राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। इस पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को भी भेजी गयी है। पत्र में उन्होंने कहा है कि हमारा महान देश अपने-आप में विविध जाति, धर्म, समुदाय, भाषा आदि की बहुलतावाद संस्कृति को समेटे हैं। हमारे देश के संविधान और हमारी संस्कृति की यह विशिष्टता है कि सभी को समान रूप से संरक्षण, संवर्द्धन और प्रोत्साहन मिलता है।

उन्होंने आगे लिखा है कि ये बातें आपके संज्ञान में है कि आदिवासी समुदाय ने राष्ट्र को ऐसे अनेक वीर स्वतंत्रता सेनानी दिये हैं जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च योगदान दिया। न केवल स्वतंत्रता संग्राम में बल्कि आजादी के बाद विभिन्न युद्धों में भी भारतीय थल, वायु और नौसेना में शामिल आदिवासी सैनिकों ने अपना सर्वोत्कृष्ट योगदान दिया और उन बहादुर सैनिकों को विशिष्ट सम्मानों से अलंकृत भी किया गया। आज के समय में यह बात बहुत अधिक प्रासंगिक होगा कि जिस प्रकार से विशिष्ट धार्मिक एवं जातिगत नाम और पहचान के साथ विविध रेजिमेंट स्थापित हैं। उसी प्रकार आदिवासी रेजिमेंट की भी अविलंब स्थापना की जाये। आर्थिक सामाजिक, सामरिक एवं रक्षा के क्षेत्र में इसके बहुआयामी सकारात्मक परिणाम होंगे। एक ओर तो हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों का राष्ट्र के प्रति भावनात्मक समर्पण और भी दृढ़ होगा। वहीं दूसरी ओर भारतीय सेना में योगदान दे चुके या कार्यरत आदिवासी सैनिकों के मामले में आम जनमानस में रूचि जागरूकता एवं संवेदनशीलता का स्तर ऊचा उठेगा।

पत्र में बंधु तिर्की ने लिखा है कि हमे पूर्ण विश्वास है कि आदिवासी रेजिमेंट के गठन का मामला आपके व्यापक दृष्टिकोण में भी समयानुकूल एवं प्रासंगित होगा और आप इस विषय पर सकारात्मक पहल करते हुए केंद्र सरकार को निर्देशित करेंगी। बंधु तिर्की के इस मांग से एक बार फिर आदिवासी रेजिमेंट का बहस तेजी पकड़ सकता है।

आजसू सुप्रीमो ने सीएम पर बोला हमला

1932 और नियोजन नीति पर जनता को बरगला रही हेमंत सरकार : सुदेश महतो

कहा- आपकी सरकार की प्राथमिकता बदल गयी है हेमंत बाबू, सेवा नहीं शोषण हो रहा है

साड़म से बीरू कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो रामगढ़ उपचुनाव में आम लोगों को अपने सटीक भाषण से काफी प्रभावित कर रहे हैं। ऐसा कई नुक्कड़ सभाओं में देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सुदेश कुमार महतो एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन में गोला के साड़म में नुक्कड़ सभा को संबोधित किये। सभा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। सबने एक स्वर में जय आजसू विजय आजसू, अबकी बार डेढ़ लाख पार के नारे लगाकर सुदेश के हौसलों की उड़ान दी।

आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। कहा कि हेमंत सरकार 1932 और नियोजन नीति पर राज्य को बरगला रही है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि पहले राज्य गठन के नाम पर उनके पिता शिबू सोरेन ने राज्य को उलझाया। वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 1932 और नियोजन नीति पर राज्य को उलझा रखा है। साथ ही कहा कि गांव में आग लगती है तो मदद करने की बजाय पुलिस कोयला लदे वाहनों के पीछे दौड़ती है। उन्होंने कहा है कि आपकी सरकार की प्राथमिकता बदल चुकी है हेमंत बाबू। आप की सरकार में सेवा नहीं शोषण हो रहा है। आपने युवाओं को ठगा है। नियोजन नीति पर आपकी मंशा स्पष्ट नहीं है। आप राज्य की जनता को बरगला रहे हैं। इसलिए इस बार रामगढ़ उपचुनाव से आपकी सरकार की विदाई का बिगुल फूंका जायेगा। भाषण के दौरान सुदेश महतो ने उपस्थित जनसमूह से भी हेमंत सरकार के विदाई की हामी भरवाया। भीड़ ने भी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

दिवंगत प्रशिक्षु के परिवार की हरसंभव मदद को तत्पर सीसीएल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेएसएसपीएस के प्रशिक्षुओं ने साथी खिलाड़ी अंजलि उरांव को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंजली के परिजनों ने भी पुष्प अर्पित कर भावभीनी विदाई दी। सीसीएल इस दुख के घड़ी में पीड़ित परिवार के हरसंभव मदद के लिए तत्पर है। सीसीएल प्रबंधन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक जताया है। सीसीएल प्रबंधन ने जेएसपीएस प्रबंधन के वर्तमान कार्यप्रणाली के अध्ययन के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति जेएसएसपीएस के और बेहतर संचालन के लिए सुझाव के साथ एक सप्ताह के भीतर अपना रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसके अतिरिक्त भी पांच सदस्यीय चिकित्सकों की एक कमेटी तैयार की गयी है जो दिनांक 21 फरवरीसे लेकर 25 फरवरी तक जेएसएसपीएस कैडेट्स के स्वास्थ्य की प्राथमिक जांच करेगी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद से ही सीसीएल के महाप्रबंधक समेत उच्च प्रबंधन के अधिकारीगण वहां मौजूद थे। सीसीएल और राज्य सरकार के वरीय अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं से संवाद कर उन्हें जेएसएसपीएस परिसर लाया। जहां देर रात तक छात्रों से बातचीत कर छात्रावास भेजा गया। इस पूरे प्रकरण में राज्य सरकार की भूमिका सकारात्मक रही है। प्रबंधन द्वारा एक वरीय अधिकारी और दो वार्डन के साथ शव को अंतिम संस्कार के लिए लोहरदगा भेजा गया। ज्ञातव्य हो कि शनिवार देर रात को अंजलि उरांव की तबीयत खराब हो गयी थी। अस्पताल लाने के क्रम में ही अंजलि की मौत हो गयी थी। खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के ध्येय से स्थापित झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी हमेशा से ही प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित है। इस पहल द्वारा राज्य के नवोदित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल परिदृश्य में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। जेएसएसपीएस द्वारा राज्य के 400 से अधिक खिलाड़ियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीसीएल और राज्य सरकार के इस संयुक्त पहल से कई खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में सैकड़ों पदक जीतकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपना नाम दर्ज किया है।

साहेबगंज में एक हजार करोड़ का खनन घोटाला मामला

दाहू की तलाश में करम पहाड़ी पहुंची पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

साहेबगंज। साहेबगंज में हुए एक हजार करोड़ के खनन घोटाले में फरार चल रहे दाहू यादव व उसके भाई जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव की खोज में पुलिस ने सोमवार को शोभनपुर भट्ठा के साथ-साथ करम पहाड़ पर छापेमारी की। हालांकि, वह पकड़ में नहीं आया। मुफस्सिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की।

मां की बीमारी का बहाना बनाकर रफूचक्कर हुआ दाहू : बताया जाता है कि जैप जवानों के साथ पुलिस दोपहर करीब एक बजे शोभनपुर भट्ठा स्थित घर में छापेमारी की, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। इसके बाद पुलिस पदाधिकारी करम पहाड़ पर पहुंचे। वहां छापेमारी जारी थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली है कि दाहू यादव करम पहाड़ पर ही छिपा हुआ है।

गौरतलब हो कि एक हजार करोड़ के खनन घोटाले में बरहेट विधायक के प्रतिनिधि पंकज मिश्रा व बच्चू यादव जेल में है। जुलाई में दाहू यादव को भी इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। दो दिन तक इडी ने उससे पूछताछ भी की, लेकिन बाद में वह मां की बीमारी का बहाना बनाकर वहां से भाग गया। इसके बाद दोबारा पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद इडी की विशेष अदालत ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया। पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी। 28 जनवरी को इडी कोर्ट से निर्गत इश्तेहार उसके आवास पर चिपकाया गया। इस मामले में इडी साहेबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ कर चुकी है। प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों पर अवैध खनन में शमिल लोगों को संरक्षण देने का आरोप है।

सहारा में फंसे करोड़ों रुपये के भुगतान की प्रक्रिया शुरू

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सहारा इंडिया में 1.22 लाख निवेशकों के फंसे 375 करोड़ रुपये के वेरिफिकेशन और भुगतान के लिए प्रक्रिया शुरू हो गयी है। सहकारी समिति कार्यालय के केंद्रीय रजिस्ट्रार ने 1.22 लाख निवेशकों के दावे के भुगतान की पहल की है।

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने यह जानकारी विधायक बिरंची नारायण को दी है। झारखंड के ढाई लाख निवेशकों का पैसा सहारा इंडिया में फंसा हुआ है।

SAHARA INDIA PARIWAR

बिरंची नारायण ने सहारा ग्रुप की सहकारिता समितियों से निवेशकों की मैच्योरिटी राशि का भुगतान करवाने के लिए 13 जनवरी को बीएल वर्मा को पत्र लिखा था। सहारा इंडिया की विभिन्न योजनाओं में झारखंड के करीब ढाई लाख निवेशकों के 3 हजार करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। जमा योजनाओं की पॉलिसी मैच्योर्ड होने के बाद भी लगभग दो वर्ष से भुगतान पूरी तरह बंद है। झारखंड के सभी जिलों में सहारा के दफ्तरों में हर रोज बड़ी तादाद में निवेशक पॉलिसी की राशि के भुगतान की मांग लेकर पहुंच रहे हैं। रांची, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर सहित कई शहरों में निवेशक सहारा के दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

ओरियेंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नए सत्र 2022-2024 के लिए ओरियन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित करते हुए पठन पाठन एवं अनुशासन की बाते रखीं। इस मौके पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीआइपी और आइआइएम के बीच हुआ एमओयू

रांची (आजाद सिपाही)। सीआइपी और आइआइएम के बीच सोमवार को एमओयू हुआ। मौके पर सीआइपी के निदेशक डॉ बासुदेब दास और आइआइएम के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किये। आइआइएम परिसर में नैदानिक, परामर्श सेवाओं का विस्तार और जनशक्ति के पारस्परिक आदान-प्रदान की सुविधा के लिए एवं प्रबंधन तथा सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोगी अनुसंधान करने के लिए यह एमओयू किया गया। आइआइएम के मानव संपर्क कार्यक्रम के एसोसिएट प्रोफेसर और नोडल अधिकारी डॉ. तनुश्री दत्ता और सीआइपी के प्रचार्य डॉ. निशांत गोयल के सहयोग से इस एमओयू के द्वारा सेवाओं और शोध किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ दीपांजन भट्टाचार्य, डॉ अविनाश शर्मा, डॉ मधुमिता और डॉ नरेंद्र मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्री सह शासी परिषद के अध्यक्ष बन्ना गुप्ता को सांसद ने पत्र लिखा

सांसद ने रिम्स शासी परिषद की ऑनलाइन बैठक का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

बन्ना गुप्ता को पत्र लिखकर कहा, जब कोरोना में ऑफलाइन बैठक हुई तो अभी ऑनलाइन बैठक का क्या औचित्य?

रांची। रांची के सांसद संजय सेठ ने रिम्स शासी परिषद की ऑनलाइन बैठक का विरोध किया है। इसका विरोध करते हुए सांसद ने स्वास्थ्य मंत्री सह शासी परिषद के अध्यक्ष बन्ना गुप्ता को पत्र भी लिखा है। लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि रिम्स शासी परिषद की 55वीं बैठक से संबंधित पत्र प्राप्त हुआ है। उपरोक्त पत्र में 24 फरवरी को शासी परिषद की ऑनलाइन बैठक की सूचना दी गयी है। इस विषय पर मेरी पूर्णतः असहमति है। श्री सेठ ने कहा कि जब कोरोना संक्रमण जैसी भयावह स्थिति और काल में हम आमने-सामने बैठकर रिम्स की बेहतरी की चर्चा कर चुके हैं, तो फिर अभी ऑनलाइन बैठक करने का औचित्य नहीं है। ऑनलाइन बैठक के इस निर्णय का विनम्रता पूर्वक विरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि रिम्स की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है, ऐसी परिस्थिति में यह आवश्यक है कि हम साथ बैठकर रिम्स की बेहतरी की चर्चा करें। सभी परिस्थितियों सामान्य होने के बावजूद शासी परिषद की ऑनलाइन बैठक बुलाना समझ से परे है और जनता के हित में भी नहीं है।

22 फरवरी को मारवाड़ी भवन में सांसद संजय सेठ मुक्ति वाहन का करेंगे लोकार्पण

रांची। मारवाड़ी सहायक समिति द्वारा 22 फरवरी से मुक्ति वाहन (अंतिम यात्रा वाहन) का शुभारंभ होगा। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया एवं कार्यक्रम संयोजक प्रेम मित्तल ने संयुक्त रूप से कहा है कि रांची के सांसद संजय सेठ द्वारा मुक्ति वाहन (अंतिम यात्रा वाहन) मारवाड़ी सहायक समिति को प्रदान किया जा रहा है। मुक्ति वाहन का लोकार्पण सांसद संजय सेठ द्वारा 22 फरवरी दिन बुधवार को संध्या में मारवाड़ी भवन में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने समिति के पूर्व अध्यक्षों, मंत्रियों, पदाधिकारियों, सदस्यों एवं नगर के गणमान्य लोगों से आग्रह किया है कि लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लें।

महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में कांग्रेस के दिग्गजों ने मांगा वोट

ममता पर हुए अन्याय के खिलाफ 27 फरवरी को जनता करेगी न्याय : अविनाश पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे सियासी पारा भी चढ़ता जा रहा है। कांग्रेस इस चुनाव को जीतने के लिए सारे इमोशनल कार्ड खेल चुकी है। जन आंदोलन में ममता देवी का दो बार जेल जाना हो या फिर उसके घर में बिलखते बच्चे की बात हो। लेकिन इनसब में कांग्रेस उन लोगों को भूल गई जिन्होंने अपनी जान आईपीएल गोलीकांड में गंवाई थी।

प्रदेश प्रभारी ने आइपीएल कांड के मृतकों से जुड़े सवाल को स्थानीय नेताओं पर फेंका

सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख और कई दिग्गज नेता रामगढ़ पहुंचे हुए थे। जिमखाना क्लब में जब मीडिया वालों ने उनसे सवाल किए तो जवाब में गोलमोल बातें ही सामने आई। अविनाश पांडे ने कहा कि ममता देवी को कोर्ट से उचित न्याय नहीं मिला। उनका 6 महीने का दूधमुहा बच्चा बिलख रहा है। बच्चे के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी चुनावी सभा की। लेकिन जब अविनाश पांडे से यह सवाल किया गया कि आईपीएल गोली कांड में जिन लोगों की जान गई, उनको न्याय दिलाने के लिए महागठबंधन की झारखंड सरकार ने क्या किया? इस सवाल पर अविनाश पांडे को कोई जवाब नहीं सूझा। उन्होंने कहा कि इसके बारे में स्थानीय नेता ही विस्तार पूर्वक बता पाएंगे।

चुनाव के मुद्दे में विकास और विपक्षी दलों के हमले भी हैं शामिल

प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस चुनाव में कई मुद्दे हैं। जिसमें 3 सालों तक गठबंधन की सरकार के द्वारा किए गए काम और इस सरकार को हटाने के लिए विपक्षी पार्टियों द्वारा रची गई साजिश भी शामिल है। लेकिन इन सबसे इतर ममता देवी के साथ हुआ अन्याय सबसे बड़ा मुद्दा है। अविनाश पांडे ने कहा कि विपक्ष का आरोप लगा रहे हैं कि छोटे बच्चे का इस्तेमाल चुनाव में होना मानवाधिकार का हनन है। लेकिन वस्तु स्थिति यह है कि मां सलाखों के पीछे है और बच्चा पिता के साथ मौजूद है। जो हकीकत है वह जनता के सामने है। जनता इस वस्तुस्थिति को समझ रही है।

बूथ और प्रखंड अध्यक्षों के साथ पदाधिकारियों ने की बैठक

कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने रामगढ़ के जिमखाना क्लब में बूथ और प्रखंड अध्यक्षों के साथ एक अहम बैठक की। इस दौरान रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सभी बूथों पर किस तरीके से मुस्तैदी से काम करना है, इस पर विचार किया गया। गोला, दुलमी, चितरपुर और रामगढ़ प्रखंड के अध्यक्षों ने जनता के बीच चलाए गए जनसंपर्क अभियान के बारे में भी पार्टी पदाधिकारियों को जानकारी दी।

खरवार भोगता समाज के अस्तित्व पर सवाल उठाने की निंदा की

रांची (आजाद सिपाही)। खरवार भोगता समाज विकास संघ ने झारखंड सरकार की घोर निंदा की। सोमवार को रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सह पर झामुमो के नेता और पदाधिकारी खरवार भोगता समाज के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे है। उन्होंने कहा कि झामुमो और झारखंड सरकार की खरवार भोगता समाज के प्रति क्रूर मानसिकता उदाहरण है विधेयक को रुकवाने के लिए कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल द्वारा दिनांक-12.03.2022 को पत्रांक 14/जा.नि. -19-05/2007 का. 1617 के माध्यम से अनुशंसा पत्र भारत सरकार को भेजा गया। साथ ही लोकसभा में झारखंड मुक्ति

मोर्चा के राजमहल लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा से इस विधेयक का विरोध करवाया। इतना करने के झारखण्ड सरकार खरवार भोगता समाज के विधेयक को रोकने में विफल रही तो बावजूद जब अपने झामुमो पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के द्वारा भोगता समाज के इतिहास एवं संस्कृति पर अभद्र टिप्पणी करवायी। झामुमो के टुंडी विधायक मथुरा महतो द्वारा समाज के मूल अस्तित्व पर सवाल खड़ा करवाया गया। झामुमो के बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा द्वारा खरवार भोगता समाज के विरोध में बयानबाजी कराया गया। वहीं केंद्रीय सचिव जगरनाथ भोगता ने कहा कि आनेवाले 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भोगता समाज हेमंत सरकार को सबक सिखायेगी। इसका दुष्परिणाम मंत्री सत्यानंद भोगता को भी चुकाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनजाति श्रेणी में शामिल करने के लिए सभी मानक आर्हताओं एवं प्रक्रियाओं को पूरा किया गया है। इसमें टीआरआइ और आरजीआई से अनुशंसा किया गया है। इस मौके पर झलकु गंझू, रामनाथ गंझू, रामदेव सिंह, रामलखन गंझू, कौलेश्वर गंझू देवनारायण गंझू, सुदर्शन भोगता सहित अन्य मौजूद थे।

सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

योगासन में नटराज योग संस्थान के बच्चों का रहा दबदबा

रांची (आजाद सिपाही)। मेगा स्पोर्ट्स खेलगांव में रांची के सांसद संजय सेठ के द्वारा तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ, झारखंड के राजयपाल सीपी. राधाकृष्णन जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहा, मेडल जितने वाले खिलाड़ियों को राजयपाल महोदय ने मेडल देकर सम्मानित किया। इस खेल महोत्सव में 6 खेल को सम्मिलित किया गया था इसमें योगासन खेल भी सम्मिलित रहा, नटराज योग संस्थान के योग के प्रतियोगिता में भाग लिए थे विभिन्न वर्ग में बच्चों ने जीत कर संस्थान का मान बढ़ाया है, 12से 15 बालिका वर्ग में अर्चना (गोल्ड), रेशमी तिर्की

(सिल्वर), श्रीष्टि कुमारी (सिल्वर), सपना कुमारी, शिखा कुमारी का ब्राउनज, 12से 15 बालक वर्ग में विक्की कुमारी (गोल्ड मेडल) ,15से 18वर्ग में बिट्टू कुमार (गोल्ड) 18+ बालक वर्ग में रितेश कुमार (सिल्वर) पिंटू चौधरी (ब्राउनज) बालिका वर्ग रानी रजनी (गोल्ड) करुणा भारती (सिल्वर) रेणुका (सिल्वर) मेडल जीता। जीत से संस्थान के संस्थापक आर्य प्रहलाद भगत सदस्य बिट्टू दिव्य, प्रशांत सिंह, एस. के. घोसल, चैताली मुखर्जी, आम्या अंशु, शंकर राणा, पूजा सिंह सभी ने हर्ष जताते हुए बच्चों को शुभकामनायें दिया।

अल्बर्ट एक्का चौक पर शिवबारातियों को अंगवस्त्र प्रदान कर और माला पहनाकर किया गया स्वागत

देवों के देव महादेव के बिना आदिवासी समाज अधूरा : बबलू मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केन्द्रीय सरना समिति एवं चडरी सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में मेन रोड अलबर्ट एक्का चौक होकर गुजरनेवाले शिवबरातियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। केन्द्रीय सरना समिति एवं चडरी सरना समिति के अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा द्वारा शिवबरातियों को अंग-वस्त्र प्रदान कर और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें जल पिलाकर (बोतल पानी) विदा किया। इस दौरान हर-हर महादेव के नारे लगते रहे। इस मौके पर केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा ने कहा कि

देवाधिदेव महादेव के बिना आदिवासी समाज अधूरा है। भगवान महादेव इस धरती पर खुद एक आदिवासी थे। भगवान महादेव को आदिदेव, आदिनाथ और आदियोगी कहा जाता है। आदि का अर्थ सबसे प्राचीन प्रारंभिक, प्रथम और आदिम। बबलू मुंडा ने कहा कि महादेव को जगत गुरू भी कहा जाता है। देवाधिदेव महादेव ही संसार के कल्याण कर्ता हैं। महादेव के आदर्श मानव कल्याण है। इसलिए हमें उनके बताये आदर्शों पर चलना चाहिए। बबलू मुंडा ने देवाधिदेव महादेव से राज्य की सुख समृद्धि और कल्याण की कामना भी किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा, चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, चडरी सरना समिति के मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, कृष्णकांत टोप्पो, राजेश मुंडा, राहुल मुंडा, विक्की मुंडा, शंकर लिंडा, प्रेम लिंडा मुन्ना लकड़ा, मृणाल सिन्हा, गुड्डू पहान,चिकू लिंडा, सबलू खान, उदय मुंडा, विक्की मुंडा, आकाश मुंडा, आशीष लिंडा, बादल नायक,बन्टी मुंडा, बादल लिंडा, अनुप हेमरोम, अशोक मुंडा, अमनदीप मुंडा विकास संगा,बादल नायक, सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कुजू पुलिस ने अवैध कच्चा कोयला लदे दो ट्रैक्टर को किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। ओपी क्षेत्र के चमारिडेरा से बीती देर रात कुजू पुलिस ने अवैध कच्चा कोयला लदे दो ट्रैक्टरों को धर दबोचा। लेकिन रात के अंधेरे का लाभ उठाते हुए अवैध कोयला कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस द्वारा जब्त दोनो ट्रैक्टरों में करीब पांच टन कच्चा कोयला लोड है। जानकारी के अनुसार, कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दुबे को चमारिडेरा से अवैध कोयला कारोबार की गुप्त सूचना लगातार मिल रही थी। इसी गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई के तहत ओपी प्रभारी ने सशस्त्र बल के साथ छापामारी की। पुलिस द्वारा जब्त ट्रैक्टरों के मालिकों, चालकों व कोयला माफिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

राधिका के गजल और पूजा चटर्जी के हिट्स गीतों ने महोत्सव को बनाया यादगार, मंत्री, सांसद, विधायक समेत दर्शकों ने उठाया आंनद

इटखोरी महोत्सव में गणेश वंदना से शुरू हुआ कार्यक्रम, गीतों पर झूमे लोग

अजय चौरसिया

चतरा (आजाद सिपाही)। राजकीय इटखोरी महोत्सव की पहली शाम गीत गजलों के नाम रहा। प्रसिद्ध गजल गायिका राधिका चोपड़ा अपने मखमली आवाज में हिंदी व उर्दू अदब के गजलों से श्रोताओं को ओतप्रोत कर दिया। गीत गजल के शौकीन दर्शक राधिका के गजलों के कायल हो गए। मां भद्रकाली को समर्पित मां जगत की जननी तू सब का बेड़ा पार करे, तेरी महिमा अपरम्पार, जगत की जननी तू तेरी शरणं में जो भी आता, कष्टों को भूल जाता है ।इस भजन के साथ राधिका चोपड़ा ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद मेरे हम नफस, मेरे हम नवाज, मेरे दोस्त बनके दगा ना देना, हमरी अठरियां पर आ जा

रे सवरियां, देखा देखी तनिक होई जावे, नैन मिल जावे, सारा झगड़ा खत्म हो जावे आदि गजलों की प्रस्तुति देकर उन्होंने महफिल लूट ली। इसके बाद झारखंड के ही सत्या ठाकुर ग्रुप की लड़कियों ने मिथ्या नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को अपनी संस्कृति का एहसास कराया। इस ग्रुप की लड़कियों ने शहनाई और पीपहीं के आवाज पर झारखंडी डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर झारखंडी जीवन शैली को बताने का प्रयास किया। कलाकारों ने हाय-हाय दया हो दईया ये.... गीत संगीत की भी प्रस्तुति दी। इसके बाद बॉलीवुड की मशहूर गायिका पूजा चटर्जी ने पुराने और नए फिल्मी गाना गाकर माहौल को और भी खुशनूमा बना दिया। उन्होंने चल छईयां छईयां छईयां छईया.....गीत गाकर महफिल में जान डाल दिया। इसके बाद वो याद आ रहा है, तेरा प्यार आ रहा है...., जुग-जुग, जुप्पी जैसे डिस्को डांसर गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूजा ने दमादम मस्त कलंदर...., हे मेरा दिल प्यार का दिवाना...., हरे कृष्णा हरे राम...., दम मारो दम...होलिया में उड़े रे गुलाब...., चलतें चलते ये गीत याद रखना कभी अलविदा ना कहना गीत प्रस्तुत कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन किया। पहले दिन का सांस्कृतिक कार्यक्रम 11:15 बजे रात तक चलता रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, डीसी अब्बू इमरान, एसपी राकेश रंजन सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी अंतिम समय तक जमे रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

आर्य समाज मंदिर में ऋषि बोध उत्सव का आयोजन, याद किये गये महर्षि दयानंद

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। आर्य समाज मंदिर नया नगर बरकाकाना में ऋषि बोध उत्सव का आयोजन किया गया ।उत्सव में सर्वप्रथम हवन यज्ञ किया गया जिससे क्षेत्र में सुख शांति बनी रहे ।तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित आर्य समाज नया नगर बरकाकाना के मंत्री संतोष स्वर्णकार ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवनी से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए ।उन्होंने बताया सभीलोगों को अपने दिनचर्या के कुछ समय को अध्यात्म की ओर भी लगाना चाहिए जिससे अपने आसपास के वातावरण अनुकूल रह सके ।समारोह के दौरान विद्यालय की अध्यापिका व उपस्थित बच्चों ने सुमधुर भजनों से महर्षि दयानंद सरस्वती को याद किया ।मौके पर प्रधानाध्यापिका आशा सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक सतपाल वोहरा, गीता, अर्चना, जलचवी, संगीता, कुसुम, सुभाष, प्रीती, कुंती कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

सर्वोदय निकेतन में आशीर्वचन समारोह

कुजू (आजाद सिपाही)। डटमामोड़ स्थित सर्वोदय निकेतन में विद्यालय के कक्षा दसवीं व 12वीं के छात्रों की विदाई के अवसर पर आशीर्वचन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी मंचन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने अपने अग्रजों के सम्मान में नृत्य और संगीत आदि कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की। तत्पश्चात कक्षा नौवीं एवं 11वीं के छात्र छात्राओं ने उपहार से सम्मानित करते हुए अपने अग्रजों को विदाई दी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सह विद्याल निर्देशक नरसिंह कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और बच्चों से एक बेहतर इंसान बन अपने माता - पिता, गुरु और देश का नाम रोशन करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने भविष्य की राह को कठिन बताते हुए कठिन परिश्रम के द्वारा छात्र छात्राओं को अपने लक्ष्य को हंसते-हंसते प्राप्त करने की सलाह दी और उपस्थित अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन भी किया। इस अवसर पर सत्य प्रकाश वर्मा, मनीष कुमार प्रसाद, संजय साहू, ब्रह्मदेव महतो, रविंद्र नाथ उपाध्याय, अनिल कुमार गुप्ता, सिंधु गुप्ता, सोमा बनर्जी, रोहित कुमार, सुशांत कुमार सिन्हा, सूरज कुमार, रजनी कुमारी आदि शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजना कुमारी ने की। वहीं, लोकेश कुमार, विवेक पटेल, छोटी कुमारी, अदिति कुमारी, आरती किस्कू, अर्जुन बास्के आदि छात्र - छात्राओं ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सुभाष यादव बने राजद के प्रदेश सचिव

टंडवा (आजाद सिपाही)। बीससुत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव को राजद प्रदेश सचिव पद का दायित्व मिलने के बाद टंडवा राजद प्रखंड अध्यक्ष समेत कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत शहीद चौक मे किया। जिसमें शामिल कार्यकताओं में प्रखंड उपाध्यक्ष जियाउल हक,मोहन राणा महासचिव यमुना प्रसाद यादव, सचिव मनोज सिंह,नितेश कुमार, शहबाज अंसारी, रामदेव भोक्ता, सुरेश यादव, मुकेश कुमार,विजय उरांव,मोईन अंसारी मिडिया प्रभारी समेत सैंकडों शामिल थे। प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी ने पौधा देकर सचिव को स्वागत किया।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् 'रांची' इकाई का उद्घाटन

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् रांची इकाई का उद्घाटन लालपुर स्थित होटल सिटी पैलेस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिम्मी वर्मा द्वारा मंगलाचरण से किया गया। सरस्वती वंदना कविता रानी ने की। दीप प्रज्वलन व इकाई के बैनर का अनावरण अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के झारखंड प्रांत के उपाध्यक्ष प्रशांत करण, महामंत्री डॉ. विजय प्रकाश, आर. एल. सैनी पूर्व निदेशक डी.ए.वी. स्कूल प्रबंधन के कर कमलों से हुआ। इस मौके पर साहित्य व शिक्षा जगत के जानी-मानी हस्तियों में डॉ. राजा राम महतो, विजय रामगढ़िया, एस.के. मिश्रा, पंकज वत्सल, मयंक मुरारी, पी.के. लाला, रीता सिंह (राष्ट्रीय सेविका समिति बौद्धिक प्रमुख) भारती ओझा आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। रांची इकाई की अध्यक्ष मनीषा सहाय सुमन ने सभी का स्वागत करते हुए इकाई द्वारा भावी योजनाओं से सभी को परिचित कराया। इस अवसर पर रंगोत्सव व फाग गीतों व कविताओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनुराधा सिंह अनु द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में ऋतुराज वर्षा को विशेष रूप से मोमेंटो, मंच का बैच और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित कवि-कवयित्रियों का भी मंच की ओर से सम्मान किया गया।

मीडिया रिपोर्टों के संबंध में रेल मंत्री ने दिया स्पष्टीकरण

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कुछ दिन पूर्व ओडिशा की वाणिज्य एवं परिवहन मंत्री टुकुनी साहू ने पद्मपुर होते हुए बरगड से नुआपड़ा के बीच नई रेल लाइन की स्वीकृति के संबंध में पत्र लिखा था। टुकुनी साहू को पत्र दिनांक 21/11/2022 द्वारा तथ्यों के आधार पर स्थिति से अवगत कराया गया। ओड़िशा रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (ओआरआइडीएल) को बरगड-पद्मपुर-नुआपड़ा को जोड़ने की परियोजना सौंपी गई है। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि ओआरआइडीएल ओडिशा सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाता है। भारत सरकार ने रेल मंत्रालय के पत्र (संख्या 2019/जेवी सेल/ओडिशा/बरगड रोड-नुआपड़ा रोड) के माध्यम से ओआरआईडीएल को सैद्धांतिक मंजूरी (आइपीए) दे दी है। आज की तारीख में इस परियोजना के लिए डीपीआर अनुमोदन ओडिशा सरकार के पास विचाराधीन है। उन्होंने कहा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने इस वर्ष ओडिशा में रेलवे के विकास के लिए 10,012 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। ओड़िशा में 57 रेलवे स्टेशनों का पुर्ननिर्माण भी किया जा रहा है। ऐसे में ओडिशा में कई परियोजनाओं को क्रियान्वित और आगे बढ़ाया जा सकता है ।रेल मंत्री ने ओड़िशा सरकार से परियोजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी, कानून प्रवर्तन के मामलों में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने ऐसे अमृत काल के दौरान ओड़िशा राज्य के समग्र विकास और सुधार के लिए भारत सरकार की पहल का समर्थन करने का भी अनुरोध किया।

उद्धव की चुनौती

शिवसेना के नाम और चुनाव निशान पर शनिवार को आया चुनाव आयोग का फैसला शिंदे गुट के लिए जितना उत्साहवर्धक है, उद्धव ठाकरे गुट के लिए उतना ही बड़ा झटका। नाम और चुनाव निशान शिंदे गुट को मिलने का मतलब है कि चुनाव आयोग ने उसे ही असली शिवसेना माना है। ऐसे में अब पहला सवाल तो यही सामने आ गया है कि पार्टी की शाखाओं और उसके भवनों पर किसका कब्जा होगा। शिंदे गुट ने कहा है कि पार्टी के दादर स्थित मुख्यालय शिवसेना भवन पर वह फिलहाल दावा नहीं करेगा। वैसे भी उसका स्वामित्व एक ट्रस्ट के नाम है, तो उस पर कब्जा जमाना आसान नहीं होगा। अन्य ज्यादातर भवनों के साथ भी ऐसी ही दिक्कतें हैं। लेकिन राज्य भर में फैली शाखाओं के साथ ऐसा नहीं है। ज्यादातर शिवसेना शाखाएं और इसके भवन वगैरह स्थानीय नेताओं या उनसे जुड़ी संस्थाओं के पास हैं। जाहिर है, शिंदे गुट की पहली कोशिश शिवसेना से जुड़े स्थानीय नेताओं की वफादारी हासिल करने की होगी ताकि उनके जरिए पार्टी की पूरी संरचना पर कब्जा करके शिवसैनिकों को अपने पाले में लाया जा सके। शिंदे गुट को लग रहा है कि पार्टी का निशान मिल जाने के बाद अब उसके लिए ऐसा करना अपेक्षाकृत आसान भी होगा। लेकिन उद्धव ठाकरे गुट ने भी आक्रामक मुद्रा अख्तियार करते हुए ऐसे संभावित प्रयासों को नाकाम करने की तैयारी दिखाई है। पार्टी की तरफ से कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग सिर्फ चुनाव चिह्न पर फैसला कर सकता है, पार्टी से जुड़ी अन्य चीजों पर नहीं। सभी शाखाएं पार्टी की हैं और उसके शिवसैनिक वहां मुस्तैदी से तैनात रहेंगे। जाहिर है, आने वाले दिनों में यह टकराव बढ़ सकता है, लेकिन आखिरकार यह आम शिवसैनिकों और शिवसेना समर्थकों पर ही निर्भर करता है कि वे बाल ठाकरे के उत्तराधिकारी के रूप में किसे मान्यता देते हैं। इसकी पहली बड़ी परीक्षा मुंबई महानगरपालिका के चुनावों में होगी जो कुछ महीनों में होने वाले हैं। चूंकि मुंबई मनपा शिवसेना का सबसे मजबूत गढ़ मानी जाती रही है, उसका हाथ से निकलना निर्णायक साबित हो सकता है। इसे समझते हुए ही उद्धव ठाकरे ग्रुप भी इस लड़ाई में पूरी ताकत झोंके हुए है। उसने एमवीए के अन्य घटक दलों की चिंता छोड़कर प्रकाश आंडबेडकर की अगुआई वाली रिपब्लिकन पार्टी से गठबंधन कर लिया है। वैसे, अच्छी बात यह है कि गठबंधन के अन्य घटक दलों ने इसे ज्यादा तूल नहीं दिया। शरद पवार ने भी उद्धव ठाकरे का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरने का सुझाव दिया है। उद्धव ठाकरे भी विश्वासघात के आरोपों के सहारे आम शिवसैनिकों और पार्टी समर्थकों के मन में सहानुभूति पैदा करने में लगे हैं। इन चुनावों के नतीजे का तो इंतजार करना होगा, लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि लड़ाई दिलचस्प होने वाली है।

जाहिर है, आने वाले दिनों में यह टकराव बढ़ सकता है, लेकिन आखिरकार यह आम शिवसैनिकों और शिवसेना समर्थकों पर ही निर्भर करता है कि वे बाल ठाकरे के उत्तराधिकारी के रूप में किसे मान्यता देते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

झारखंड के आदिवासी और सदानी भाषाओं की जो परिस्थिति पूर्व में थी कमोवेश आज भी वही स्थिति बनी हुयी है। राज्य गठन के अठारह वर्ष गुजर जाने के पश्चात भी झारखंडी भाषाओं के प्रति सरकार का नजरिया अभी तक पूरी तरह से नहीं बदला है। इस ओर सरकार का रवैया भी काफी उपेक्षापूर्ण रहा है। यदि ईसाई मिशनरियों द्वारा झारखंड की भाषाओं के प्रति लगाव नहीं रहता, तो यहाँ की भाषाएं कब के विलुप्त हो चुकी होतीं।

अगले 50 सालों में खत्म हो जायेंगी झारखंड की आठ आदिवासी व सदानी भाषाएं

डॉ बीरेंद्र कुमार महतो

लंबे संघर्ष के पश्चात झारखंड राज्य तो अस्तित्व में आ गया, लेकिन इस संघर्ष में जिन भाषा और संस्कृति को आधार बनाकर संघर्ष किया गया, वही भाषा-संस्कृति आज अपना वजूद, अपना अस्तित्व बचाने के जद्दोजहद में हैं। हमारी पहचान देने वाली मातृ भाषाएं बाह्य संसर्ग और विकास की आंधी में गुम होती जा रही है। साथ ही शहरी इलाकों में बसी आदिवासी व सदानी आबादी अपनी भाषा का उपयोग बोलचाल में नहीं के बराबर करती हैं, इसलिए इन भाषाओं की हालात बहुत ही चिंताजनक है।

झारखंड के आदिवासी और सदानी भाषाओं की जो परिस्थिति पूर्व में थी कमोवेश आज भी वही स्थिति बनी हुयी है। राज्य गठन के अठारह वर्ष गुजर जाने के पश्चात भी झारखंडी भाषाओं के प्रति सरकार का नजरिया अभी तक पूरी तरह से नहीं बदला है। इस ओर सरकार का रवैया भी काफी उपेक्षापूर्ण रहा है। यदि ईसाई मिशनरियों द्वारा झारखंड की भाषाओं के प्रति लगाव नहीं रहता, तो यहाँ की भाषाएं कब के विलुप्त हो चुकी होतीं। मुंडारी भाषा के लिए होपमैन ने इनसाइक्लोपीडिया, कुड़ूख भाषा के लिए बडियन हॉन ने कुड़ूख ग्रामर लिखा उसी प्रकार नागपुरी भाषा के लिये जे. एच. ह्विटली ने 'नोट्स ऑन दी गंवारी डायलेक्ट', फा. कोनार्ड बुकाउट ने 'ग्रामर ऑफ दी नागपुरिया सदानी लैंग्वेज', फा. पीटर शांति नवरंगी ने 'नागपुरिया सदानी बोली का व्याकरण' लिखा। इनके अलावा जर्मनी की भाषा-वैज्ञानिक डॉ मोनिका जार्डन ने भी नागपुरी भाषा में शोध कर चुकी हैं। वर्तमान में जर्मनी के कील स्थित क्रिश्चीयन अल्ब्रेच्टस यूनिवर्सिटी में लिंग्वेस्टिक विभाग के प्रोफेसर और अध्यक्ष डॉ जॉन पीटरसन ने विगत दस वर्षो से झारखंड की भाषाओं पर शोधरत हैं। वे खड़िया भाषा में दो शब्दकोश लिख चुके हैं और वर्तमान में नागपुरी भाषा के लिये शब्दकोश तैयार कर रहे हैं। इसी विश्वविद्यालय के भाषा वैज्ञानिक डॉ नेत्रा पी पौडयाल भी झारखंड की विभिन्न भाषाओं पर शोध करते रहे हैं। वर्तमान में डॉ पौडयाल खोरठा और कुरमाली भाषाओं पर शोधरत हैं।

मातृभाषा दिवस 21 फरवरी पर विशेष : इक दिन बिक जायेगा माटी के मोल, जग में रह जायेंगे प्यारे तेरे बोल



झारखंडी भाषाओं का मौखिक साहित्य लिखित साहित्य से काफी समृद्ध है, जरूरत है इसके लिखित साहित्य को समृद्ध कर इसे बढ़ावा देने की, तभी यहां की आदिवासी व सदानी भाषाओं का विकास हो सकेगा। दूसरी तरफ शहरी क्षेत्रों में प्रवास कर रहे अधिकांस आदिवासी-सदान समाज के लोगों में अपनी भाषा बोलने वाले अब या तो बुढ़े हैं या जवान, बाजार के अनुकूल नहीं होने के कारण बच्चों में इन भाषाओं के प्रति कोई रुचि नहीं दिखाई देती। वहीं झारखंडी भाषाओं में सामुदायिक व व्यक्तिगत स्तर पर कई पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाता रहा है, परन्तु आर्थिक समस्या के चलते कई तो बंद हो चुके और जो बचे हैं उनकी भी स्थिति दयनीय है। जानकर आश्चर्य होगा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग शायद देश का पहला ऐसा विभाग है, जहां एक साथ झारखंड प्रदेश की नौ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू की गयी थी, परंतु सरकारी उदासीनता के कारण यह विभाग काफी पिछड़ा हुआ है।

झारखंड के आदिवासियों व सदानों में द्रविड़, आस्ट्रिक और आर्य भाषा परिवार से संबद्ध भाषाओं का बोलबाला है। उराँव जनजाति की भाषा कुड़ुख व सौरिया पहाडिया जनजाति की भाषा मालतो द्रविड़ परिवार की भाषा है, जबकि मुंडारी, संताली, हो और खड़िया आस्ट्रिक भाषा परिवार से तथा नागपुरी, खोरठा, कुरमाली और पंचपरगनिया आर्य भाषा परिवार से संबद्ध हैं। इस परिवार की कई भाषाएं वैज्ञानिक, तकनीकी शब्दावली के अभाव में बाजार की माँग के अनुरूप खरी नहीं उतर पा रहीं, जिसके परिणाम स्वरूप उन भाषाओं का विलुप्त होने का खतरा बढ़ गया है।

झारखंड की आठ भाषाएं यथा कुड़ुख, मुंडारी, हो, खड़िया, असुरी, भूमिज, बिरहोरी, मलतो आदि लगभग विलुप्त होने के कगार पर हैं। झारखंड के साथ साथ असम की 55, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नगालैंड की 17 और त्रिपुरा की 10 भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा जारी किए गए आंकड़े के अनुसार विश्व में199 भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वालों की संख्या एक दर्जन से भी कम है।

कैरेम भाषा जिसे उक्रेन में मात्र 6 लोग बोलते हैं।

ओकलाहामा में विचिता भाषा मात्र10 लोग ही बोलते हैं।

इंडोनेशिया में लेंगिलू भाषा बोलने वाले मात्र 4 लोग ही बचे हैं।

178 भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले लोगों की संख्या150 से कम है।

आज स्थिति यह है कि संसार में प्रचलित करीब 6000 भाषाओं में से एक-चौथाई को बोलने वाले सिर्फ एक ही हजार लोग बचे हैं। इनमें से भी सिर्फ 600 भाषाएं ही फिलहाल सुरक्षित होने की श्रेणी में आती हैं। किसी नई भाषा के जन्म लेने का कोई उदाहरण भी हमारे सामने नहीं है। दुनिया भर में इस वक्त चीनी, अंगरेजी, स्पेनिश, बांग्ला, हिंदी, पुर्तगाली, रूसी और जापानी कुल आठ भाषाओं का राज है। दो अरब 40 करोड़ लोग ये भाषाएं बोलते हैं।

बहरहाल यहां की 32 जनजातीय समुदायों की 32 भाषाओं में से 27 विलुप्त हो चुकी हैं और पांच जनजातीय भाषाओं को केंद्रीय भाषा संस्थान मैसूर ने देश के बारह संक्रमण काल से गुजर रही भाषाओं की सूची में डाल खतरे का संकेत दे चुकी है। भाषाविदों और भाषा शास्त्रियों ने साफ तौर पर सतर्क करते हुये कह दिया है कि यदि साकारात्मक प्रयास नहीं हुए तो आने वाले सौ वर्ष में वर्तमान में तकरीबन 15 लाख लोगों के द्वारा बोली जाने वाली कुड़ुख भाषा भी विलुप्त हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की सांस्कृतिक परिषद की रिपोर्ट के अनुसार इस सदी में दुनिया के सात हजार भाषाओं में से 63 सौ भाषाएं मर जायेंगी।

27 साल में लुप्त हुई भाषाएं

ऑस्ट्रेलिया के जनजातीय समूह में बोली जाने वाली दो भाषाएं यावुरू और मगाटा को बोलने वाले केवल तीन लोग बचे हैं। इसी तरह भाषा अमुरदाग है, जिसे बोलने वाला केवल एक व्यक्ति जिन्दा है।

बो – यह ग्रेट अंडमानी भाषा इसी साल लुप्त हुई, जब इसे बोलने वाली एकमात्र महिला बोआ सीनियर की मौत हुई। यह भाषा उत्तरी अंडमान के पश्चिमी किनारे पर बोली जाती थी। यह भाषा लिपिहीन थी इसलिए इसके संबंध में अब कोई जानकारी नहीं है।

इयाक – यह 21 जनवरी 2008 को लुप्त हुई। इसे बोलने वाले आखरी व्यक्ति थे स्मिथ जोन्स। इयाक एक सदी पहले अलास्का के प्रशांत महासागरीय तटीय क्षेत्रों में काफी प्रचलित थी।

अकाला सामी – यह रूस के कोला पेनेसुएला में बोली जाती थी। इसे बोलने वाले आखरी व्यक्ति मार्जा सजीर्ना थे जिनकी मौत 29 दिसंबर 2003 को हुई। इसका लिखित ज्ञान इतना कम है कि इसे पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता।

गागुडजू – इसकी मौत 23 मई 2002 को इसे बोलने वाले आखरी व्यक्ति बिग बिल निएट्जी के साथ हुई। यह कभी उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में बोली जाती थी। इस भाषा को काकाडू या गागाडू के नाम से भी जाना जाता है।

उबयेख – यह कभी तुर्की के कॉकेशियन प्रांत में बड़े पैमाने पर बोली जाती थी। यह क्षेत्र काला सागर के इलाके में पड़ता है। उबयेख के अंतिम जानकार का नाम अज्ञात है, लेकिन माना जाता है कि उनकी मृत्यु 1992 में हुई थी।

मुनिची – यह कभी पे डिग्री के यूरीमागुआस प्रांत के मुनिचीस गांव में बोली जाती थी। इस भाषा के अंतिम जानकार हुऐनचो इकाहुएटे थे जिनकी मौत सन 1990 में हुई थी।

कामास – इसे कामाशियन के नाम से भी जाना जाता है। यह रूस के यूराल पर्वतमाला क्षेत्र में बोली जाती थी। आखरी बोलने वाले कलावाडिया पोल्तोनिकोवा थे जिनकी मौत सन 1989 में हो गई। भाषा का व्याकरण अभी भी उपलब्ध है।

मियामी इलिनाइस – यह देशज अमेरिकन भाषा थी। 1989 में हुए अध्ययन के बाद पाया गया कि इसे बोलने वाला कोई नहीं बचा है। लुप्त होने से महज 25 साल पहले तक अमेरिका के इलिनॉय, इंडियाना, मिशिगन, ओहायो जैसे प्रांतों में इसे बोलने वाले कुछ लोग थे।

नेगरहॉलैंड्स क्रिओल – यह 1987 में लुप्त हुई। आखरी व्यक्ति जो इस भाषा की जानकार थी वे थी श्रीमती एलिक स्टीवेंसन। यह भाषा अमेरिका के वर्जिन आइलैंड में बोली जाती थी।

(लेखक : असिस्टेंट प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ टीआरएल, रांची विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

उपायुक्त ने जनता दरबार में मंच से सुनी 71 लोगों की फरियाद

पदाधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

बहरागोड़ा। जिले के उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के पहल पर बहरागोड़ा के खंडामौदा पंचायत में जनता दरवार का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में क्षेत्र के जरूरतमंद ग्रामीण समस्याओं को लेकर जनता दरबार में शामिल हुए। सोमवार को आयोजित जनता दरवार के विभागीय स्टॉल में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याओं पर मुखर होकर अपनी बातें रखी। जिसे काफी संवेदनशील होकर उपायुक्त व पदाधिकारियों के द्वारा सुना गया। मौके पर स्थानीय विधायक,प्रखंड प्रमुख श्रीमती सुषमा सोरेन व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनता दरबार में शामिल उपायुक्त ने सबसे पहले कार्यक्रम स्थल पर बने हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त चिकित्सक एवं कर्मियों से उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर आने वाले मरीजों की संख्या, खुलने एवं बंद होने का समय व अच्छे व्यवहार के साथ

दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान मौजूद पदाधिकारियों को सरकार की योजनाओं का विस्तृत जानकारी देने एवं योजनाओं का ज्यादा लाभ देने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा पदाधिकारी व कर्मचारी अच्छा आचरण बनाते हुए लोगों से मिलेंगे, उनकी समस्याओं को सुनेंगे तो सहर्ष ही ग्रामीण सामने आकर परेशानियों को रखेंगे। पूरी प्रक्रिया में शासन-प्रशासन के लोक सेवा के उद्देश्यों की ही पूर्ति होगी। उन्होंने कहा जरूरी है सभी पदाधिकारी व कर्मचारी का आम जनता के लिए सर्व सुलभ रहें। वही उपायुक्त ने मंच से ही 71 लोगों की फरियाद को काफी संवेदनशील होकर सुना।

परिसंपत्ति का वितरण किया

मौके पर पदाधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन करने का दिए निर्देश। वही कई लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। खुशी मे ग्रामीणों ने उपायुक्त के प्रति आभार जताया। जनता दरबार में विभिन्न स्टॉल से कुल 518 आवेदनों में से 259 का ऑन दा स्पॉट निष्पादन किया गया। 152 आवेदन लंबित हैं तथा 107 आवेदन प्रकियाधीन हैं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को समयबद्ध रूप से निष्पादन का निर्देश दिया गया। मौके पर 131 लोगों की स्वास्थ्य जांच,आयुष्मान के19 आवेदन, शिक्षा विभाग का 01 आवेदन, समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा 25, कल्याण विभाग 11, आपूर्ति विभाग 15, मनरेगा में 20, आवास में 53, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को 12, विद्युत विभाग 7,आधार कार्ड 34, वोटर कार्ड 2, राजस्व विभाग 37, श्रम नियोजन विभाग 12, कृषि विभाग 46, पशुपालन विभाग 62, सहकारिता विभाग 10, बैंक 14 तथा पंचायत राज विभाग को 7 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर 114 लाभुकों के बीच 19 लाख, 85 हजार 900 रूपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। 21 लाभुकों के बीच केसीसी कार्ड का वितरण,10 लोगों को मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना,10 मुख्यमंत्री विधवा सम्मान पेंशन,10 दिव्यांग पेंशनरों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, 01 ट्राईसाइकिल, 5 दिव्यांग यंत्र, 5 जोड़ों को कन्यादान योजना का लाभ,1 ब्लाइंड स्टीक,1 व्हील चेयर, 2 श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। 5 लाभुकों को ग्रीन कार्ड, 3 को सोना सोबरन धोती साड़ी, दो लाभुक को दूधारू गाय से लाभान्वित किया गया। 4 कुष्ठ रोग से पीड़ित को किट, 5 लोगो को फुलो झानो योजना का लाभ, तथा 19 स्वयंसहायता समूह को आजीविका हेतु 8 लाख का ऋण उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर निदेशक सौ?भ सिन्हा, निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योतस्ना सिंह, एडीसी जयदीप तिग्गा, डीएसओ राजीव रंजन, डीटीओ दिनेश रंजन, एसडीओ घाटशिला सत्यवीर रजक, डीपीओ अरूण द्विवेदी, बीडीओ राजेश साहू, सीओ जीतराय मुर्मू, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एलडीएम समेत अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

कम सुनने और शिक्षा से वंचित बीए की छात्रा को मिला श्रवण यंत्र,जतायी खुशी,कहा

अब आगे पढ़ूंगी डीसी मैडम

आजाद सिपाही संवाददाता

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा के खंडामोदा पंचायत भवन में सोमवार को आयोजित जनता दरवार में बीए की छात्रा चिंता मुंडा की एक कान से सुनने में परेशानी पर पढ़ाई से बंचित होने की जानकारी मिलते ही उपायुक्त ने छात्रा को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराये। श्रवण यंत्र मिलने पर चिंता मुंडा ने खुशी जताते हुए कहा डीसी मेडम अब आगे भी पढ़ूंगी। वही 70 वर्षीय दिव्यांग प्रताप खामराई का उपायुक्त ने हेल्थ चेकअप कराया। साथ ही पीएम आवास की स्वीकृति तथा

आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। मौके पर दिव्यांग अंजली कामीला को ट्राईसाइकिल तथा तूफान सिंह को व्हील चेयर मिलने पर उनके परिजनों ने इस संवेदनशील कार्यशैली के लिए जिला प्रशासन को आभार जताया।

कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने सेशन लेट होने का लगाया आरोप

प्रमोट करने की मांग की

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज में पड़ने वाले फोर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने कॉलेज में फोर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई में लेट होने से नाराजगी जतायी। सोमवार को विद्यार्थियों ने प्रमोट करने के मांग को लेकर कॉलेज परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का मानना है पूर्व में भी कोरोना काल में सेशन लेट होने के कारण विद्यार्थियों को प्रमोट किया गया था। विद्यार्थियों का कहना है 4ड्ड सेमेस्टर लेट चलने से 5ड्ड सिनिस्टर के लिए विद्यार्थियों को काफी परेशानी होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए छात्रा लबली कुमारी ने कहा फोर्थ सेमेस्टर के सेशन काफी लेट से चल रहा है। जिसके कारण लगभग विद्यार्थी का उम्र कहीं ना कहीं क्रॉस कर जा रहा है। उन्होंने बताया जुडिशल के

लिए 35 वर्ष का उम्र निर्धारित किया गया है। लॉ कॉलेज में इस तरह से सेशन लेट चलने से जुडिशल कोर्स 2025 के जायेगा 26 में समाप्त होगा। इस वजह से शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों में आधे से ज्यादा विद्यार्थियों का उम्र खत्म हो जाएगा। फिर विद्यार्थियों का पढ़ना और नहीं पढ़ना दोनों एक बराबर हो जायेगा। वही छात्र सुजीत कुमार ने बताया पूर्व में कोरोना काल के दौरान सेशन लेट होने के कारण विद्यार्थियों को प्रमोट किया गया था। इस बार भी उसी तरह का स्थिति बना हुआ है। विद्यार्थियों के द्वारा कुलपति को पत्र भेजा गया है। फिलहाल सभी विद्यार्थी प्रिंसिपल को पत्र सौंपकर प्रमोट करने की मांग कर रहे है। उन्होंने आधा घंटा का समय मांगा था लेकिन अभी तक नहीं हो पाया। सुजीत कुमार ने बताया अगर विद्यार्थियों की मांग पूरी नहीं होगी तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वही कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया किसी कारण बस एडमिशन ही लेट हुआ था। जिसके कारण सेशन लेट चल रहा है।

बांधडीह गांव में चल रहे हरिनाम संकीर्तन में पहुंचीं जिला परिषद् सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता

शिव मंदिर परिसर में हो रहे आयोजन में जुट रहे हैं काफी श्रद्धालु

गालूडीह। घाटशिला थाना क्षेत्र की कालाचित्ती पंचायत अंतर्गत बांधडीह में चल रहे 24 प्रहरी अखंड हरिनाम संकीर्तन में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू भी शामिल हुईं। बांधडीह शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे संकीर्तन में श्रीमती मुर्मू ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। साथ ही उन्होंने मत्था टेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष दयानंद गोस्वामी संप्रदाय बांकुड़ा, दलु महाकुड़ संप्रदाय बनकाटी, उर्मिला दास महिला संप्रदाय पुरुलिया, वरुण भकत संप्रदाय कदमडीह, चुनका दास संप्रदाय फूलडुंगरी व केशव चंद्र भकत संप्रदाय बड़ाजुड़ी की टीमें शामिल हो रही हैं। संकीर्तन को सफल बनाने में पुजारी स्वपन गोस्वामी, माधव चंद्र महतो, कृष्ण कैवर्त, हरिपद नामता, मोचीराम भूमिज समेत अनेक सदस्य जुटे हुए हैं।

मदरसे में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण करने का मामला आया सामने

नगर ऊंटारी थाने में मुफ्ती के खिलाफ एफआईआर दर्ज, गिरफ्तारी के डर से मुफ्ती फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। मदरसे में बच्चों को तालीम देने के बजाय नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। इस तरह के घृणित कुकृत्य का आरोप किसी और पर नहीं बल्कि मदरसे में तालीम देने वाले मुफ्ती पर लगा है। मुफ्ती समीरुदीन पश्चिम बंगाल का रहने वाला है।

यह वाकया गढ़वा जिला जिले नगर ऊंटारी थाना अंतर्गत कोइन्दी गांव स्थित दारुल उलूम समसिया मदरसे का है। उक्त मदरसे में इस तरह का खेल आज से नहीं बल्कि काफी पहले से चल रहा है। इसका खुलासा मदरसे में तालीम ले रहे बच्चों ने किया है। जानकारी के मुताबिक उक्त मदरसे में 40-50 बच्चे तालीम लेते हैं। मामला तब सामने आया जब रविवार की रात को बच्चों को अपने कमरे में बुलाया और भवनाथपुर थाना क्षेत्र के एक बच्चे को छोड़ दो लड़कों को बाहर भेज दिया। उस एक बच्चे से मुफ्ती ने तालीम देने के बजाय शरीर मालिश कराने लगा। इस बीच मालिश से मदमस्त मुफ्ती उस बच्चे से अनैतिक कार्य कराने लगा। उस दौरान बच्चे ने घृणित कार्य का विरोध किया। उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। घटना से आक्रोशित बच्चे के परिजनों ने सोमवार को मदरसा पहुंच कर मौलाना और मुफ्ती से बातचीत की। परिजनों के मुताबिक मुफ्ती ने गांव से अपने कुछ समर्थक ग्रामीणों को बुला लिया। इस बीच बात बढ़ गयी और मुफ्ती ने समर्थक ग्रामीणों के साथ परिजनों पर हमला बोल दिया तथा परिजनों का हाथ पैर बांधकर मारपीट की। पीड़ितों की सूचना पर पहुंची पुलिस मदरसे में पढ़ने वाले आधा दर्जन बच्चों को वहां से लेकर थाने पहुंची। पीड़ित बच्चों ने थाने में पुलिस अधिकारियों को पूरी बात बतायी। एक अन्य बच्चे ने भी पुलिस को मुफ्ती द्वारा इसके पहले भी घृणित कार्य किये जाने संबंधी जानकारी दी। इस मामले में मुफ्ती के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद मुफ्त फरार है।

विधायक भानु ने उप स्वास्थ्य केंद्र एवं पीसीसी पथ की रखी आधारशिला

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं पालनगर शिव चबूतरा स्थित पीडब्ल्यूडी सड़क से कोलझिकी पुल तक पीसीसी पथ की आधारशिला विधायक भानु प्रताप शाही ने रखी। मुकुंदपुर उपस्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा अर्चना कर गांव के ही बुजुर्ग महेशी बियार के हाथों नारियल फोड़वा कर की। इस उपस्वास्थ्य केंद्र की प्राक्कलित राशि लगभग 30 लाख है, जबकि पीसीसी पथ की प्राक्कलित राशि लगभग 10 लाख है। सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हो जाने से बहू-बेटियों को प्रसव कराने में सहूलियत होगी। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह, मुखिया मूंगा साह, प्रमोद कुमार, कलेन्द्र पासवान, अरविंद वर्मा, राजा प्रसाद, रामप्रसाद कमलापुरी, कृपाशंकर जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ महारुद्र यज्ञ शुरू

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के डूमरसोता पंचायत स्थित अड़ंगा बाबा के पास सोमवार को विराट कलश यात्रा के साथ महारुद्र यज्ञ प्रारंभ हो गया। कलश यात्रा अड़ंगा बाबा से चलकर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास सोन नद से अभिमंत्रित जल भरकर यज्ञशाला में स्थापित किया गया। कलश यात्रा के दौरान आचार्य सियाराम शरण के द्वारा सभी कलशधारियों को अभिमंत्रित कर जल भरवाया गया। कलश यात्रा में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुखदेव गुप्ता, सचिव सुरेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष मत्क्षेन्द्र मिश्रा शंशाक शेखर के अलावे निर्मल विश्वकर्मा राममणी तिवारी उपेन्द्र पाण्डेय लक्ष्मण राम हरिश्चंद दुबे, राजेश शर्मा शम्भु नाथ मिश्रा, बालेश्वर मिश्रा प्रकाश मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

भंडरिया में एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

भंडरिया (आजाद सिपाही)। बीआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण भवन में शिक्षकों का एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बीपीएम रवि कुमार, सीआरपी विजयकृष्णन सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर बीपीएम रवि कुमार ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बतौर प्रशिक्षक कमील तिर्की, मनीष कुमार, अमित कुमार विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दे रहे हैं। मौके पर शिक्षक जॉन पीटर गिद्ध, दिनेश कुमार सहित 40 की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थीं।

आंदोलन : अचला नवाडीह कब्रिस्तान बचाओ को लेकर निकाली जन आक्रोश रैली

हिंदू-मुस्लिम समन्वय समिति के सैकड़ों लोग उतरे सड़क पर

उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, कहा- कब्रिस्तान बचाव के लिए करें वैकल्पिक व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय में शिवालया कंस्ट्रक्शन के द्वारा बाईपास सड़क निर्माण कार्य के बीच अचला नावाडीह कब्रिस्तान आने के दौरान इस मामले को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मामला दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। लोगों का मानना है कि हम बाईपास सड़क अपने पूर्वजों के कब्र के ऊपर से नहीं गुजरने देंगे। शिवालय कंस्ट्रक्शन बाईपास सड़क का निर्माण करे किंतु कब्रिस्तान के बगल से करे। जिसे लेकर आज हिंदू-मुस्लिम समन्वय समिति के बैनर तले जिला मुख्यालय के गोविंद हाई स्कूल के मैदान टाउन हॉल से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हाथों में तख्तियां एवं बैनर लिये जिला मुख्यालय तक नारेबाजी करते हुए पहुंचे। जहां एक ओर गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप को अचला नवाडीह कब्रिस्तान एवं कर्बला को एनएच 75 बाईपास सड़क निर्माण के जद में आने तथा पूर्णरूपेण क्षतिग्रस्त हो जाने से बचाव को लेकर ज्ञापन सौंपा।

तो वहीं जन आक्रोश रैली में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने कहा कि किसी भी जाति धर्म की भावना से खिलवाड़ करना ठीक नहीं है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। मौके पर जन आक्रोश रैली की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष आसिक अंसारी ने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधि नाकारा हैं। यह लड़ाई जनप्रतिनिधि का है। यहां के विधायक, जनप्रतिनिधि एवं मंत्री हमारी सरकार हैं। इसके बाद भी हमें लड़ना पड़ रहा है। यह बहुत ही अफसोस की बात है।

वहीं झालको के पूर्व चेयरमैन सिराज अहमद अंसारी ने कहा कि अचला नवाडीह कब्रिस्तान बचाओ जन आक्रोश रैली में आज सैकड़ों की संख्या में हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति के लोग कब्रिस्तान की भूमि का बचाने के लिए सड़क पर उतरे हैं।

वहीं राजद नेता फरीद खान ने कहा कि हम सभी प्रयास कर रहे हैं कि कब्रिस्तान बचना चाहिए। उस कब्रिस्तान में सौ-दो सौ मुस्लिम समुदाय के लोग दफन हैं। आज बाईपास सड़क का निर्माण कब्रिस्तान के ऊपर से पार करने का कार्य किया जा रहा था, जिसे लेकर हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति ने रोकने का कार्य किया है। जैसा कि लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण से पहले सर्वे कार्य भी कब्रिस्तान के बगल से होकर गुजरा है फिर भी कब्रिस्तान के ऊपर से ही बाईपास सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो नहीं होना चाहिए। कब्रिस्तान बचना चाहिए यह हम राज्य सरकार और केंद्र सरकार से भी मांग करते हैं।

जबकि वहीं 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि कब्रिस्तान में किसी भी तरह की बाधा नहीं उत्पन्न हो रही है। इसका सर्वे 2015-16 में ही हुआ था। उस समय राज्य में भाजपा की सरकार थी। उस समय क्षेत्रीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी हुआ करते थे। जहां एक तरफ उनकी जमीन थी और एक तरफ कब्रिस्तान। खुद की जमीन को बचाने के लिए कब्रिस्तान की जमीन को सर्वे में देकर बाईपास सड़क निर्माण के लिए दिया गया। जिसमें सरासर राजनीति हुआ है। लेकिन अब इसमें राजनीति नहीं होने देंगे और हम लोग चाहेंगे कि कब्रिस्तान बचे और किसी भी परिस्थिति में कब्रिस्तान बचेगा। इसके लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बात कर ली है जिसमें 22 फरवरी को मिलने का भी समय मिला है।

मौके पर घूरन राम, ताहिर अंसारी, मुजीब मुखिया, फरीद खान, सूरज सिंह, सलीम अंसारी, फरठिया मुखिया शहंशाह आलम, शरीफ अंसारी, विनोद चंद्रवंशी, कंचन साहू, धीरज दुबे, तनवीर आलम, मदनी खान, आलमगीर अंसारी, याकूब इकबाल, ओबेदुल्ला हक सहित सैकड़ों की संख्या में हिंदु मुस्लिम समन्वय समिति के लोग उपस्थित थे।

प्रखंड स्तरीय झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

राज्य सरकार ने 1932 का खतियान लाकर व ओबीसी को 27% आरक्षण देकर झारखंड की जनता को सम्मान देने का काम किया है : अनंत प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता

केतार। प्रखंड के सरयू दास रामलीला मैदान में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सात पंचायतों से आये झामुमो कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, जिला अध्यक्ष तनबीर आलम, मनोज ठाकुर, झामुमो नेता ताहिर अंसारी को फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद नारो के साथ आगे की कार्यक्रम शुरू किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में झामुमो के बूथ स्तर तक कमेटी गठन के साथ-साथ संगठन में मजबूती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं झामुमो नेताओं ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार द्वारा उनके सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को हर गांव के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने एवं उसका लाभ

दिलाने को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रयास करने पर जोर दिया गया।

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार जब से बनी है तब से केंद्र की भाजपा सरकार ने ईडी सीबीआई लगाकर सरकार को परेशान करने में लगी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 1932 का खतियान लाकर व ओबीसी को 27% आरक्षण देकर झारखंड की जनता को सम्मान देने काम किया है। कार्यक्रम में झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने भी संबोधित किया। मौके पर झामुमो नेत्री सह जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, कबुतरी देवी, किरण देवी, प्रमुख चंदावती देवी, रामबिचार साहू, पंकज सिंह, जंयत विश्वकर्मा, कामेश्वर सिंह, छोटन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी केंद्र कांडी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विद्यासागर मेहता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम से पूर्व प्रशिक्षण का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों से 40 शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में पुरुषोत्तम द्विवेदी, अभय कुमार दुबे, उमाकांत तिवारी, विनोद कुमार चंचल के द्वारा शिक्षकों के बीच प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रतिभा कुमारी, रविकांत दास, कौशल्या कुमारी, भागमणि कुमारी, तारा कुमारी, अर्चना कुमारी, मोहम्मद अली, सतीश चंद राम के अलावे अन्य कई शिक्षक मौजूद थे।

कार्यक्रम : आइएमए ने किया कंस्टीट्यूशनल मेडिकल एजुकेशन का आयोजन

विशेषज्ञों की टीम ने हृदय रोग और इससे बचाव की दी जानकारी

विशेषज्ञों की टीम में डॉक्टर विकाश केशरी (हृदय रोग सर्जन), डॉ कुमार पंकज प्रभात एवं डॉ साकेत शामिल थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा विद्या सिटी मॉल के बैंक्वेट हॉल में सीएमई (कंस्टीट्यूशनल मेडिकल एजुकेशन) का आयोजन किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन गढ़वा की ओर से अध्यक्ष डॉक्टर दिवाकर ने हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम का स्वागत किया गया।

विशेषज्ञों की टीम में डॉक्टर विकाश केशरी (हृदय रोग सर्जन), डॉ कुमार पंकज प्रभात

एवं डॉ साकेत ने हृदय रोग संबंधी विभिन्न रोगों के बारे में जानकारी एवं उसके उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ पंकज एवं डॉ साकेत ने छाती में दर्द होने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा हृदयाघात से बचने के लिए उसके उपचार के बारे में आईएमए के सभी डॉक्टरों को जानकारी दी। इसके अलावा डॉक्टर विकाश केशरी हृदय रोग सर्जन ने विभिन्न तरीके के हार्ट की सर्जरी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किस तरीके से हार्ट के भल्ब बदले जाते हैं एवं बाईपास ऑपरेशन किये जाते हैं उसके तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न तरीके से हार्ट के ऑपरेशन के बारे में भी जानकारी दी। डॉक्टर विकाश केशरी नारायण हृदयालय, गुरगावां के वरिष्ठ हृदय रोग सर्जन हैं और और उन्हें हृदय संबंधी विभिन्न ऑपरेशन करने में महारथ हासिल है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए सचिव डॉ निशांत ने की। सीएमई के चेयर पर्सन आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर दिवाकर, सीनियर फिजिशियन डॉक्टर जेपी सिंह, पूर्व सिविल सर्जन डॉ कमलेश कुमार एवं डॉ अमित ने कार्यक्रम में संबोधित किया। इस मौके पर जिले के सभी चिकित्सक शामिल होकर हृदय रोग संबंधी रोगों के समुचित उपचार के बारे में जानकारी बढ़ाई।

डॉक्टर पंकज एवं डॉक्टर साकेत ने हृदयाघात होने पर शुरुआती गोल्डन आवर में उपचार की महत्ता को बताया एवं एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

डॉक्टर पंकज ने (सिंकोप) यानि अचानक से चक्कर लगना या बार-बार चक्कर लगना के हृदय संबंधी कारणों की विस्तृत रूप से चर्चा की।

आईएमए सचिव डा निशांत ने कहा कि गढ़वा जिले के लिए 24 घंटे हृदय रोग संबंधी विशेषज्ञ की उपलब्धता होना किसी सपने से कम नहीं है। डॉ निशांत ने धन्यवाद ज्ञापन किया और आये हुए सभी चिकित्सकों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में डॉक्टर मनीष, डॉक्टर टी प्यूष, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर एनके रजक, डॉक्टर मुनाजिर, डॉ कश्मूर, डॉक्टर राकेश तरूण, डॉक्टर अरशद एवं जिले के तमाम चिकित्सक उपस्थित थे।

जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के सत्र 2023 के नये पदाधिकारियों का चयन, कमलेश गुप्ता बने अध्यक्ष

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की आम बैठक स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में हुई। इस बैठक में सत्र 2023 के नये पदाधिकारियों के चुनाव हेतु चुनाव संचालन समिति के संयोजक मदन प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव संचालन समिति के संयोजक मदन प्रसाद केशरी के साथ चुनाव संचालन समिति सदस्य राकेश केशरी, विनोद गुप्ता, अशोक गुप्ता एवं मनदीप प्रसाद की उपस्थिति में सत्र 2023 के लिए जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के नये पदाधिकारियों के नामों की घोषणा सर्वसम्मति से की गयी। बैठक में कमलेश गुप्ता 'पिन्टू बाबू' को अध्यक्ष, राकेश बाबू सर्राफ को उपाध्यक्ष आंतरिक, अशोक गुप्ता को उपाध्यक्ष बाह्य, चंद्रभूषण सिन्हा को प्रशासनिक निदेशक, अशोक केशरी को वित्त निदेशक तथा मोजीबुद्दीन खान को मीडिया प्रभारी चयनित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के नव चयनित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष ध्रुव केशरी, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, एमपी केशरी, फेडरेशन 8 यूनिट 2 के निदेशक मनोज केशरी रूपा गंजी, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के कमलेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, वित्त निदेशक अशोक केशरी सहित दीपक तिवारी, राकेश बाबू सर्राफ, सुनील अग्रवाल, अवधेश कुशवाहा, दीपक केशरी, मनोज केशरी सन रेडियो, मंदीप प्रसाद आदि सदस्य उपस्थित थे।

कार्यालय :-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा
Sadar Hospital Campus, Koderma (Jharkhand) 825410
E-mail:- cs.koderma4@gmail.com

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग कोडरमा अंतर्गत PR No. 288356 द्वारा प्रकाशित वाहन निलामी सूचना संख्या 03/22-23 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। नये स्तर से पुनः वाहन निलामी सूचना का प्रकाशन किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा

PR 290761 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)#D

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा।
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
Email- mdmloh@rediffmail.com
lohardagamdm@gmail.com

-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् लोहरदगा जिला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लोहरदगा जिला के लोहरदगा प्रखण्ड में अवस्थित राज्य खाद्य निगम गोदाम से सभी संबंधित प्रखण्ड के विद्यालयों तक सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम 42.50 (बियालीस रूपये पचास पैसे) मात्र प्रति क्विंटल की दर सीमा अंतर्गत, जो वर्ष 2022-23 तक मान्य होगा के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें किसी भी निविदा दाता का चयन नहीं हो पाने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है।

खाद्यान्न (चावल) के परिवहन-सह-हथालन कार्य करने हेतु लोहरदगा जिला के सभी प्रखण्डों के विद्यालयों के लिए दिनांक 21.02.2023 से 28.02.2023 के 5.00 बजे अपराह्न तक विहित प्रपत्र में सशर्त खुली निविदा आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 01.03.2023 को 12.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा की अन्य शर्तें https://lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,लोहरदगा। PR 290717 Lohardaga(22-23)D उप विकास आयुक्त, लोहरदगा।

झारखण्ड सरकार
खाद्य,सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग (विधिक माप विज्ञान प्रभाग)

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा श्री सुरेन्द्र कुमार, सेवा निवृत तकनीकी सहायक, कार्यालय सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, दुमका को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोडरमा में पदस्थापन के दौरान दिनांक 23.12.2002 को निगरानी ब्यूरो, झारखण्ड, राँची के द्वारा रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था एवं आपके तकनीकी सहायक कार्यालय सहायक कृषि निदेशक-सह-उप नियंत्रक, माप एवं तौल, हजारीवाग के पद पर पदस्थापित रहने के दौरान जन वितरण दुकानदारों से रु० 3500 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेजने के आलोक में आपके विरूद्ध क्रमशः निगरानी काण्ड संख्या-76/2002 एवं निगरानी काण्ड संख्या 15/16 दर्ज है।

2. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राँची के पत्रांक 10829 दिनांक 24.12.2021 द्वारा आपको निगरानी थाना काण्ड संख्या 76/02 माननीय निगरानी न्यायालय, हजारीबाग द्वारा "7 पी सी एक्ट 1988 के तहत 02(दो) वर्ष 06(छः) माह कारावास एवं रु० 20000/-(बीस हजार) जुर्माना, जुर्माना नही देने पर 06(छः) माह अतिरिक्त कारावास एवं 13(2) सह पठित धारा (1)(डी) पी सी एक्ट 1988 के तहत 03(तीन) वर्ष कारावास एवं रु० 40000/-(चालीस हजार) जुर्माना, जुर्माना नही देने पर 09(नौ) माह अतिरिक्त कारावास" की सजा दी गई है।
3. माननीय निगरानी न्यायालय द्वारा दी गई सजा के आलोक में आपके कृत्य के विरूद्ध दण्ड अधिरोपन के निर्णय के संबंध में पत्रांक 279, दिनांक 02.12.2022 द्वारा आपसे कारण पृच्छा की गई। कारण पृच्छा अप्राप्त रहने के कारण पत्रांक 17, दिनांक 24.01.2023 से स्मारित भी किया गया परन्तु कारण पृच्छा अप्राप्त है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निदेश दिया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर कारण पृच्छा संबंधी पत्र प्राप्त कर उसके आलोक में अपना लिखित पक्ष नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, झारखण्ड, राँची के कार्यालय को प्रस्तुत करें, अन्यथा यह समझा जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं अधोहस्ताक्षरी अंतिम निर्णय लेने में स्वतंत्र होगा।

ह0/-
(कृष्ण चन्द्र चौधरी)
नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, झारखण्ड, राँची।

PR.NO.290732 Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई- निविदा सूचना संख्या - RDD/SD/RANCHI/14/2022-23 Re-tender (2nd Call)
P.R. No. 287804 Rural Development (22-23):D
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र०सं०	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राषि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राषि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
I	राँची जिला के माण्डर प्रखण्ड अन्तर्गत टॉगरबसली डुमरी मुख्य पथ स्थित बिरगोड़ा नदी पर पुल निर्माण।	441.48493	10,000.00	8,83,000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - दिनांक 01.03.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक 03.03.2023 से दिनांक 13.03.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 15.03.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान - मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय - दिनांक 16.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं० - 9523491111
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डोरंडा शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
राँची

PR290686 (Rural Development)22-23*D

ढुकु महिलाओं का सामुदायिक विवाह कार्यक्रम संपन्न

अलग-अलग धर्मों के 50 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। स्वयं सेवी संस्था निमित्त रांची के तत्वावधान में सोमवार को नगर भवन खूंटी में ढुकु महिलाओं का सामुदायिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वर्षों से लिव इन रिलेशनशीप में रह रहे अलग-अलग धर्मावलंबियों के 50 जोड़े विधिवत परिणय सूत्र में बंधे। जिससे गांव में उन्हें अब सामाजिक मान्यता प्राप्त हो जाएगी। मौके पर पहुंचे उपायुक्त शशि रंजन एवं उप

विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा वर-बधू के सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की गयी। साथ ही नव दम्पतियों के बीच तोहफा के रुप में गृहस्थ जीवन में उपयोग आने वाली सामग्रियों का वितरण किया गया। उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में सभी जोड़ो को उनके परंपरा व रीति- रिवाज के अनुसार विवाह कराया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि गांव में लिव इन रिलेशनश में रहने वाले हजारों परिवारों के लिए यह कार्यक्रम उम्मीदों भरा है। इस पहल से उनके जीवन में रोशनी आयी है, और उम्मीदों का सफर भी शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि इन नवविवाहित जोड़ों को जिला प्रशासन की ओर से सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास है। साथ ही इनका विवाह निबंधन भी सुनिश्चित कराया जाएगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए उन्होंने निमित्त संस्था की सराहना की। स्वयं सेवी संस्था निमित्त के सचिव डॉ निकिता सिन्हा ने बताया कि दूरवर्ती क्षेत्रों में आदिवासी समाज के लोग बिना शादी किये पति-पत्नी के रुप में रहा करते हैं। विधिवत परिणय सूत्र में नहीं बंधने की वजह से समाज में इनकी सामाजिक मान्यता नहीं रहती है। ऐसे दम्पतियों को गांव के सामाजिक कार्यों व अन्य परंपरा में शामिल नहीं किया जाता है। विधिवत परिणय सूत्र में बंध जाने के बाद अब उन्हें गांव में सामाजिक मान्यता प्राप्त होगी। सामुदायिक विवाह कार्यक्रम में झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स रांची के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मलहोत्रा, उप समिति अध्यक्ष अनीस सिंह, ओपी लाल, बीके सिंह, धीरज कुमार, जेएसएलपीएस, खूंटी के प्रतिनिधि एवं अन्य लोग शामिल थे।

हाइवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत

बुंडू (आजाद सिपाही)। रांची-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग के बुंडू स्थित टॉल प्लाजा के पास हाइवा जेएच 01डी एन-4776 के चपेट में आने से एदेलहातु निवासी महावीर मुंडा उम्र-50 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वह टॉल के पास स्थित अपना घर जाने के लिए सड़क पार कर रहा था।घटना लगभग साढ़े बारह बजे दोपहर की बताई जाती है।घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणो ने टॉल के पास ही शव के साथ राजमार्ग को लगभग ढाई घण्टा जाम कर दिया जाम स्थल पर आजसू नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा के द्वारा एन एच आई से एक करोड़ रूपया एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग की बाद में सूचना मिलने पर बुंडू एसडीओ, एसडीपीओ अंचलाधिकारी राजेश डुंगडुंग जाम स्थल पहुंचे और उतेजित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।बाद में ग्रामीणों का अधिकारियों के साथ वार्ता हुई।टॉल प्रवंधन एवं एनएचआई द्वारा तत्काल 1 लाख रुपये पीड़ित परिवार को दिया गया।इसके बाद लगभग 3 बजे राजमार्ग से जाम हटाया गया। यातायत ब्यवस्था बहाल हुई। मौके पर उमेश महतो बंटी मुंडा रंजीत महतो अजय मुंडा विक्की आदि के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित हुए ।

तमाड़ वन विभाग के कार्यालय में हथियारबंद लोगों ने प्रदर्शन किया

तमाड़ (आजाद सिपाही)। किसान जनाधिकार मंच तमाड़ प्रखंड कमेटी द्वारा आज तमाड़ वन विभाग के कार्यालय में हथियारबंद प्रदर्शन किया गया और 8 सूत्री मांग पत्र वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अमरनाथ भगत को दिया गया इससे पहले तमाड़ बस स्टैंड चौक में लोग जुटे और रैली निकालकर तमाड़ के मुख्य मार्ग से होते हुए वन विभाग के कार्यालय में पहुंचे और प्रदर्शन किया इस इलाके में वर्षों से हाथियों का आतंक चरम पर है सैकड़ों लोग मारे गए मुआवजे के तौर पर मृतक परिवार को सरकार मात्र 4 लाख देती है मंच ने मुख्य मांग की है कि मृतक परिवार को सरकार द्वारा ?15 लाख मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए तथा हाथी द्वारा जख्मी किए गए लोगों को इलाज के लिए उचित मुआवजा तथा घर ध्वस्त किए जाने पर प्रधानमंत्री आवास क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया जाए 15 दिनों के भीतर वन समिति गठन करने की भी मांग रखी गई वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को वन पट्टा दिया जाए साथ ही जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाया जाए मंच ने तमाड़ रेंजर से सवाल जवाब किए उन्होंने कहा कि वन समिति का जल्दी गठन कर दिया जाएगा और सरकार के स्तर पर जो मांग है उसे सरकार के पास भेज दिया जाएगा इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व मंच के सुप्रीमो मथुरा प्रसाद साहू ने किया इस अवसर पर मंगलदीप स्वांसी निरंजन महतो मनोज कुमार गुप्ता जगत महतो सुखदेव महतो भरत मुंडा सुभाष सेठ करम महतो दुर्गा प्रसाद महतो अरुण महतो देवनारायण मुंडा अनिल मुंडा गौर सिंह मुंडा मुकेश गुप्ता अशोक राय प्रदुम अधिकारी मान सिंह मुंडा बुधराम स्वांसी सुमित मुंडा विजय उरांव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पंचायती राज मंत्रालय की केंद्रीय टीम ने रनिया एवं मुरहू प्रखंड का भ्रमण कर योजनाओं का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। पंचायती राज मंत्रालय की केंद्रीय टीम द्वारा सोमवार को जिले के रनिया एवं मुरहू प्रखंड का भ्रमण कर संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। किया गया। टीम में डिप्टी डायरेक्टर कोर्डिनेशन संतोष कुमार सिन्हा एवं एएसओ योगेन्द्र कुमार मीणा शामिल थे। भीम द्वारा मुरहू के मुरहू पंचायत एवं रनिया के बनई पंचायत में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। मुरहू प्रखंड में भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरहू का निरीक्षण

किया गया। साथ ही पंचायत भवन कार्यालय में विभिन्न योजनाओं का पंजी निरीक्षण एवं अभिलेखों की जांच गई। मौके पर टीम के सदस्यों ने कहा कि मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, वार्ड सदस्य सभी बैठकर योजनाओं के बारे में चर्चा करें एवं योजनाओं में भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आत्मनिर्भता ही हमारी प्राथमिकता है। दूसरी ओर रनिया प्रखंड के बनई पंचायत में विभिन्न योजनाओं के निरीक्षण के दौरान जीपीडीपी से संबंधित सभी पंजी की जांच की गई। टीम द्वारा मुख्य रूप से स्वास्थ्य उपकेंद्र बनई में हैंडवाश यूनिट निर्माण एवं रा. प्रा.विद्यालय लोहागड़ा में हैंडवाश यूनिट निर्माण का निरीक्षण किया गया। मौके पर उचित रूप से यूनिट के संचालन के लिए टीम के सदस्यों ने सराहना की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सभी की सामूहिक भागीदारी का परिणाम है। इसी प्रकार ग्राम विकास की योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर समझते हुए कार्य करें। इस दौरान 15 वें वित्त आयोग के तहत गांव में अधिक से अधिक योजनाएं संचालित कर ग्रामीणों को रोजगार देकर उनके जीवन में बदलाव लाने की बात कही गई। साथ ही कहा गया कि संचालित योजनाओं में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान विशेष रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एक वृहद एवं समेकित ग्राम पंचायत विकास योजना के संबंध में चर्चा की गई। और जीपीडीपी अर्थात ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान के मुख्य उद्देश्यों को साझा किया गया।

पांच दिवसीय समोकित कृषि प्रणाली प्रशिक्षण कार्यक्रम

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के प्रखंड तकनीकी सुचना केंद्र में समोकित कृषि प्रणाली विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत आज से की गयी। इस कार्य क्रम मे उप प्रमुख शकुन्तला खंडित बीडीओ तमाड़ गिरजा शंकर महतो प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी की उपस्थिति मे शुरू की गयी यह जानकारी बीटीएम सविता नीरा जोजो ने दी।

अब धान की खेती छोड़ अफीम की खेती करने में मशगूल हो रहे लोग

स्वरूप भट्टाचार्य

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पुरे पांच परगना क्षेत्र में अफीम की खेती बड़े पैमाने पर की गयी है जो अब नासूर बन गयी है पुलिस प्रशासन के लिए गले की हड्डी बन गयी है लोग अब धान की खेती छोड़ अफीम की खेती करने मे मशगूल हो गये है सरकार के रोक के बावजूद यह खेती रूकने का नाम ही नहीं ले रही है इसे रोक पाना पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बन गयी है अमुनन छेतर के लगभग सभी गांवो मे चोरी छिपे इसकी खेती की गयी है जंगली इलाके मे नदियों के किनारे लोग धान की खेती की तरह इसकी खेती कर रहे है जिससे लोंगो को लाखों रुपए की अवैध आमदनी हो रही है धीरे-धीरे यह छेतर नशे का सौदागर बनता जा रहा है पुलिस अब जब पौधा तैयार हो गयी है तब पौधों पर डंडे भांज रही

है इस इलाके के अंचलाधिकारी सब कुछ जानते हुए चुप बैठी रहती है पुलिस प्रशासन कभी कभी मामला दर्ज करती है और जेल भी भेजती है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है और खेती होती आ रही है इसमे टीन एज के युवक भी शामिल है अगर समय रहते इस पर पुर्ण रूप से रोक न लगायी जाय तो यह इलाका नशे के आगोश मे समा जायेगा यह इलाका कभी नक्सलियों की नर्सरी थी अब फिर एक बार नशे की नर्सरी होती दिखाई पड रही है खेतों की उर्वरा शक्ति खत्म हो जायेगी और यह इलाक रेगिस्तान बन जायेगा तब किसान चाह कर भी अपने खेतों मे अन्न नही उगा पायेंगे इसमे एक पोसते के पेड़ मे तीन फसल होती है पोस्ता अफीम और डोडा पोस्ता खुले बाजार मे आठ सौ से बारह सौ बिक रही है वहीं दुकान मे दो हजार रुपए किलो बिक रहे है अफीम खुले बाजार मे एक लाख से ढेड लाख किलो बिक रहे है वही डोडा पांच सौ से आठ सौ प्रति किलो बिक रहे है एक अनुमान के तहत एक एकड़ खेत मे पोसता लगाने पर छह से आठ किलो अफीम निकलती है यह किमत मेट्रो शहर मे दुगुनी हो जाति है सरकार के रोक के बावजूद करोडों का खेला चल रहा है इसमे कयी लोग मालामाल हो रहे है सफेद पोश भी इस धंधे मे शामिल है अब तो थाना को मैनेज करने मे बोली लगती है इसमे शामिल लोग अफीम लगे गावों मे पुलिस न जायें इसके लिए भी पैरवी करवाते है यह दिनचर्या बन गयी है इस इलाके के अवैध पोसता चोरी छिपे कोलकाता के बाजारों तक पहुँच जा रहे है आजकल जंगलों मे पोसता अफीम व डोडा खरीदने के लिए चमचमाती नयी गाड़ियां जंगलों मे मिल जाती है पुलिस के आखों मे धुल झोंक कर भी लोग नशे का सामान खरीदकर बड़ी चालाकी से चले जा रहे है आऐ दिन इस इलाके से लोग पकड़ा रहे है मुकदमा हो रहे है जेल जा रहे है लेकिन इन्हे किसी की प्रवाह नहीँ है इसकी खेती दिसंबर जनवरी मे होती है और यह मार्च अप्रैल मे तैयार हो जाता है सरकार ने कहा है जिस इलाके मे इसकी खेती होगी वहां के ग्राम प्रधान पर मुकदमे दर्ज किये जायेगे कयी लोग कोट कचहरी के चक्कर लगा रहे है।

खान सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में पिपरवार को मिला पांच पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। भारतीय खान महानिदेशालय के तत्वावधान में आयोजित 65 वे खान सुरक्षा सप्ताह एवं समापन समारोह मे पिपरवार एरिया को कुल पांच पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हजारीबाग के नया स्टेडियम में एनटीपीसी द्वारा आयोजित समापन समारोह में पिपरवार क्षेत्र को खान क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, खनन संयंत्र,विद्युत उपकेंद्र, ओवरहेड वायर की व्यवस्था के लिए प्रथम पुरस्कार एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में द्वितीय पुरस्कार के लिए मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में

कोडरमा और रांची क्षेत्र में कोयला खनन करने वाली सभी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पिपरवार एरिया को मिले पांच पुरस्कार पर यहां के अधिकारियों कर्मचारियों में खुशी की लहर है। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने क्षेत्र के सभी अधिकारी कर्मचारी श्रमिक प्रतिनिधि और विस्थापित ग्रामीणों को इसके लिए बधाई दी है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के दानाडीह गांव के समीप बुंडू-सोनाहातू सड़क को सोमवार शाम 5 बजे ग्रामीणों ने जाम किया। गांव के 35 वर्षीय प्रमोद महतो को शनिवार रात 7 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। टक्कर के बाद घायल स्थिति में रिम्स इलाज के लिये भेजा गया था। इलाज के दौरान सोमवार को युवक का मौत हो गया। शव के गांव पहुँचने पर ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम किया। ग्रामीण गांव के आसपास सड़क में स्पीड ब्रेकर लगाने ,मृतक के विधवा को रोजगार के लिये अनुबंध पर काम देने तथा सरकारी मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पर सीओ प्यारेलाल, थाना के एसआई मुकेश यादव,पुलिस बल के साथ जामस्थल पहुँचे। ग्रामीणों के साथ वार्ता के बाद शाम 7 बजे जाम को हटाया गया। प्रशासन ने ग्रामीणों के मांग को आवश्यकता अनुसार पूरा करने का आश्वासन दिया है।

कस्तूरबा विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में केयर इंडिया के तत्वावधान में सोमवार को गणित सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ पावन आशीष लकड़ा, सीओ धर्मेंद्र दुबे, बीइइओ विमल कांत झा, मुखिया लाल सिंह मुंडा एवं वार्डन अल्मा मेरी रूंडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं के द्वारा प्रदर्शनी लगाई गयी , जहां विज्ञान और गणित विषयों से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल लगाए गये थे। जिस का अवलोकन अतिथियों के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के दौरान बीडीओ, सीओ वह बीइइओ ने छात्राओं से माडल संबंधित कई सवाल पूछे जिसपर छात्राओं ने सभी सवालों का संतोषजनक उत्तर दिया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा बच्चों को विज्ञान संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस मौके पर बीपीओ मनोज कुमार, सिआरपी शुभाशीष दास, शिक्षिका चंद्रिका कुमारी, अनामिका लाकड़ा, नीलम बाटी, नेहा, सुनीता, प्रियंका, भवानी, सीमा, अंजलि, जयंती, एसएमसी अध्यक्ष उषा देवी, एस एम सी सदस्य अरुण सिंह मुंडा, प्रमिला देवी, वीणा देवी, इंद्र नाथ महतो समेत विद्यालय के सभी छात्राएं उपस्थित थी।

उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में दसवीं के छात्रों को दी गयी विदाई

खलारी (आजाद सिपाही)। उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में सोमवार को कक्षा दस के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों को तिलक लगाकर किया गया।मंच संचालन शिक्षिका अलका राही और आरती तिर्की ने किया। शिक्षिका नॉर्बेरता टोप्पो, रोजी मगदली टोप्पो और रीता कुमारी ने प्रेयर सर्विस कार्यक्रम द्वारा कार्यक्रम को आरम्भ किया। शिक्षक शशि कुमार चौधरी, विशाल शर्मा और विकास शर्मा ने विद्यार्थियों को विशेष संदेश दिया तथा अपने विद्यालय जीवन के अनुभव साझा किए। वहीं कक्षा दस के विद्यार्थी आकांक्षा प्रभा, आरजू जहां, अमीषा लकड़ा, पूर्णिमा कुमारी, शिफा नाज, अनंतया कुमारी ,अंकित केशरी, शिल्पा केर-केट्टा ने विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कक्षा दस के छात्र - छात्राओं में इस सत्र में सौ प्रतिशत उपस्थिति के लिए कक्षा - दस ए की चेरियन लकड़ा, अमीषा लकड़ा और अमीषा लकड़ा को , आल राउंडर ग्रुप में दस ए की अमीषा लकड़ा , सबसे अधिक अनुशासित छात्र में दस ए की आरजू जहां और दस बी की चेरियन लकड़ा और बेस्ट एथेलीट में दस ए के अभिजीत कुमार गंझू को विशेष प्रमाण - पत्र से सम्मानित किया। आप बड़े होकर एक सभ्य एवं जिम्मेदार नागरिक बनें तथा अपने परिवार , समाज और देश की प्रगति में अपना सर्वोत्तम योगदान दें। जीवन मे बहुत सारे उतार - चढ़ाव आएंगे लेकिन इन सभी बाधाओं को दूर करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

झारखंड पब्लिक स्कूल में कक्षा दशम के विद्यार्थियों के लिए ब्लेसिंग सेरेमनी

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। झारखंड पब्लिक स्कूल में सोमवार को कक्षा दशम के विद्यार्थियों के लिए ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित विद्यालय के मुख्य ट्रस्टी जागीन चैहान ने अपने संबोधन में बच्चों को परिक्षा में आत्मविष्वास के साथ लिखने एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अभिभावक देवनारायण गंझू ने भी परिक्षा से संबंधित बहुत सारी बातों को बच्चों के बीच रखी एवं आने वाले भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य सह निदेशक अभिशेक कुमार चैहान ने बच्चों से आगामी परीक्षा पर चर्चा किया। उन्होंने परिक्षा से संबंधित बहुत सारी बातों को बच्चों के बीच रखी साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने भी कक्षा दषम के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार, राजेश कुमार, गणेश कुमार, रमेश कुमार महतो, संदीप महतो, महेंद्र कुमार, गौतम सिंघ, किरण देवी, रीता कुमारी, रेणु देवी, नाजिया परवीन, सजिया परवीन, संजना श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने अपने खर्च पर करायी बोरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने अपने खर्चे से डकरा स्थित गुरू घासीदास स्थल पर बोरिंग कराया। बोरिंग शुरू होने से पहले अब्दुल्ला ने अगरबत्ती जलाया व नारियल फोड़ा। कुछ दिन पूर्व गुरू घासीदास एकता मंच के लोग अब्दुल्ला अंसारी से मिलकर गुरू घासीदास स्थल पर पानी की समस्या से अवगत कराए। स्थल पर पानी की जरूरत को देखते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने मंच के लोगों को भरोसा दिलाया कि स्थल पर वे अपने खर्च पर बोरिंग कराएंगे। गुरू घासीदास स्थल पर पानी की सुविधा हो जाने से मंच सहित पूरे गुरू घासीदास समाज के

लोग काफी खुश हैं। काफी दिनों से मंच के लोग पानी की समस्या को लेकर परेशानी में थे। बोरिंग होने के दौरान सोनू पांडेय, अमरलाल सतनामी, विनोद सतनामी, चंद्रिका प्रसाद सतनामी, रामचरण सतनामी, जगजीवन सतनामी, अमित कुमार, बसंत लाल, नथ राम सतनामी, मनोज खांडेकर, मोहन सतनामी, संतोष यादव, खिकराम बारीक, ठाकुर राम सतनामी, उतरा कुमार उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में चालक की मौत, गांव में शोक की लहर

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली थाना के जारागोडा गाँव के झारखंड पुलिस में चालक पद पर कार्यरत जगदीश महतो के सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के कारण गांव में शोक की लहर है वहीं देर शाम गांव के समीप होदहोदी घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया जगदीश महतो देवघर से बोकारो आने के क्रम मे सड़क हादसे मे मौत हो गई। घटना बीते रविवार रात लगभग 8 बजे बोकारो पीरटाँड़ के चिरकी के समीप हुई है । ये बोकारो मे पदस्थापित थे। परंतु महाशिवरात्री के लिए इनके बटालियन का ड्यूटी देवघर मे था । शिवरात्री समाप्ती के उपरांत एक 407 पूलिस वाहन मे अपने बटालियन का सारा सामान लेकर वापस बोकारो पूलिस मुख्यालय आने के क्रम मे सड़क हादसा हुआ एवं मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सोमवार को गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को लगभग 3 बजे बोकारो एवम सिल्ली पुलिस शव लेकर घर पहुचे । घर के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक जगदीश महतो ने पत्नी के अलावा दो पुत्र को छोड़ चले गये। इनके निधन पर विधायक सुदेश कुमार महतो, आजसू पार्टी केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, पुर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुभाष महतो, शिव शंकर प्रसाद, त्रिलोचन महतो , श्रीधर महतो तरुण महतो आदि शामिल है।

डॉ. अंबेडकर विचार मंच खलारी की बैठक, मंच का किया गया पुनर्गठन

खलारी (आजाद सिपाही)। डॉ. अम्बेडकर विचार मंच खलारी प्रखण्ड की बैठक करमा लोहरा की अध्यक्षता में अम्बेदकर विद्यालय के प्रांगण में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती जन सहयोग से मनाया जायेगा। साथ ही डॉ अम्बेडकर विचार मंच का पुर्नगठन किया गया। संरक्षक करमा लोहरा, मनोज भुईयां, चमन तुरी, सुल्तान अंसारी, अध्यक्ष अशोक महतो, उपाध्यक्ष मुकेश ऋषि, विजय मुण्डा, महासचिव श्यामजी महतो, सचिव आनन्द तुरी, कोषाध्यक्ष महावीर गंझू के अलावा सलाहकार समिति के सदस्यों में रविन्द्रनाथ चैधरी, अनिल मिर्धा, अशोक राम, सरजु लोहार, सोनु निषाद, गणेश भुईयां व मनीष भुईयां को षामिल किया गया है।

खलारी बीआरसी में चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। प्रखंड संसाधन केंद्र खलारी में चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। यह प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुटाप पंचायत के मुखिया शिवरथ मुंडा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। प्रशिक्षण खलारी प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रारंभिक शिक्षको को करना अनिवार्य है। प्रषिक्षण के दौरान बताया गया कि मूलभूत साक्षरता और

संख्यात्मकता अथवा संख्या ज्ञान (एफएलएन) एक प्रकार का राष्ट्रीय मिशन है जिसको भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति में शामिल किया गया है। इसके तहत वर्ष 3 से लेकर 9 वर्ष तक आयु वर्ग वाले सभी बच्चों को भाषा और गणित कौशल की शिक्षा प्रदान की जायगी। साथ ही इसका उद्देश्य वर्ष 2025-26 तक 3 से लेकर 8वर्ष तक के आयु वाले बच्चे को समग्र विकास करना है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप मे अनूप सिंह, मंगरू मछुआ, शिवेंद्र नायक और नूतन प्रभात गिद्ध शामिल रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीपीओ सवीर्नाथ चैरसिया, मुकेश गिरी, फूलचंद दीगवार, गजाधर यादव, गोविन्द सिंह मुंडा, शांति कुजूर, जोहन धान, अमित मिंज, अनिल मिश्रा, नागेष्वर महतो, पुष्पा गुप्ता, रूबी कुमारी, सीता देवी, अरुणा देवी आदि उपस्थित थे।

विधायक निधि से बने चबूतरे का हुआ उद्घाटन

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के थाना मैदान में विधायक निधि ने बने चबूतरा का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सह आजसू के केंद्रीय सचिव जयपाल सिंह, जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, जिला परिषद परमेश्वरी सांडिल्य,पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा,पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो,श्याम महतो, अभिराम महतो, मुखिया सावना महली,सुषेन प्रामाणिक, खंजन महतो आदि मौजूद थे।

प्रखंड राशन डीलर संघ की बैठक में डीलरों और उपभोक्ताओं के हित में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

आजाद सिपाही संवाददाता

कांके। कांके प्रखंड राशन डीलर संघ की बैठक अध्यक्ष सबीबुल रहमान की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव अनिल कुमार केसरी ने किया। इस बैठक में राशन डीलरों और उपभोक्ताओं के हित, संरक्षण, सुरक्षा व राशन वितरण में हो रही कठिनाइयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कई प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि कांके प्रखंड में डोर स्टेप डिलीवरी को लेकर ट्रांसपोर्टर द्वारा सिर्फ दो ही छोटे गाड़ियों का उपयोग किया जा रहा है। जबकि ट्रांसपोर्टर ने 12 गाड़ियों का निविदा कांके प्रखंड में देकर प्रत्येक राशन डीलरों के पास राशन पहुंचाने की जिम्मेवारी ली है। जबकि ऐसा नहीं हो रहा है। इसलिए ट्रांसपोर्टर को शीघ्र ही पूरी गाड़ियां देकर सही समय पर राशन डीलरों के यहां राशन पहुंचाने हेतु ट्रांसपोर्ट से बात करने पर सहमति बनी। राशन डीलरों के यहां ट्रांसपोर्टर द्वारा राशन पहुंचाने का भाड़ा वसूल किया जाता है। जबकि इसका भाड़ा सरकार द्वारा ट्रांसपोर्टर को दी जाती है। यह भाड़ा डीलरों से वसूली नहीं हो। इसके लिए उच्च अधिकारियों को सूचना देने की बात कही गई। कांके प्रखंड को राशन के अनाज आवंटन होते ही सही समय पर सही वजन कांटा से करके अनाज राशन डीलरों को समय से पहुंचाया जाए। जिससे उपभोक्ताओं को समय पर वितरण किया जा सके। गोदाम से वजन में हमेशा कम अनाज की आपूर्ति डीलरों को जाती है इस प्रक्रिया को बंद कराकर सही वजन का अनाज राशन डीलरों तक पहुंचे। इस पर भी सहमति बनी। समस्याओं के निदान को लेकर राशन डीलरों की एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाई गई। निर्णय लिया गया कि किसी भी राशन डीलर की अगर असमय मृत्यु हो जाती है तो इसके परिजनों को राशन डीलर का लाइसेंस सरकार और उच्च अधिकारी निर्गत करें साथ ही उस राशन डीलर को सेवाकाल में मृत्यु होने के कारण 10 लाख रूपया का मुआवजा सरकार दे। इसके लिए उच्च अधिकारियों और सरकार को संघ द्वारा ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में शेख शहाबुद्दीन, शांति देवी, सज्जाद अंसारी, नेसार अहमद, सीमा भारती, ग्रेस तिग्गा, हबीब अंसारी, शशि भूषण महतो, हरे कृष्णा महतो, बादल सिंह मुंडा, हबीबुल्लाह अंसारी, शमीम अहमद सहित कई राशन डीलर उपस्थित थे।

रामगढ़ उपचुनाव के लिए कोऑर्डिनेटर बनाये गये महेश कुमार मनीष

कांके (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने पत्र जारी कर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता महेश कुमार मनीष को रामगढ़ उपचुनाव के लिए कोऑर्डिनेटर बनाए हैं। श्री खलखो ने निर्देश दिया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार रामगढ़ उपचुनाव में आप सूक्ष्म स्तर पर चुनावी कार्य करें व पंचायतवार, वार्डवार कार्यों का संपादन करें। जिससे पार्टी प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित हो। बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित कराने में आप सक्रिय भागीदारी निभाए और पंचायत के बूथ कमेटी सदस्यों की पहचान व बेहतर समन्वय बनाकर पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर उपचुनाव में अपनी सक्रिय योगदान दे।

केंद्रीय तसर अनुसंधान में सांख्यिकी आंकड़ों के विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में सांख्यिकी आंकड़ों के विश्लेषण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ के. सत्यनारायण ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा विभिन अनुसंधान प्रयोग में सांख्यिकी विश्लेषण बहुत महत्व है। संस्थान के वैज्ञानिक इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने का काम करें, जिससे शोध परिणामों को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में डॉ. एस गौड़ा (वैज्ञानिक सी) एवं डॉ. शिवम मिश्रा (सहायक प्रो. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची) ने प्रशिक्षक के रूप में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान एवं बुनियादी तसर रेशम किट बीज संगठन बिलासपुर सहित विभिन राज्यों में कार्यरत कुल 35 वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशाल मित्तल एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एच गडाद ने किया।

कलशयात्रा के साथ हनुमत महायज्ञ सह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। बुढ़मू प्रखंड के खिजूरटोला में सोमवार को तीन दिवसीय हनुमत महायज्ञ सह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर स्थानीय जलाशय में जल ग्रहण करते हुए पूरे गांव का भ्रमण कर सभी देवी देवताओं को निमंत्रित करते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर सम्पन्न हुई। इससे पूर्व 751 महिलाओं व कन्याओं के बीच सांसद प्रतिनिधि तपेश्वर मिश्रा व अन्य अतिथियों के द्वारा कलश का वितरण किया गया। यजमान के रूप में रामजतन गोप, गणेश गोप सपत्निक शामिल हो रहे है। समस्त धार्मिक अनुष्ठान पंडित रविंद्र नाथ पांडेय के सानिध्य में सम्पन्न किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल बनाने में गणेश गोप, गिरधारी गोप, सहदेव गोप, दीपक गोप, बलिंदर गोप सहित अन्य शामिल है।

शायर नसीर अफसर ने स्पीकर को काव्य संग्रह भेंट किया

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। झारखण्ड के मशहुर शायर नसीर अफसर ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मौके पर स्पीकर महोदय को अपना काव्य संग्रह 'पहला सफर' का हिन्दी रूपांतर भेंट किया। स्पीकर ने शायर नसीर अफसर को इस काव्य संग्रह के लिए बधाई दी तथा भविष्य में सहयोग करने का भरोसा दिया।

कार्यक्रम : बेड़ो में कुड़ुख कत्थ तोलोंग सिकि हपताउल्ला 2023 कार्यक्रम का आयोजन

भाषा और संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य : डॉ नारायण उरांव

कुड़ुख भाषा पर आधारित तीन पुस्तकों में चिंचो डण्डी अरा खी री, अयंग कोंयछा और कुड़ुख टाईम्स का किया गया विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

कार्यक्रम में बोलते डॉ नारायण उरांव तथा स्कूली बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण करते अतिथि

बेड़ो। संस्कृति को बचाना है तो भाषा को बचाना होगा। उक्त बातें तोलोंग सिकि के संस्थापक डॉ नारायण उरांव ने कही। वे रांची जिला कुड़ुख कत्थ तोलोंग सिकि हपता उल्ला रांची झारखंड के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड के कठरटोली मैदान में सोमवार को आयोजित एकदिनी कुड़ुख कत्थ तोलोंग सिकि हपता उल्ला 2023 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। साथ ही अतिथियों द्वारा कुड़ुख भाषा पर आधारित तीन पुस्तकों में चिंचो डण्डी अरा खी री, अयंग कोंयछा और कुड़ुख टाईम्स का विमोचन किया गया। डॉ उरांव ने कहा कि आदिवासी भाषा कुड़ुख एक प्राचीन द्रविड़ भाषा परिवार का सदस्य है। यह उरांव आदिवासियों की अपनी भाषा के साथ संस्कृति है। वहीं वर्तमान समय में भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण का मुद्दा एक गंभीर विषय बना हुआ है। ऐसे में यह तथ्य है कि यदि संस्कृति बचानी है तो भाषा को बचाना होगा। वहीं भाषा को बचाना है तो इसका पठन पाठन जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भूमंडलीकरण के दौर में भाषा को बचाने के लिए उस भाषा की अपनी लिपि का विकास जरूरी है। इसी उद्देश्य से कुड़ुख भाषा की लिपि तोलोंग सिकि विकसित हुई। वर्तमान में कुड़ुख भाषा के तोलोंग सिकि को देश के दो राज्य झारखंड और पश्चिम बंगाल में राजकीय भाषा का दर्जा प्राप्त है।

कार्यक्रम में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रवीन्द्र नाथ भगत, फादर अगस्तीन, विजय कुजूर, जगरनाथ भगत, जिपस पश्चिमी बेरोनिका उरांव, करमा भगत, आदित्य कुमार तिर्की आदि ने अपने विचार रखे। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने में तकनीकी सहयोगी अददी कुड़ुख चाला धुमकुड़िया पड़हा अखरा मुख्यालय करमटोली रांची और आयोजन समिति के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुका उरांव, संचालन पंकज उरांव व धन्यवाद ज्ञापन अरविंद उरांव ने किया।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि ने द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला का किया आयोजन

मेला में शिव दर्शन के साथ-साथ राजयोग शिविर की अध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में टाटीसिलवे ईईएफ मैदान में छह दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला का आयोजन किया गया है। इस मेला में शिव दर्शन के साथ-साथ राजयोग शिविर के अध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का परिचय दिया गया है तथा परमात्मा शिव को अपने विकारों की आहुति दे उनसे वरदान प्राप्त करने की विधि बतायी गयी है। मेला के पांचवें दिन सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप व विशिष्ट अतिथि अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव शामिल होकर आध्यात्मिक द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन करने के साथ शिव दर्शन चित्र का अवलोकन किया। मौके पर विधायक ने अपनी जीवन शैली में आध्यात्मिकता का समावेश करने की अनिवार्यता को बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोगों का जीवन काफी तनवाग्रस्त हो गया है, लोग स्वयं तथा अपनों को भी समय नहीं दे पा रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में तनाव मुक्त होने के लिए लोग यहां दर्शन कर अपनी मन की बात को ईश्वर के साथ साझा कर सकते हैं।

मौके पर सेवा केन्द्र की संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि इस धरती पर महादेव विराजमान हैं। भागदौड़ की जिंदगी लोगों को अपने आप को भी समय देने की जरूरत है ताकि लोग तनवामुक्त होने के लिए इस तरह के मेले मे आ सकते हैं। मेला में द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर अपने और अपने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना कर सकते हैं।

इस अवसर पर अजय कुमार मुण्डा, शिवदास गोस्वामी, पुष्पा दीदी, रेणु बहन, हरिहर भाई, शस्यमल भाई, मनेश भाई सहित समस्त बीके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

पांचवीं नेशनल मास्टर्स गेम्स में कांके निवासी निशांत सिंह को मिला गोल्ड मेडल

क्षेत्र के लोगों ने निशांत सिंह की सफलता पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

कांके (आजाद सिपाही)। ब्लॉक चौक कांके निवासी समाजसेवी पंकज सिंह के सुपुत्र निशांत सिंह को वाराणसी में आयोजित पांचवी नेशनल मास्टर्स गेम्स खेल प्रतियोगिता में राइफल एआर-01 शूट में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। यह खेल मास्टर गेम फेडरेशन द्वारा वाराणसी में 11 से 14 फरवरी तक आयोजित थी। खिलाड़ी निशांत सिंह को राइफल शूट के तौर पर सिंगल में गोल्ड मेडल और टीम के साथ भी गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। निशांत सिंह मई महीने में साउथ कोरिया में आयोजित होने वाले खेल में भी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। निशांत सिंह ने बताया कि वाराणसी में आयोजित मास्टर गेम्स प्रतियोगिता में झारखंड के शुट खिलाड़ीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पिस्टल में चार गोल्ड और तीन रजत पदक भी जीते हैं।

निशांत सिंह के शानदार सफलता पर कांके क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने इन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इनमें कांके जनरल हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर के निदेशक व आई एम ए रांची के अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश कुमार बैठा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रांची लोकसभा के मदन कुमार महतो, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के महेश कुमार मनीष, झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसुरी, झामुमो कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कांके लक्ष्मण चौक के अध्यक्ष अशोक गोप, गौरी शंकर महतो चंदन बैठा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी सफलता पर ही ने बधाई दी है।

बैठक : रामनवमी पूजा को लेकर महावीर मंडल नामकुम बाजार कमेटी का गठन

मनोज सिंह अध्यक्ष एवं विधायक राजेश कच्छप बने मुख्य संरक्षक

बैठक में 30 मार्च को रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर की गयी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। श्री रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर महावीर मंडल कंद्रीय समिति नामकुम बाजार की बैठक बरगावां मुखिया अनीता तिर्की की अध्यक्षता में रविवार को नामकुम बाजार स्थित अखाड़ा स्थल पर आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव उपस्थित थे। बैठक में 30 मार्च को रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गयी। महोत्सव को सफल बनाने के लिये कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मनोज कुमार सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि बिक्कू सिंह, विनोद एक्का, प्रभु दयाल बड़ाईक, रिंकु रॉय, शंकर गोप, मुन्ना बड़ाईक, रंजीत बड़ाईक, प्रभाष झा, मोहन ठाकुर, पवन सिंह, शंकर पांडेय, मुरलीधर, भूषण महतो, बबलू सिंह, मंटू रॉय, विमल सिन्हा को उपाध्यक्ष, खिजरी विधायक राजेश कच्छप को मुख्य संरक्षक, जय सिंह यादव, मदन सिंह, रीता रजनी कुजूर, फुलकुमारी देवी, संजय श्रीवास्तव, किरण सांगा, अनिता तिर्की, राजकुमार साहू, संजय सिंह, रामानंद पांडेय, बिपिन टोप्पो को संरक्षक, अनील वर्मा को अखाड़ा अध्यक्ष, सुरेश बैठा, संजीव सिंह को महासचिव, बिरसा पाहन को सचिव, अनील कुमार सिंह, अखिलेश यादव, कौशल सिंह, निखिल कुमार, राकेश कुमार, चुलबुल पांडेय, पाली गोप, बिमल कुमार को सह सचिव, सोनल कच्छप, नितेश सिन्हा, प्रमोद एक्का, बिरेन सिंह, दिलीप महतो, सम्पत कुमार, राजू नायक, छोटु गोप, ललन सिंह, कृष्णा गोप को अखाड़ा संगठन सचिव, शारदा सिंह को महिला सेना अध्यक्ष, दुर्गा साहू, प्रमोद सिंह, सुरजदीप सिंह को स्वागत अध्यक्ष, सीपी शर्मा को कोषाध्यक्ष, विनोद सिंह को सह कोषाध्यक्ष, प्रकाश भारती, देव तिर्की, राजू लकड़ा, इंदु देवी, मनीष दुबे, बलदेव मुंडा, रवि महतो, कृष्णा कुमार, शंकर नायक, तरुण गोप, पुनम देवी, शुबोध सिह टनटन, अनु बेक, रुपा चैहान, रजनी देवी, पवन कुमार, सुषमा देवी, वरुण कुमार, अमित कुमार, विनोद सिंह, संदीप सिंह, संतोष कुमार कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। इसकी जानकारी देते हुये बिक्कू सिंह राजा साहब ने बताया कि रामनवमी के दिने सभी तरह के अखाड़ा, जुलूस के प्रदाधिकारियों को महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम बाजार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

महत्वपूर्ण न्यूज

लापुंग के फतेहपुर में तीन दिवसीय शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग के फतेहपुर में तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत आज कलश यात्रा के साथ हुई। कारो नदी में तारकेश्वर मिश्रा, हरिश्चंद्र दास व सुधाकर दास के द्वारा मंत्रोचारण के साथ 301 कलशों में जल भराया गया। कलश यात्रा के बाद मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन के उपरांत आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलश यात्रा में लापुंग थाना प्रभारी सदल बल मौजूद थे। फतेहपुर शिव मंदिर में शिवलिंग व नन्दी की मूर्ति स्थापित करवाने में विहीप के लापुंग ककरिया के अनिल कुमार साहू, कंचन साहू व विहिप खूंटी जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी व समीर गुप्ता की अहम भूमिका रही। मौके पर लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत को अंग वस्त्र विहिप व मन्दिर पूजा कमेटी फतेहपुर की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान नाथूराम साहू के अलावे मनोज कुमार साहू, पवन कुमार साहू, मुन्नीलाल साहू, वीरेंद्र साहू, राजेश साहू, दिनेश राम, रामप्रसाद साहू, भरत साहू सभी सपत्नीक पूजा में भाग लिये। शाम में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनमोहन साहू, विष्णु साहू, सन्दीप साहू, सचिन साहू, मुकेश साहू, बुधवा पहान, सिंधु महतो, शिवशंकर साहू कार्तिक साहू, भीम महतो, कमल महतो, हरिशन्द्र राम के अलावे अनेक गणमान्य लोगों की अहम भूमिका रही।

प्रदेश संगठन मंत्री और सांसद ने किया बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन

नामकुम (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को लालगंज टाटीसिलवे सूर्य नगर स्थित रिटायर्ड कर्नल विरेंद्र सिंह के आवास पर मुख्य अतिथि के रूप में आये झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह और रांची सांसद संजय सेठ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा मोदी सरकार ने विकास की नयी परिभाषा गढ़ी है। संजय सेठ ने कहा कि आगामी वर्ष पूर्ण बहुमत से राज्य और केंद्र में बीजेपी की सरकार बनेगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा टाटीसिल्वे मंडल पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, विरेंद्र सिंह, राणा दिनकर सिंह, गिरिधर मिश्र, सुधीर कुमार सिन्हा, अनिल श्रीवास्तव, अनिल कुमार शर्मा, नवम किशोर शर्मा, अनिरुद्ध पंडित, नंदू शर्मा, अमरेंद्र सिंह, अभय कुमार, अरुण शर्मा, जय प्रकाश सिंह, राजेश कुमार झा, धनंजय सिंह, डब्बू सिंह, आशा सिंह, उषा शर्मा, रेखा शर्मा, चंचला देवी, गायत्री तिवारी, मीना देवी, सीता पांडे, डेजी सिंह के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

धूमधाम से मना बालिका विद्यालय का वार्षिकोत्सव

नामकुम (आजाद सिपाही)। सोमवार को जय प्रभा कमला नेहरु बालिका उच्च विद्यालय टाटीसिलवे में स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर व पौधरोपण कर की। मंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका अर्चना मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिये निरंतर प्रयासरत रहना चाहिये। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। विद्यालय की उपप्राचार्य अर्चना मिश्रा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान प्राचार्य सरला महतो, शिक्षिका खुशी कुमारी, सूरज कुमार, गीता महतो, सूपन कुमारी के साथ छात्राएं उपस्थित थी।

भाजपा टाटीसिलवे मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक

नामकुम (आजाद सिपाही)। भाजपा टाटीसिलवे मंडल कार्यसमिति की बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश नेत्री सुनीता सिंह और मंडल प्रभारी टाटीसिलवे मनोज कुमार चौधरी उपस्थित थे। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा गया कि अप्रैल माह में 100वां एपिसोड 'मन की बात' कार्यक्रम को बूथ स्तर तक करने के लिए बूथ समिति का गठन करने को कहा गया। कार्यक्रम में भाजपा टाटीसिलवे मंडल पूर्व अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, भाजपा नेता मुक्तिनाथ मिश्रा, महामंत्री राणा दिनकर सिंह, अमित कुमार मिश्रा, मंडल मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, ओबीसी मोर्चा मीडिया प्रभारी राजेश यादव, केडी शर्मा, पुरुषोत्तम मिश्रा, केसी सिंह, सिदाम सिंह मुंडा, तारा राय, अरविंद महतो, राजीव सिंह, राकेश सिंह, मनोज कुमार महतो, जितेंद्र बड़ाईक, महेंद्र महतो, रवि रंजन कुमार के सौ दर्जनों मंडल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांसद समाधान कार्यालय में विजेता रामपुर की टीम को किया सम्मानित

नामकुम (आजाद सिपाही)। सदाबहार चौक स्थित सांसद समाधान कार्यालय में सोमवार को सांसद खेल महोत्सव के अंडर 20 बालक वर्ग एवं अंडर 16 बालिका वर्ग में विजयी रामपुर की टीम के खिलाड़ियों के बीच मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने सभी खिलाड़ियों एवं कोच को सम्मानित किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने टीम के सभी खिलाड़ियों को जर्सी देने और मदद करने की बात कही। आरती सिंह ने कहा कि सभी ने बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भविष्य में और बेहतर करने की शुभकामना दी। मौके पर अनिरुद्ध पांडेय, समीर राय, शंकर सिंह मुंडा, गोपाल चौधरी, तुलसी गोप, दिलीप सिकरिवाल, दिलीप साहू उपस्थित थे।

पांकी में शिव रात्रि को लेकर तोरणद्वार पर हुए बवाल की घटना 2002 की घटना को कर दिया ताजा

2002 अप्रैल की घटना से सबक नहीं ले पाये पांकीवासी

14 फरवरी की घटना को स्थानीय पुलिस अगर गंभीरता से लेती तो शायद इंटरनेट बंद करने की आवश्यकता नहीं पड़ती

आपस में अमन-चैन और सौहार्द पूर्ण वातावरण बना रहे इसके लिए सभी को इस घटना से सबक लेने की है जरूरत

जयकान्त शुक्ला

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के पांकी की घटना अमन-चैन और आपसी सौहार्द पसंद लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना से सभी लोगों को मानो ऐसा लग रहा था कि ना जाने आगे क्या होगा सभी लोग भय के माहौल में 4 दिनों तक अपनी जिंदगी बिताई। अगर इस घटना पर गौर किया जाए तो ऐसे कई पहलू हैं जो कहीं ना कहीं पुलिस प्रशासन और वहां के सामाजिक गणमान्य लोगों की कमी को दशार्ता है। खासकर जब दो समुदाय का मामला किसी त्योहार में छोटी सी बात को लेकर इतना आगे बढ़ जाना कि उसे संभालने के लिए इंटरनेट सेवा तक बंद करना पड़े और हजारों की संख्या में बाहर से पुलिस फोर्स को बुलाना पड़े। वैसे तो जब भी मंच में गणमान्यों को मौका मिलता है तो चाहे किसी समुदाय के हो यह कहते नहीं थकते कि यह गंगा जमुनी तहजीब की धरती है। अब सवाल यह उठता है कि अगर गंगा जमुनी तहजीब की धरती है तो समाज में इतना विद्वेष कैसा। कहीं ना कहीं इसमें लोगों के दिल में खोट जरूर है। एक कहावत है दिल में कुछ, मन में कुछ, और बोलने के लिए कुछ। पांकी की यह घटना समाज के सामने कुछ ना कुछ तो जरूर पैगाम दे गई है कि अगर पूरे समाज में अमन-चैन बरकरार रखना है तो आपसी विद्वेष को समाप्त करना होगा। नहीं तो इस घटना में कुछ ऐसी बातें उभर कर सामने आई है जो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत खतरनाक होगा। अब गौर करने वाली बात यह है कि आखिर इस जलती हुई आग में जो कुछ उभर कर बातें सामने आई हैं। उसमें उन नव निहालों को कौन धकेला जिनको ना तो वर्तमान का और ना ही भविष्य का ज्ञान है। अगर कहीं इन नव निहालों का यूज ही करना है तो यह सब विद्वेष की भावना की जगह उनके उज्जवल भविष्य और राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करना होगा।

पांकी वासी 2002 की घटना से नहीं लिए सबक

पांकी में अभी वर्तमान में हुए दो समुदाय समुदाय के विवाद से वर्ष 2002 अप्रैल में हुए विवाद से सबक लेने की जरूरत थी। अगर 2002 की घटना से सबक लिया गया होता तो यह नौबत नहीं आती। पांकी में हुए तोरण द्वार के विवाद को लेकर अगर वहां की पुलिस उसी दिन दोनों समुदायों को बैठाकर बातचीत कर लेती तो निश्चित तौर पर इस घटना को टाला जा सकता था। गौर करने वाली बात तो यह है कि पाकी थाना से महज कुछ ही दूरी पर इस घटना की बुनियाद हो रही थी। अगर पुलिस बिना किसी सोचे विचारे थाने में दोनों समुदाय के लोगों को बैठा था उसी दिन पीआर बौंड भरवा लिया जाता और उस विवाद की जड़ को उखाड़कर फेंक दिया जाता तो शायद यह नौबत नहीं आती।

बाकी की इस घटना में जल का पलामू डीसी का दर्द

पाकी में 14 फरवरी को हुए विवाद के पांचवे दिन शांति समिति की बैठक में पलामू डीसी का दर्द साफ झलक रहा था। जब वह लोगों को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने साफ कहा कि जिन नौनिहालों के हाथ में कॉपी,किताब होना चाहिए उनके हाथ में पत्थर यह समझ से परे है। उन्होंने सभी अभिभावकों को नसीहत दी कि आपका बच्चा क्या कर रहा है यह आपको पता होना चाहिए तभी उनको सही मार्गदर्शन मिल पाएगा। बातों बातों में डीसी साहब ने बहुत कुछ कहा जो अभिभावकों को उनकी बातों से आत्मसात करना चाहिए ताकि उनके बच्चे गलत रास्ते में जाने से बच सकें।

पांकी पुलिस अगर सजग रहती तो रोका जा सकता था इस विवाद को

पाकी में हुए इस घटना को जरा गौर से देखा जाए तो जैसे ही यह चिंगारी निकली थी अगर उसी समय समय रहते उसे सुलझा लिया जाता तो शायद इस घटना को रोका जा सकता था । लोगों का मानना है कि जिस जगह पर विवाद हुआ वह बहुत बड़ा विवाद नहीं था। अगर पहुंची पुलिस उसी समय संज्ञान में ले लेती तो यह नौबत नहीं आती और विवाद की समस्या का समाधान हो जाता। अब जो हुआ तो हुआ अब भी वक्त है सभलने का । आज का जो दौर परिवेश चल रहा है वह अपास में उलझ कर रहने का नहीं है। यह दौर है आपस में मिलजुल कर कंधे से कंधा मिला कर समाज का भला और उत्थान करने का। खैर अब जो भी हो अब देखना यह है कि अब दो घटनाओं के बाद लोग आपसी सूझबूझ और भाईचारे के साथ रहते है या नहीं यह तो वक्त ही बताएगा।

जल यात्रा के साथ खराड़ गांव में रामचरितमानस यज्ञ हुआ शुरू

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के खराड़ गांव में रामचरित मानस यज्ञ की शुरूआत सोमवार को जल यात्रा से हुई। यज्ञ स्थल से श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ कलश लेकर कररबार नदी पहुंचे। जल यात्रा में विधायक कमलेश कुमार सिंह, एनसीपी के प्रदेश महा सचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, युवा नेता व प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष विनय पासवान, मनदीप राम, उमेश राम के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कररबार से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल उठाया गया। उसे पुनः यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ से विश्व शांति के साथ साथ सम्पूर्ण मानव जाति का कल्याण होता है ।उन्होंने कहा कि इससे इलाके में धार्मिक वातावरण भी बनता है ।युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि यज्ञ से इलाके में सुख समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के मौके पर गांव जवार के लोग एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है ।साथ ही धार्मिक अनुष्ठान भी हो जाता है ।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होना चाहिए। इससे लोगो में धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह,विनय यादव, नीतू सिंह, विजय राजवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी,गोरख पासवान, पंचायत समिति प्रदीप पासवान, सुभाष पासवान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

भाजपा नेता ने दीप प्रज्वलित कर किया भक्ति जागरण का उद्घाटन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर के सिद्धनाथ नगर जपला में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में, यज्ञ कमीटि के संरक्षक व भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने भव्य भक्ति जागरण का उद्घाटन दीप प्रज्वलित और कलाकारो को माला और अंग वस्त्र दे कर किया ।मौके पर श्रद्धालुओं व धर्म प्रेमी श्रोताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा की भक्ति भाव से लोगों के शरीर में ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मानसिक विकास दूर होता है ।उन्होंने कहा कि भक्ति में अपार शक्ति है ।भक्ति के शक्ति से क्षेत्र धार्मिक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम की प्रस्तुति मुंबई से आये सुमन सिंह और निशा गुप्ता एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर सलेंद्र सिंह,उदय सिंह,प्रकाश कश्यप,विश्वनाथ सिंह,सोनू सिंह,छोटू सिंह,मिंटू सिंह,हरि सिंह, और अमित कश्यप समेत काफी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

विवाहिता ने फंदे से लटकर दी जान

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कामत गांव की एक विवाहिता ने रविवार की देर शाम खुद को कमरे में बंद कर फंदे से लटक गई ।घटना के वक़्त महिला का पति घर पर नहीं था ।परिजनों ने इसकी जानकारी उसके पति को दी ,लोगों ने घर का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वह फंदे से झूल रही थी, इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने उक्त घटनास्थल पर पहुँचकर शव का पंचनामा के बाद शव को हुसैनाबाद थाना ले आयी, सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में उसके शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया ।जानकारी के अनुसार कामत गांव निवासी बृजमोहन उरांव रविवार की शाम घर मे कुछ मेहमान आने के चलते बाजार मुर्गा लाने गया था इसी क्रम में उसकी पत्नी संगीता देवी 22वर्ष कमरे में खुद को बंद कर फांसी लागकर आत्महत्या कर ली ।इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया मृतिका के परिजनों ने अब तक कोई लिखित शिकायत नही की है ।पुलिस अपने स्तर से छानबीन शुरू कर दी है।

मेगा स्वास्थ्य शिविर में चिन्हित 40 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण हुआ

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। मेगा स्वास्थ्य शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद के 40 मरीजों की आंख का ऑपरेशन कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल की टीम की डा निधि कश्यप व नेत्र रोग विशेषज्ञ डा प्रशुन्न कुमार ने सैकड़ों नेत्र मरीजों की जांच की। चिन्हित 40 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन आधुनिक तकनीक से किया गया। डॉ निधि ने अपनी पूरी टीम के साथ अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप व अत्याधुनिक फेको मशीन की सहायता से मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया। एफआर सीएस व आईसीओ की अंतरराष्ट्रीय डिग्री प्राप्त डॉ निधि नेत्र प्रत्यारोपण की भी विशेषज्ञ है। कश्यप मेमोरियल आई बैंक की सहायता से झारखंड में नेत्र प्रत्यारोपण की अत्याधुनिक तकनीक से पुतली जनित अंधेपन से ग्रसित मरीजों को नई आंख लगाकर ज्योति दी है। शिविर में उन्होंने इसके अलावा नेत्र की सुरक्षा व सफाई की जानकारी भी दी। सोमवार की सुबह मरीजों की पट्टी खोल कर उन्हे चश्मा दिया गया। उन्हे धूल, धूप और धुआं से परहेज रखने की हिदायत दी गई। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आंखों की रोशनी देने से बड़ा पुण्य का कोई काम नहीं ।उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा में उन्हे संतुष्टि मिलती है। युवा नेता सूर्या सिंह ने चिकित्सकों का आभार जताया ।उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में भी इस तरह की व्यवस्था कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दिया जायेगा। इस अवसर पर आईएमए झारखंड प्रदेश महासचिव डा प्रदीप कुमार सिंह,विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, के अलावा कई लोग मौजूद थे।

समाहरणालय में शोक सभा का हुआ आयोजन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। समाहरणालय परिसर में पलामू डीसी अंजनेयुलु दोड्डे समेत अन्य पदाधिकारियों एवं समाहरणालय के कर्मियों के द्वारा सदर प्रखंड में कार्यरत अनुसेवक सकेन्द्र ठाकुर के मृत आत्मा की शांति हेतु शोक सभा का आयोजन किया गया। विदित हो कि 19 फरवरी 2023 को सदर प्रखंड में कार्यरत सकेन्द्र ठाकुर का देहांत हो गया था। उनके निधन के उपरांत सोमवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया। तत्पश्चात कार्यालय कार्य स्थगित कर दिया गया। इस दौरान उपायुक्त,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नजारत उप समाहर्ता शैलेष कुमार सिंह,सहित अन्य पदाधिकारी एवम समाहरणालय कर्मी मौजूद थे।

झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन का मना पहला स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय शिवाय ब्लू होटल में झारखण्ड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के पहले वर्षगांठ पर पलामू में संचालित स्कूल संचालकों की एक बैठक हुआ। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने की। इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने केक काट कर संगठन के एक वर्ष पूरा होने की खुशिया मनायी। साथ ही एसोसिएशन के फाउंडर्स सदस्य रह चुके आफताब आलम एवं गिरीश कुमार का जन्मदिन भी मनाया गया। अविनाश देव ने संगठन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में सरकार के शिक्षा पर बदलती नीतियों का सामना करने के लिए सभी प्राईवेट स्कूल को एक संगठन के साथ काम करने और जुड़ने की सख्त आवस्यकता है। संगठन में बहुत ताकत है इसे हम सभी को समझना होगा। दुनिया का इतनी तेज गति से विकास हो रहा है इसमें निजी विद्यालयों का सबसे अधिक योगदान है। इस बात को हम संगठन के माध्यम से सरकार तक पहुँचाने की कोसीस कर सकते है। सरकार भी सभी निजी विद्यालयों के हित में अपनी बजट बनाए। इस मौके पर अविनाश देव ने संगठन के विस्तार पर जोर दिये जिसका समर्थन सभी ने किया और सर्वसम्मती से कुछ लोगो को जिम्ममेवारी दिया गया। जिसमें रामाकान्त मेहता को सरंक्षक, नन्दकिशोर भारती एवं मोहम्मद आफताब आलम को उपाध्यक्ष, राजीव गोयल को सह सचिव, पंडित प्रदीप नारायण को ज़िला संयोजक सह ज़िला मीडिया प्रभारी, धर्मेन्द्र प्राजापति को कार्यालय सह सदस्यता प्रभारी, शैलेंद्र कुमार सिंह को अनुमंडल अध्य्क्ष छत्तरपुर एवं राज नन्दन यादव अनुमंडल सचिव छत्तरपुर बनाए गए। सभी ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी सँभाली एवं संगठन को मजबूत करने का प्रण लिये। संगठन की अगली बैठक सह होली मिलन समारोह ओरिएंट पब्लिक स्कूल में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी स्कूल संचालकों की भारी उपस्थिति के साथ संगठन का और विस्तार एवं अगले कार्यक्रम पर चर्चा किया जाना है।

सरोज प्रसाद कुशवाहा बने हरिहरगंज के विधायक प्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं में खुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू । हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने राकांपा के वरिष्ठ नेता मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा को हरिहरगंज प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस आशय का पत्र जारी कर विधायक श्री सिंह ने उन्हें पार्टी के नीति सिद्धांतों के अनुरूप संगठन की मजबूती के लिए उन्हें महत्वपूर्ण जवाबदेही सौंपी है। साथ ही विधायक ने कहा है कि श्री कुशवाहा प्रखंड स्तर पर क्षेत्र के लोगों की जनसमस्याओं का ईमानदारी से निष्पादन में अपना योगदान देंगे। वहीं विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर श्री कुशवाहा ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा ही संगठन की मजबूती के लिए हर संभव कोशिश करते रहेंगे। साथ ही लोगों की जनसमस्याओं के निष्पादन में पूरा समय देंगें। इनके विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, युवा नेता प्रदेश प्रवक्ता सुर्जा सिंह, पप्पू सिंह, अजय कुमार सिंह, सुरेश कुमार सिंह, कामदेव शर्मा, मो असलम, मो आबिद, विजय कुमार सिंह, जमील अंसारी, उदय कुमार सिंह, रविंद्र मेहता, राजू मेहता, रवि मेहता, महावीर मेहता, गुलाम गौस, सोना मेहता सहित काफी संख्या में एनसीपी कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी माता शबरी की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

पांडू/पलामू। पांडू प्रखंड अंतर्गत कजरूकला के भवरवा टोला में दिन सोमवार को यमुना भुइयां के अध्यक्षता में माता शबरी जयंती सह भुईयाँ परिवार मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पलामू के पूर्व सांसद मनोज भुईयाँ एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वरसागर चंद्रवंशी उपस्थित रहे। समारोह में आए सम्मानित अतिथि संयुक्त रूप से सबसे पहले माता शबरी,भगवान श्रीराम-लक्ष्मण के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर, पूजा अर्चना किये। मुख्य अतिथि मनोज भुइयां ने माता शबरी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए,उनकी विशेषताओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा संघर्ष कर अपने समाज को ऊपर उठाने का कार्य करें शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दें। कजरु कला के पूर्व मुखिया जवाहर पाशावान ने जल संकट को दूर करने एवं माता शबरी के प्रतिमा व मंदिर निर्माण के लिए प्रस्ताव रखा। विशिष्ट अतिथि डॉ. ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने कहा जयंती मानने के साथ-साथ हम सभी को सिख लेने की जरूरत है ।उन्होंने कहा नशा मुक्त समाज,शिक्षा युक्त समाज,संस्कार युक्त समाज बनाने की अति आवश्यक है। जो व्यक्ति गरीबी के कारण अपने बच्चे को उचित शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं वैसे व्यक्ति हमारे विद्यालय में अपने बच्चे का नामांकन कराएं निःशुल्क उचित शिक्षा दिलाने का कार्य किया जाएगा,और बहुत जल्द जल संकट से दूर करने के साथ माता शबरी के प्रतिमा स्थापित की जायेगी। बघमानव पंचायत पूर्व मुखिया रविन्द्र उपाध्याय ने कहा भुइयां जाति के लोग भूमि पुत्र हैं ये अपने कर्मो पर विश्वास करते हैं। दिशा निर्देश देते हुए श्री उपाध्याय नशा मुक्ति अभियान चलाकर समाज को नशा मुक्त बनाने के साथ बच्चे को पूर्ण रूप से शिक्षा दिलाने का कार्य करने की बात कहे। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्रीय विधायक के द्वारा जहां-जहां भुइयां समाज के लोग हैं वहां पर हर हाल में माता शबरी की प्रतिमा एवं मंदिर का निर्माण कराया जायेगा। मंच संचालन सतीश पासवान के द्वार किया गया। एवं सहायक शिक्षक संघ पांडू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार विश्वकर्मा के द्वारा जयंती सह मिलन समारोह कार्यक्रम की समाप्ति धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन पूर्व सांसद मनोज भुइयां के कर कमलों से किए गए सम्मानित। मौके पर उपरोक्त के अलावा दामोदर यादव, प्रिंस दुबे, सोना देवी, विनोद प्रजापति, प्रिंस दुबे, शेर अहमद, हसनैन राजा,बिफन मेहता, यमुना भुइयां, छत्तरपुर-पाटन विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, राजीव रंजन, शंकर यादव, जगनारायण शर्मा सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे।

रामनवमी पूजा भव्य तरीके से मनाने के लिए पूजा कमेटी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू । रामनवमी पूजा धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए हरिहरगंज शहर के पूजा कमेटी के सदस्यों ने रविवार की देर शाम थाना स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में वैश्यजागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता के अध्यक्षता में बैठक की गई। इसकी जानकारी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने देते हुए कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा भव्य तरीके से मनाने के लिए नये कमेटी का भी गठन किया गया है। नव गठित कमेटी में सन्नी गुप्ता अध्यक्ष, चंदन जायसवाल सचिव, साकेत कुमार कोषाध्यक्ष, रौनित कुमार पूजा मंत्री, रामजी सिंह अखाड़ा मंत्री,करण राजवीर व अमित कुमार उपाध्यक्ष, पवन कुमार, गौरव सौंडिक, संजीव कुमार उपसचिव तथा रिशू कुमार को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। प्रभारी में भोला गुप्ता, बिमलेश पाठक, रंजन गुप्ता, दिलीप पीएनबी, ओमप्रकाश अकेला, अरुण स्वर्णकार, निरंजन गुप्ता, सुनील सौंडिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम, बिणु जायसवाल, ज्ञान प्रकाश, पीयूष जायसवाल, दिलीप कुमार, रिंकू सौंडिक, अनुराग जायसवाल,सतीश गुप्ता, पुरुषोत्तम जायसवाल, गोलु सिंह, प्रियांशू जायसवाल, सत्येंद्र कुमार, सोनू सिंह, सुंदरम कुमार, विकाश कुमार, गौरव सौंडिक, मिठू गुप्ता, अंकित सौंडिक, अविनाश स्वर्णकार और माखन शामिल हैं।

स्पोर्ट्स



निगरानी समिति ने दूसरी रैंकिंग सीरीज में भाग लेने के लिए 27 पहलवानों के दल को दी मंजूरी

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी: ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा झटका, जोश हेजलवुड सीरीज से बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट के कारण चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम चार मैचों की टेस्ट सीरीज बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-0 से पीछे चल रही है। हेजलवुड पहले दो मैचों में भी टीम का हिस्सा नहीं थे। क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार, मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने खुलासा किया कि हेजलवुड की एड़ी में चोट है, जिसके कारण वह अपने रिहैबिलिटेशन को जारी रखने के लिए घर वापस जा रहे हैं। हालांकि, स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को इंदौर में तीसरे टेस्ट के लिए फिट घोषित किया गया है और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी प्लेइंग इलेवन में शामिल होने की कतार में हैं। हेजलवुड हाल के सप्ताहों में प्रशिक्षण में पूरी तरह से फिट होने के लिए काम कर रहे थे, लेकिन अब यह पता चला है कि वह अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। वह सिडनी में अपने घर पर रिकवरी और रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। हालांकि, स्टार्क और ग्रीन की चोटों से उबरने से ऑस्ट्रेलिया ने राहत की सांस ली है। मैकडॉनल्ड ने ग्रीन और स्टार्क को 100 प्रतिशत फिट घोषित करते हुए कहा कि दोनों अगला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। स्पिनर टॉड मर्फी, जिन्होंने नागपुर में शुरूआती टेस्ट में पदार्पण किया और सात विकेट लिए, वे भी साइड स्ट्रेन से जूझ रहे हैं, लेकिन कोच ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह 1 मार्च से शुरू होने वाले इंदौर टेस्ट के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे। बता दें कि चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम 2-0 से पीछे चल रही है। ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट मैच में एक पारी और 132 रन व दूसरे मैच में 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौटे पैट कमिंस, इंदौर टेस्ट से पहले करेंगे वापसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौट गए हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, कमिंस कुछ दिनों के लिए सिडनी लौटेंगे लेकिन तीसरे टेस्ट की तैयारी के लिए भारत लौट आएंगे। हालांकि कमिंस के तीसरे टेस्ट के लिए समय पर लौटने की उम्मीद है, लेकिन अगर उन्हें देर होती है तो उप-कप्तान स्टीव स्मिथ टीम का नेतृत्व करेंगे। चोट के कारण दिल्ली टेस्ट से बाहर होने के बाद अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की फिटनेस पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। पहली पारी में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंद लगने के बाद उनकी बायीं कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर भी हो गया था। कमिंस तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करेंगे जो टेस्ट के बाद होगी। हालांकि, कार्यभार की चिंताओं के कारण उन्हें तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान आराम दिए जाने की संभावना है। वहीं, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी चोट के कारण चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। गौरतलब है कि चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम 2-0 से पीछे चल रही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा
शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची
E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

पत्रांक...../राँची। दिनांक...../

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि New WTP के UGR-1 line का Motor Pump जल जाने के कारण कुछ दिनों से पुन्दाग, हरमू, डिबडीह, जगरनाथपुर, पिस्का आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित है एवं Motor Pump मरम्मति होने तक बाधित रहेगी। Motor Pump मरम्मति हो जोने के उपरान्त ही जलापूर्ति रूचारू रूप किया जायेगा। इससे होने वाली जलापूर्ति में असुविधा के लिए खेद है।

(राधेश्याम रवि)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची

PR290758 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

बस्ताकोला कोलडंप में ट्रक लोडिंग शुरू करने के लिए प्रबंधन की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार/बस्ताकोला। कोलडंप मे डीओ ट्रक लोडिंग शुरू करने के लिए प्रबंधन ने तैयारी कर ली है। पांच हजार टन कोयले का बिडिंग के बाद अलाटमेंट भी प्रबंधन ने शुरू कर दिया है। वहीं भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने प्रबंधन से जमसं को बड़ी युनियन बताते हुए उनके मजदूरों को पचास प्रतिशत हिस्सेदारी देने की मांग की है। नहीं मिलने पर डीओ ट्रक लोडिंग चालू नहीं होने देने का एलान की है।इस मांग पर स्थानीय असंगठित मजदूरों को रोजगार देने की मांग पर जमसं ने सोमवार को बस्ताकोला कोल डंप पर जोरदार प्रदर्शन किया। नेतृत्व कर रहे पप्पू पासवान ने कहा कि यहां ट्रक लोडिंग के लिए प्रबंधन ने तैयारी की है। पर जमसं को दर किनार कर यह फैसला लिया गया है। लेकिन जबतक जमसं से जुड़े स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं

मिला तो ट्रक लोडिंग शुरू नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन के बाद जमसं ने बस्ताकोला कोलियरी पीओ एके शर्मा को एक मांग पत्र सौंपा है। जिसमे मैनुअल ट्रक लोडिंग मे जमसं के पचास प्रतिशत स्थानीय को रोजगार मिले, आउटसोर्सिंग मे कार्यरत मजदूरों को एचपीसी के तहत वेतन देने, यहां से चल रहे ट्रांसपोर्टिंग मे जमसं युनियन के मजदूर को रोजगार देने व ओबी डंप और ट्रांसपोर्टिंग मार्ग मे पानी छिड़काव करने की मांग शामिल है। प्रदर्शन के पूर्व असंगठित मजदूरों ने चांदमारी बालू बंकर से एक विशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस कोल डंप पर जाकर सभा मे बदल गयी । प्रदर्शन मे पप्पू पासवान, बुधन मंडल, संजय यादव जितू पासवान, नारायण पासवान,सेलो पासवान, उपेंद्र सिंह,विशाल सिंह,मो. सुल्तान सहित अन्य थे।

मजदूरों की कमाई को हड़पना चाहते है कुछ दलाल

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि बस्ताकोला कोलडंप मे ट्रक लोडिंग शुरू होने के शोर से ही दलाल सक्रिय हो गए है। कुछ दलाल किस्म के लोग अन्य युनियन का चोला पहनकर मजदूरों की कमायी हड़पना चाहते है। अपनी जेब भरने मे लगे हुए है। ऐसा जमसं कभी नहीं होने देगा। हमारी युनियन की मजबूत संगठन है। बावजूद इसके दरकिनार किया गया। कहा कि अगर उनके मजदूरों को पचास प्रतिशत रोजगार नहीं मिला तो किसी किमत पर काम चालू नहीं होने देगें।

डीओ ट्रक लोडिंग कार्य मे फिर लग सकता है ग्रहण

बस्ताकोला आउटसोर्सिंग शुरू होते ही प्रबंधन ने डीओ लोडिंग कार्य शुरू कराना चाहा। कई बार कोयला का एलाटमेंट भी हुयी । पर युनियन के बीच विवाद के कारण यहां ट्रक लोडिंग कार्य शुरू नहीं हो सका। इस बार भी युनियन के बीच अपने मजदूरों को ज्यादा हिस्सेदारी के कारण एक बार फिर ग्रहण लग सकता है।

सभी युनियन के बीच बनी थी सहमति

दो साल पूर्व बस्ताकोला कोलियरी कार्यालय मे यहां ट्रक लोडिंग शुरू करने को लेकर सभी युनियन की एक बैठक हुई थी। जिसमे जमसं के दोनों गुट, मांझी बस्ती चांदमारी के पुराने गुट, मासस, युवा बेरोजगार मंच धनसार, असंगठित मजदूर मंच विक्ट्री एवं आर्टिकल 19 के बीच काम शुरू करने के लिए समझौता हुआ था।

बेलगाम चोरों ने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे को बनाया निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

बेलगाम। बेलगाम चोरों के हौसले दिन- ब- दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। आवासों और दुकानों के बाद अब यह लोग स्कूल को भी अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला बलियापुर थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रांगामाटी, सिंदरी का है। चोरों ने इस विद्यालय के कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे समेत स्मार्ट बोर्ड के सामानों को चुरा लिया है। पहली मंजिलें से चोरों के घुसने का अनुमान लगाया जा रहा है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सोनी कुमारी ने बताया कि हम लोग बीते 17 फरवरी को स्कूल बंद करके गए थे। सोमवार 20 फरवरी को स्कूल पहुंचने पर देखा कि सीसीटीवी कैमरे और स्मार्ट बोर्ड में लगे कुछ सामानों की चोरी हो गयी है, जिसकी कीमत 60 से 70 हजार रुपए होगी। इसकी लिखित शिकायत पुलिस को की जाएगी।

कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची
(अभियंत्रण शाखा)

ई–निविदा अंतर्गत अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/11/2022-23 पीआर0नं0–288032

S.No	G..No	प्रखण्ड का नाम	योजना का नाम	स्वीकृत राशि (रुपये में)	प्राक्कलित राशि (रुपये में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	6	अनगड़ा	HWC Narayansoso स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण।	5550000.00	5550000.00	111000.00	10,000.00	06 माह
2	24	सिल्ली	Bansaruli स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण।	5550000.00	5550000.00	111000.00	10,000.00	06 माह

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1.अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–23.02.2023
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–24.02.2023 से 02.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं निविदा दस्तावेज हार्ड कॉपी में जमा करने की तिथि–03.03.2023 को अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि–04.03.2023 को 3.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, रॉंची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0–9801557645
8. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) किसी स्थानीय राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से लिया जायेगा जो जिला अभियन्ता, जिला परिषद, रॉंची के पदनाम से प्लेज्ड होगा एवं रॉंची में भुगतेय होगा।
9. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
10. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
11. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची, भवन निर्माण विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,रॉंची

PR 290697 Panchayati Raj(22-23).D

जुनकुंदर मंगल मूर्ति धाम में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। धर्म उत्थान समिति की ओर से जुनकुंदर मंगल मूर्ति धाम में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव हवन, भंडारा और रविवार की रात को भगवती जागरण के साथ संपन्न हो गया। जागरण में राधे कृष्ण लीला, काली माता की झांकी एवं नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। बोकारो व झरिया से आए कलाकार सावन कुमार, छोटा लखन, विष्णु विद्यार्थी, अंजली और रानी एक से बढ़कर भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को देर रात तक झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान चिरकुंडा थानेदार सुनील कुमार सिंह, एसआई राजू सिंह को मंदिर कमेटी की ओर से सम्मानित किया

गया। मौके पर पंडित संतोष पांडेय, अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, उपाध्यक्ष भरत सिंह, विनय सिंह, रिंटू पाठक, राजू चौहान, इंद्रदेव प्रसाद, बीरेंद्र अटल, राजू रक्षित, राजेश्वर साव, गुड्डू सिंह, संतोष प्रसाद, स्वरुप सरकार, निरंजन यादव, संजय चौहान, नागेश्वर रजक, पंकज कुमार, दनोज ठाकुर, शंभू चौहान, राकेश शर्मा, संजय चौधरी, नंदजी पासवान, अरुण ठाकुर आदि थे।

बिजली चोरी के झूठा मुकदमा से आक्रोशित ग्रामीणों ने विधुत सबस्टेशन का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बाघमारा गनेशपुर विधुत सबस्टेशन में जिला परिषद क्षेत्र संख्या 17 के 8 पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने सब स्टेशन कार्यालय का किया घेराव, बिजली चोरी के झूठा मुकदमा किये जाने का लगाया आरोप। मुकदमा वापस लिए जाने की की माँग, दिया उग्र आंदोलन की चेतावनी। गनेशपुर विद्युत सबस्टेशन में ग्रामीणों का आक्रोश देख ने को मिला। बताते चले कि सौभाग्य योजना के तहत 2018 में ग्रामीणों को बिजली का कनेक्शन दिया गया था उस वक्त से अब तक उन्हें किसी भी प्रकार का कोई बिजली बिल नहीं दिया गया। ग्रामीणों को अचानक पता चला कि उन पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है जो बकाया बिजली बिल को लेकर है इसी बात से नाराज 8 पंचायत के महिला पुरुष सहित दर्जनों ग्रामीण गणेशपुर विद्युत सब स्टेशन के कार्यालय पहुँचे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा संचालित योजना सौभाग्य योजना के तहत 2018 में उन्हें बिजली का कनेक्शन दिया गया था तब से आज तक उन्हें किसी भी तरह का कोई बिल नहीं दिया गया इस दौरान ग्रामीणों ने कई बार विभाग को लिखित एवं मौखिक सूचना दी थी बावजूद इसके उनको बिजली का बिल नहीं मिला जिस कारण वह लोग बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाया वर्तमान में अचानक पुलिस उनके घर पहुंची और उन्हें बताया की उन पर बिजली चोरी का आरोप है जल्द बिल जमा कर अदालत से जमानत करवा लें अन्यथा जेल भी जाना पड़ सकता है इस बात से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को विधुत सबस्टेशन का घेराव कर मुकदमा वापस लेने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया वे दैनिक मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करते हैं ऐसी परिस्थिति में विभाग द्वारा अचानक इस तरह की कार्रवाई करना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है, साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर विभाग के द्वारा मुकदमा वापस नहीं लिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या 42/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.02.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3.निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.02.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4.निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 28.02.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– SCA एवं टाना भगत विकास प्राधिकार मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	गुमला	Construction of 2 Unit Toilet at Old Thana, Gumla Under **Block - Gumla** District- Gumla. **(SCA)**	10,35,200.00	20,800.00	2500.00	03 माह
2	बसिया	Construction and Repairing work of Police Station (Thana) Basia, **Block-Basia**, Gumla District- Gumla. **(SCA)**	16,90,000.00	33,800.00	5000.00	03 माह
3	बसिया	बसिया प्रखण्ड परिसर में सामुदायिक टाना भगता बैठक भवन निर्माण।	11,01,400.00	22,100.00	2500.00	06 माह

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.290679 Rural Development(22-23):D

बाघमारा में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

आजाद सिपाही संवसददाता

कतरास। लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल ने सोमवार को बाघमारा कॉलेज बाघमारा में छात्र-छात्राओं के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया । शिविर में रक्त वर्गीकरण ,रक्त शर्करा, हिमोग्लोबिन ,ब्लड प्रेशर, पल्स इत्यादि की जांच की गई। साथ ही विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से स सचिव गोपाल सिंह ने कहा कि जब भी महाविद्यालय परिवार को किसी भी सहयोग की आवश्यकता होगी सेंटेनियल परिवार हर सम्भव सहयोग के लिए सदैव खड़ा रहेगा।

मौके पर लक्ष्मण रवानी, सुनील कुमार सिंह , डॉ विक्की रवानी ,डॉ एके मिश्रा , डॉ मनोज कुमार सिंह राजीव रंजन के अलावे कॉलेज परिवार से प्रोफेसर अशोक कुमार विश्वकर्मा, डॉ पीएन पांडेय , राजीव पाण्डेय ,एके श्रीवास्तव ,राम सुचित प्रसाद सिंह, नीरज सिंह ,शशि भूषण प्रसाद, प्रोफेसर इंचार्ज बिपिन बिहारी सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

भाजपा किसान मोर्चा 24 फरवरी को नमो किसान दिवस के रूप में बनायेगा : पवन साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

जैनामोड़(बेरमो)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू 24 फरवरी को नमो किसान दिवस बृहत रूप से पूरे प्रदेश में मनाने का निर्णय लिया है। प्रदीप साहू ने बताया है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसानों की आय दुगनी एवं किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाने के लिए किसानों के हित में एक योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि लाया गया। किसानों को डायरेक्ट उसके खाते में प्रतिवर्ष तीन किस्तों में 2 हजार रुपया के हिसाब से कुल 6 हजार रुपया जाता है। जिससे किसानों को फसल लगाने अपने उत्पाद को बढ़ाने में मदद मिल रहा है। पाकुड़ से फनी लाल कुशवाहा, गोड्डा से प्रभात सिंह, दुमका से ब्रजकिशोर झा, देवघर से रंजीत राय, जामत'ड़ा से मदन तिवारी, धनबाद ग्रामीण से अर्जुन सिंह, धनबाद महानगर से आरएन ओझा, गिरिडीह से मनमीत अकेला, कोडरमा से अनूप भाई वर्मा, हजारीबाग से सुरेंद्र मोदी, रामगढ़ से डॉ विनोद ठाकुर, बोकारो से महेंद्र महतो, रांची महानगर से रितु लाल महतो, रांची ग्रामीण से राजेश सिंह, खूंटी से संतोष साहू, सिमडेगा से मंगल सिंह, गुमला से विजय साहू, लोहरदगा से सुरेंद्र नाथ, पलामू से भूपेंद्र मिश्रा, लातेहार से सफदर अली, गढ़वा से पुष्प रंजन, चतरा से ललित ओझा, पूर्वी सिंहभूम से राजकुमार सिंह, जमशेदपुर महानगर से अजय मुंडा, सरायकेला खरसावां से विजय तिवारी, पश्चिमी सिंहभूम से काशीनाथ महतो है। नमो किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम के निमित्त प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू जमशेदपुर में एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगरनाथ ठाकुर, धनबाद के टुंडी विधानसभा में किसानों को संबोधित करेंगे।

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला भू-अर्जन शाखा)

–:आम सूचना:–

NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना अन्तर्गत रैयतों को सूचित किया जाता है कि निम्न ग्रामों में कैंप कर मुआवजा राशि की भुगतान से संबंधित विभिन्न राजस्व कागजात प्राप्त किया जाना है। संबंधित ग्राम के रैयतों से अनुरोध है कि निम्न तिथियों को आयोजित स्थान पर उपस्थित होकर अपना वांछित राजस्व कागजात जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही भूमि स्वामित्व प्रमाण एवं वंशावली प्रमाण पत्र ग्राम में कैंप लगाकर संकलन करना है। शिविर की निर्धारित तिथि निम्नवत है :–

क्र0 सं0	मौजा	अंचल	स्थान	दिनांक	समय
1	2	4	5	6	7
1	खजुरी	गढ़वा	विवाह मंडप ब्रह्म स्थान खजुरी	19.02.2023	11:00 AM TO 01:00 PM
2	पोटमा				
3	अकलवानी	मेराल	पंचायत भवन मेराल पूर्वी	19.02.2023	02:00 PM TO 04:00 PM
4	मेराल				
5	गोंदा		पंचायत भवन गोंदा	20.02.2023	11:00 AM TO 01:00 PM
6	लातदाग				
7	बगौंधा उर्फ रमना	रमना	पंचायत भवन बगौंधा उर्फ रमना	20.02.2023	02:00 PM TO 04:00 PM
8	टण्डवा				
9	करचा				
10	परसवान		नव निर्मित तहसील भवन परसवान	21.02.2023	11:00 AM TO 01:00 PM
11	बहियार खुर्द				
12	सिरियाटोंगर				
13	कबिसा		पंचायत भवन मड़वनिया	21.02.2023	02:00 PM TO 04:00 PM
14	कोरगा				
15	मड़वनिया				
16	मानदोहर				
17	उसका	नगर उंटारी	पंचायत भवन पाल्हे	22.02.2023	11:00 AM TO 01:00 PM
18	पाल्हे कला				
19	जतपुरा				
20	मर्चवार		पंचायत भवन नरही	22.02.2023	02:00 PM TO 04:00 PM
21	कोदवरिया				
22	नगर उंटारी				
23	नरही		पंचायत भवन नरही	23.02.2023	11:00 AM TO 01:00 PM
24	सिंहपुर				
25	हलिवंता कला		पंचायत भवन हलिवंता कला	23.02.2023	02:00 PM TO 04:00 PM
26	हलिवंता खुर्द				
27	जोरमा				
28	चितविश्राव		पंचायत भवन चितविश्राव	24.02.2023	11:00 AM TO 01:00 PM
29	बराहपट्टी				
30	नरखोरिया कला		पंचायत भवन हलिवंता कला	24.02.2023	02:00 PM TO 04:00 PM
31	बभनी				
32	महदेईया				
33	सरहसताल कला				
34	कोल्हुआ		पंचायत भवन अधौरा	25.02.2023	11:00 AM TO 01:00 PM
35	अधौरा				
36	गंगटी		पंचायत भवन बिलासपुर	25.02.2023	02:00 PM TO 04:00 PM
37	बिलासपुर				

अतः NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना संबंधित रैयतों से अनुरोध है कि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली आदि में किसी भी प्रकार की आपत्ति के निराकरण हेतु उक्त स्थल पर ससमय निम्न आवश्यक कागजात के साथ पहुँचें।

आवश्यक कागजात :– खतियान, केवाला, अद्यतन रसीद, पासबुक की छाया प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शपथ पत्र/क्षतिपूर्ति बॉण्ड (कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत), सह–हिस्सेदारों का सहमति पत्र, दो कलर फोटो एवं तीन रेवेन्यु टिकट के साथ–साथ यदि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र/वंशावली (अंचल से निर्गत) हो तो।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 290715 District(22-23).D

दो घंटे के अंतराल में तीन सड़क दुर्घटनाओं में आठ घायल और एक बाइक सवार की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। सोमवार की दोपहर दो बजे हरिणा चंद्रपुरा हिरक रोड भीमकनाली बी टाइम कॉलोनी के समीप बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर मे बाइक सवार सुरेश चौहान (40) वर्षीय की मौत हो गई वही भोला चौहान (37) वर्षीय गम्भीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर बाइक की टक्कर होते ही कुछ दूरी पर उपस्थित गोपाल सिंह व उनके साथियों ने आनफान मे अपने वाहन पर दोनो घायलो को बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल डूमरा लाये जहा चिकित्सक ने सुरेश चौहान की जांच पड़ताल कर मृत घोषित कर दिया वही भोला चौहान के बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। गम्भीर रूप से घायल भोला चौहान के परिजनो ने उसे अशर्फी अस्पताल धनबाद मे भर्ती कराया

है। मृतक सुरेश चौहान (40)वर्षीय का दो पुत्री व एक पुत्र है। भोला चौहान व सुरेश चौहान बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के बेनीडीह कोलडंप मे मुंशी का काम करते थे। दोनो एक ही बाइक पर सवार होकर भीमकनाली से बसंती चौक की तरह जा रहे थे और ट्रैक्टर उधर से आ रही थी और ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर हो गयी । बाघमारा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर दोनो वाहन को जब्त कर थाना ले गयी तथा मृतक सुरेश चौहान की शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

दूसरी घटनाक्रम दोपहर लगभग दो बजकर बिस मिनट पर कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच रोड पर स्थित आकाशकिनारी कांटा घर के समीप रोड पर खड़ी ट्रक मे सवरी से भरी टोटो चालक ने खड़ी ट्रक मे टक्कर मार दिया जिससे टोटो मे सवार निचितपुर स्थित पाठशाला विधालय के पांच बच्चे घायल हो गये। घायल बच्चों को स्थानीय लोगो की सहयोग से कतरास पुलिस ने घायल बच्चो को निचितपुर क्लिनिक में ले जाकर इलाज करवाया। खबर लिखे जाने तक कुछ बच्चो का इलाज अभी भी चल रहा हैं। घायल बच्चो मे कार्तिक भुइयां, दुर्गा चरण भुइयां, राखी कुमारी, कुणाल कुमार, तानिया कुमार शामिल है। घटनास्थल पर जुटे हुए लोगो ने कतरास पुलिस से मांग किया की पुलिस प्रशासन अपने स्तर से प्रयास कर कतरास कॉलेज, तिलाटांड अस्पताल, आकाशकिनारी कांटा घर व भटमुरना मोड पर ब्रेकर बनवाने का कार्य करेगी तो आम जनता के लिए अच्छा रहेगा और सड़क दुर्घटना मे कमी आने की संभावना भी रहेंगी।

तीसरी घटनाक्रम भीमकनाली मार्केट के समीप लगभग चार बजे दो बाइक की आमने सामने की टक्कर मे दोनों बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। घायल बीसीसीएल कर्मी लालू किस्कू भीमकनाली कॉलोनी अपने आवास से बेनीडीह मे ड्यूटी करने जार रहा था वही विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार समीप अंसारी अपने पत्नी परवीन खातुन के साथ अपने रिस्तेदार के यहा से लौट रहा था। भीमकनाली मार्केट के पास दोनो बाइक की टक्कर हो गयी जिसमें बीसीसीएल कर्मी लालू किस्कू गम्भीर रूप से घायल हो गया है। घायल लालू किस्कू को बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल डूमरा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए केन्द्रीय अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया गया है ।

उपेंद्र कुशवाहा का जेडीयू से इस्तीफा

18 साल में 3 बार नीतीश का साथ छोड़ा, कहा: सीएम पड़ोसी के घर वारिस ढूंढ रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का साथ छोड़ दिया है। कुशवाहा ने सोमवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस की और जेडीयू से इस्तीफे के साथ अपनी नयी पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल का ऐलान किया। वे इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी होंगे। 18 साल में ये तीसरी बार है, जब उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश का साथ छोड़ा है। इससे पहले उन्होंने 2005 और 2013 में नीतीश का साथ छोड़ा था। कुशवाहा ने नीतीश से अलग होने के बाद 2013 में नयी पार्टी बनायी थी। ये दूसरी बार है जब उन्होंने नयी पार्टी का ऐलान किया। मीडिया से बातचीत में कुशवाहा ने कहा- नीतीश के साथ शुरूआत अच्छी थी, लेकिन अंत बुरा। जमीर बेचकर हम अमीर नहीं बन

सकते। नीतीश जी जिस रास्ते पर चल रहे हैं, वो पार्टी के लिए सही नहीं है। वे पड़ोस के घर में अपना वारिस ढूंढ रहे हैं। कुशवाहा का इशारा अगले विधानसभा में सीएम पद के चेहरे को लेकर था। बता दें कि पिछले साल 13 दिसंबर को महागठबंधन के विधायकों की मीटिंग में नीतीश कुमार ने कहा था कि 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जायेगा। मेरा लक्ष्य 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना है। मैं सीएम या पीएम पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता।

नीतीश ने पार्टी को गिरवी रख दिया

कुशवाहा ने कहा- जेडीयू के कार्यकर्ता परेशान हैं। मुख्यमंत्री जी ने शुरूआत में अच्छा काम किया, लेकिन आखिर में उन्होंने जो किया वो अच्छा नहीं हुआ। मैंने जब पार्टी में सवाल उठाया तो मुझे उन्होंने कह दिया पार्टी छोड़कर चले जाइए। नीतीश जी के पास है क्या। उनके पास अब कुछ नहीं बचा है। उन्होंने पार्टी को गिरवी रख दिया। मैं उनसे क्या हिस्सा मांगू। उनके हाथ में जीरो है। नीतीश जी पहले कोई भी फैसला खुद लेते थे। कार्यकर्ताओं और नेताओं से बात करते थे। उनके खुद के फैसले सही होते थे। आज की तारीख में वो कोई फैसला खुद नहीं लेते हैं। मुख्यमंत्री जी अपनी मर्जी से कुछ भी नहीं कर रहे हैं। वो डरे हुए लोगों की सलाह पर चल रहे हैं। नीतीश जी गलत रास्ते पर चल रहे हैं।

नीतीश जी पड़ोसी के घर में उत्तराधिकारी ढूंढ रहे हैं। अगर वो अतिपिछड़ा समाज से किसी को चुनते तो हमें कोई परेशानी नहीं होती। उपेंद्र कुशवाहा नहीं पसंद थे तो कोई बात नहीं, लेकिन परिवार में ही ढूंढना था। बीजेपी का साथ छोड़कर नया गठबंधन बना लिया गया। उस वक्त भी हमने साथ दिया। उपेंद्र कुशवाहा 2 बार पहले भी नीतीश कुमार का साथ छोड़ चुके हैं। साल 2005 में जब बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी और जेडीयू की अगुआई वाली एनडीए बिहार की सत्ता में आई तब कुशवाहा अपनी ही सीट से चुनाव हार गए। इसके बाद कुशवाहा और नीतीश के बीच दूरियां बढ़ गईं।

पीएम मोदी ने की 'ऑपरेशन दोस्त' की तारीफ

भूकंप प्रभावित तुर्की से लौटे बचाव दल के जांबाजों से की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एनडीआरएफ और अन्य संगठनों के लोगों से बात की। इन लोगों ने तुर्किये और सीरिया में आये भीषण भूकंप के बाद बचाव अभियान में हिस्सा लिया था। भारत की ओर से भेजे गए बचाव दल ने भूकंप प्रभावित देशों में कई जानें बचाईं। पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान ऑपरेशन दोस्त की तारीफ की। इस दौरान एनडीआरएफ के डीजी अतुल करवाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन दोस्त से जुड़ी पूरी टीम, एनडीआरएफ हो, सेना हो, वायुसेना हो या हमारी दूसरी सेवाओं के साथी हों, सभी ने बेहतरीन काम किया है। यहां तक कि हमारे बेजुबान दोस्तों डॉग स्क्वॉड के सदस्यों ने भी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ने हमें वसुधैव कुटुंबकम की सीख दी है। इसलिए तुर्किये हो या फिर सीरिया पूरी टीम ने इन्हीं भारतीय संस्कारों का प्रदर्शन किया है।

बजट सत्र कल, तैनात होंगे 30 प्लाटून पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राज्य का बजट सत्र मंगलवार को होगा। इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस ने विधानसभा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ा कड़ी कर दी है। पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था में 30 प्लाटून पुलिस रहेगी। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था अपनाई जायेगी। 2 प्लाटून एसओजी, रूफ टॉप सिक्योरिटी, क्विक रिएक्शन टीम, डॉग स्क्वायड के साथ बम डिस्पोजल टीम भी तैनात रहेगी। इसी तरह सुरक्षा बल

किसी भी अप्रितीकर और कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र में धारा 144 जारी रहेगी।

एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब शिक्षा में सहायता के लिए वंचित बच्चों का समर्थन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, अध्यक्ष, समिति महुआ मजूमदार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में और सदस्यों के साथ रांची के अमरावती क्षेत्र में वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए एक संगठन, रॉबिनहुड आर्मी के क्लस्टर का दौरा किया। वंचित बच्चों के लिए शिक्षा में पाठ्यपुस्तकों और स्कूल की आपूर्ति जैसे बुनियादी संसाधनों का अभाव है। इससे बच्चों को प्रभावी ढंग से सीखने में कठिनाई होती है। इसे ध्यान में रखते हुए, स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने सीखने की इच्छा रखने वाले 100 ऐसे बच्चों को स्टेशनरी आइटम, पाठ्यपुस्तकें वितरित करके वंचित बच्चों और शिक्षा के बीच सेतु बनाने का लक्ष्य रखा। स्वयंसिद्ध महिला क्लब के वरिष्ठ सदस्यों और समिति के सदस्यों ने भी बच्चों के साथ बातचीत करने और उन्हें पढ़ाने के लिए कुछ समय बिताने की इच्छा जतायी। इस मौके पर उपाध्यक्ष एस. संचिता कोनार, आदिलक्ष्मी, समिति सदस्य; स्निग्धरानी माझी, राम्या, मनसा वर्मा, रेशमा बेहरा, अपूर्वा द्विवेदी और क्लब के सदस्यः सपना पारीक और सुगंध भी उपस्थित थीं। ईस नेक पहल का समापन लाभार्थियों द्वारा सराहना के साथ हुआ। स्वयंसिद्ध महिला क्लब जरूरतमंदों और वंचितों के लाभ के लिए विभिन्न सीएसआर पहल करके वंचित लोगों तक पहुंचने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

पटना के जेठुली में तीसरी मौत के साथ तनाव और बढ़ा आगजनी के बाद पुलिस पर पथराव, जवाब में फायरिंग

पटना (आजाद सिपाही)। पुलिस सप्ताह का पहला दिन बिहार पुलिस के लिए मुसीबतों भरा रहा। रविवार के बाद दूसरे दिन सोमवार को भी राजधानी पटना के सिटी इलाके से सटे जेठुली में नेशनल हाइवे के आसपास हंगामा होता रहा। फायरिंग में रविवार को दो लोगों की मौत के बाद हत्याकांड के आरोपी का घर-कॉम्यनिटी हॉल आदि जलाने के बाद से हंगामा शांत कराने का पुलिसिया प्रयास पूरी तरह विफल रहा। रातभर किसी तरह तनाव के बीच शांति रही, लेकिन सोमवार को सुबह होते ही उपद्रव शुरू हो गया। दो युवकों गौतम और रोशन की मौत के विरोध में परिजनों और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये।

बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

बीजेपी ने वर्जन की सर्वदलीय बैठक, वर्चुअल मोड का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। विधानसभा में कल से बजट सत्र शुरू हो रहा है। सर्वदलीय बैठक स्पीकर विक्रम आरुख की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वित्त मंत्री निरंजन पुजारी, विधायक प्रणब प्रकाश दास, सरकारी दल के मुख्य सचेतक प्रशांत मुदुली, बीजेपी की ओर से विपक्ष के नेता जयनारायण मिश्र, विपक्ष के मुख्य सचेतक मोहन मांझी और कांग्रेस विधायक नेता नरसिंह मिश्र मौजूद थे। इसके साथ ही सीपीआइएम विधायक लक्ष्मण मुंडा भी इस बैठक में शामिल हुए हैं। सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलायी गई है, जिसमें इस बात पर चर्चा की जायेगी कि सदन का काम कैसे सुचारू रूप से चलेगा। हालांकि, मुख्य विपक्षी दल बीजेपी ने स्पीकर की अध्यक्षता में हुई बैठक को वर्जन किया। बीजेपी का कहना बैठक वर्चुअल मोड में क्यों आयोजित की जायेगी। सभी सदन में आयें और भाग लें। विरोधी प्रतिपक्ष नेता जय नारायण मिश्र बैठक के बीच से बाहर आ गये। उन्होंने कहा, हम वर्चुअल मोड के खिलाफ हैं। हमने मांग की है कि सभी सदन में आयें और भाग लें। पार्लियामेंट या किसी अन्य विधानसभा में कोई वर्चुअल प्रावधान नहीं है। दूसरी ओर, आम सहमति के आधार पर सदन के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने का निर्णय लिया गया स्पीकर ने कहा। कोई भी बीमार व्यक्ति वर्चुअल मोड में सदन के कामों में शामिल हो सकता है।

ओड़िशा के दो जिलाधिकारी की होगी दूसरी शादी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओड़िशा के दो जिलाधिकारी दूसरी बार शादी करेंगे। दोनों पहले से शादीशुदा थे। उन्हें छोड़ने के बाद अब ये दोनों एक नयी दुनिया की शुरूआत करेंगे। ये हैं संबलपुर की जिलाधिकारी अनन्या दास और बलांगीर की जिलाधिकारी चंचल राणा। दोनों के बीच रविवार रात को संबलपुर में दोनो परिवार के साथ सगाई संपन्न हुई। इसलिए चंचल राणा एक दिन पहले अपने पूरे परिवार के साथ बलांगीर से

संबलपुर में थे। कुछ मेहमानों को आमंत्रित किया गया था। चूंकि दोनों की दूसरी शादी की थी इस लिए कोई आडंबर में नहीं हुई थी। चंचल और अनन्या दोनों ओडिशा कैडर से हैं। अनन्या का घर असम से है जबकि चंचल का घर पश्चिम बंगाल से है। चंचल की सारी पढ़ाई ओड़िशा में हुई है। चंचल 2014 बैच की आइएएस हैं जबकि अनन्या 2015 बैच की हैं। हालांकि, दोनों की सगाई भी हो चुकी थी और हैरानी की बात ये है कि ये भी ओड़िशा कैडर से हैं और ये ओड़िशा के जिलाधिकारी भी हैं। चंचल राणा की शादी पहले स्बाध देव सिंह से हुई थी। स्बाध वर्तमान में रायगढ़ की जिलाधिकारी हैं। हालांकि, दोनों के बीच मतभेद के चलते यह शादी ज्यादा दिन नहीं चल पायी। इसी तरह अनन्या ने भी दूसरी आइएएस से शादी की थी। उसका नाम अब्दुल एम अख्तर है। अख्तर वर्तमान कोरापुट जिलाधीकारी हैं। दोनों की तालमेल ठीक नहीं रही, जिसके चलते दोनों का तलाक हो गया था।

सुदेश महतो के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया जनसंपर्क

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। सोमवार को आजसू पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के साथ पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मिल कर रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव हेतु जनसंपर्क किया।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**